

पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा पर दायर की जनहित याचिका

- 12



अश्लील और गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करें वर्ना भुगतने पड़ेंगे नतीजे

- 12



परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर ईरान पर हमला करेगा अमेरिका

- 13




विश्व ब्लिट्ज : अर्जुन एरिगैसी से हार के बाद कार्लसन ने आपा खो दिया

- 14

आज का मौसम

14.0° अधिकतम तापमान

09.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.06

सूर्यास्त 05.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 01:48 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 31 दिसंबर 2025, वर्ष 5, अंक 311, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

## पहाड़ों पर सैलानी



**शिमला :** नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला में कड़ाके की ठंड के बाद भी मंगलवार की शाम को रिज में अच्छी चहल-पहल देखी गई। ● एजेंसी

# भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, जापान हमसे पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी

- टैरिफ वार के बीच पकड़ी रॉकेट सी रफ्तार, 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर होंगे हम

भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। सरकार की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।



### आईएमएफ का अनुमान

आईएमएफ के साल 2026 के अनुमानों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 4.51 ट्रिलियन डॉलर की होगी। यह जापान के अनुमानित 4.46 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है। सरकार का यह आशावादी दृष्टिकोण ऐसे समय में आया है जब अगस्त में अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ के कारण अर्थव्यवस्था को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये टैरिफ भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जुड़े थे।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई। बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है।

विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवन एप से अनारक्षित टिकटों की खरीद पर छूट

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की खरीद और किसी भी डिजिटल माध्यम से भुगतान पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। फिलहाल, यह एप पर आर-वॉलेट भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर तीन प्रतिशत कैशबैक प्रदान करता है।

### 10 तक बढ़ी प्री एसआईआर गतिविधि

**देहरादून।** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उत्तराखंड में चल रहे बीएलओ आउटरीच अभियान को 10 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। अभियान के तहत वर्तमान मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। प्री एसआईआर अभियान में करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग भी कर दी गई है। (विस्तृत पेज-2)

### बार काउंसिल चुनाव अब 17 फरवरी को

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनावों को लेकर उच्चाधिकार प्राप्त चुनाव समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि अब काउंसिल के चुनाव 17 फरवरी 2026 को होंगे। समिति ने काउंसिल सचिव को निर्देशित किया है कि वे इस नई तिथि को परिशिष्ट के रूप में तुरंत अधिसूचित कर इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें। (विस्तृत पेज-2)

# अल्मोड़ा में खाई में गिरी केमू बस 3 महिलाओं समेत 7 की गई जान

## स्टेयरिंग फेल होने पर चालक ने खो दिया था बस से नियंत्रण, 12 लोग घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** साल 2025 बीतते-बीतते कुमाऊं में एक और भीषण सड़क हादसा गहरा दर्द दे गया। अल्मोड़ा में मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे भिकियासैंण-विनायक मोटर मार्ग पर सिरखोन बैंड के पास केमू बस यूके 07 पीए 4025 खाई में जा गिरी। स्टेयरिंग फेल होने पर चालक बस से नियंत्रण खो बैठा था। इस हादसे में तीन महिलाओं और चार पुरुषों सहित सात लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो युवक नेपाल के हैं। गंभीर घायल दो लोगों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, यह बस द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर जा रही थी। बस में चालक व परिचालक समेत 19 लोग सवार थे। स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस तथा स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से निकाला। डीएम अंशुल सिंह व एसएसपी देवेंद्र पींचा ने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस भीषण हादसे में ग्राम जमोली (भिकियासैंण) निवासी पार्वती देवी (75) पत्नी गोविन्द मठपाल, नन्दन सिंह (70) पुत्र गोपाल सिंह और गोविन्द बल्लभ मठपाल (80) पुत्र कुलोमणि के अलावा गांव पाली (द्वाराहाट) निवासी तारा देवी (50) पत्नी महेश चन्द्र, नेपाल निवासी गणेश (20) पुत्र भीमबहादुर और उमेश (18) पुत्र ऐतराउल व ग्राम घुघुती (द्वाराहाट) निवासी गोविन्दी देवी (55) पत्नी हरीश सिंह की मौत हो गई। वहीं, गंभीर घायल ग्राम टिमटा नौबाड़ा (द्वाराहाट) निवासी नन्दा बल्लभ (58) पुत्र सदानन्द और ग्राम संगोली (भिकियासैंण) निवासी हंसी सती (36) पत्नी रमेश चन्द्र को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। 4 घायलों को रामनगर रेफर किया गया है।

बस चालक ओखलकांडा (नैनीताल) निवासी नवीन चन्द्र (55) पुत्र दुर्गादत्त तिवाड़ी ने बताया कि स्टेयरिंग की रॉड का गुल्ला अचानक टूटने से वह बस से नियंत्रण खो बैठा था और बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी थी।






खाई में गिरी केमू बस और गंभीर घायल को एयरलिफ्ट करते राहतकर्मी।

### मृतक आश्रितों को 14 लाख की सहायता देगी सरकार

**अल्मोड़ा :** बस हादसे में जान गंवाने वाले सात लोगों के विधिक आश्रितों को 14 लाख रुपये की राहत धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह के निर्देश पर यह धनराशि उत्तराखंड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि, अल्मोड़ा से आरटीजीएस के माध्यम से तहसीलदार भिकियासैंण को उपलब्ध कराई गई, ताकि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार शीघ्र सहायता राशि वितरित की जा सके।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अल्मोड़ा बस हादसे में लोगों की मौत होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी बस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि हादसे में घायल सभी यात्रियों को त्वरित एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कहा कि वे स्वयं इस पूरे प्रकरण की लगातार निगरानी कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संपर्क में हैं। सीएम ने ईश्वर से सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# कानून से खिलवाड़ करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि, राज्य में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए। देवभूमि में आपराधिक कृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

मंगलवार को सचिवालय में, नव वर्ष 2026 के आगमन अवसर पर आवागमन को सुगम बनाने, पर्यटकों की सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने 5 जनवरी तक प्रदेश में यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि, राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि पर्यटकों और आगन्तुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस नियमित रात्रिकालीन गश्त करे। उच्चाधिकारी भी कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करें। राज्य के प्रमुख पर्यटक स्थलों, अधिक आवागमन तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। कहा कि, नव वर्ष के अवसर पर सभी जनपदों में यातायात प्रबंधन के साथ मूलभूत सुविधाओं तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था, वाहनों के अनियंत्रित संचालन तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने पर विशेष निगरानी के साथ ही शराब के ठेकों के आसपास भी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। (संबंधित पेज-2)

### सीएम के खास निर्देश

- नववर्ष के दृष्टिगत पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और सुगमता की पुख्ता व्यवस्थाएं हों
- चेकिंग के नाम पर आमजन और पर्यटकों को अनावश्यक परेशान न किया जाए
- यातायात प्रबंधन, रात्रिकालीन गश्त एवं अतिक्रमण हटाने पर रहे विशेष फोकस
- स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्ति एवं शीतकालीन यात्रा प्रबंधन के लिए ठोस व्यवस्था बने

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन

ढाका, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त किया शोक कहा- भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को याद रखा जाएगा
- तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं खालिदा जिया, आज किया जाएगा अंतिम संस्कार

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। जिया ने देश में उथल-पुथल भरे सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और दशकों तक देश की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखा था। जिया के बड़े बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारीक रहमान ने कहा, मेरी मां अब हमारे बीच नहीं रहीं। जिया बीएनपी की अध्यक्ष थीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पड़ोसी देश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिया के निजी चिकित्सक डॉ. एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि ढाका के 'एवरकेयर' अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। जिया तीन बार प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष भी रह चुकी थीं। जिया के जनाजे की नमाज बुधवार को संसद परिसर के सामने ढाका मानिक मियां एवेन्यू में होने की उम्मीद है। जिया गुर्दे और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह के साथ अन्य संक्रमणों से जूझ रहीं थीं। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अपने शोक संदेश में जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि देश ने न केवल एक महान राजनेता को खोया है।



### अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को बांग्लादेश जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जयशंकर अंतिम संस्कार में शामिल होंगे और भारत तथा भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों देशों के बीच हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए डॉ. जयशंकर के बेगम जिया के अंतिम संस्कार में भाग लेने को महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# एंजेल के हत्यारोपी यज्ञराज पर एक लाख का इनाम

- नॉर्थ ईस्ट के छात्र एंजेल चकमा हत्याकांड में एसएसपी का बड़ा दावा
- कहा- गरमागरमी में हुई घटना, नस्लीय दुर्व्यवहार का सबूत नहीं

**देहरादून।** बेहद चर्चित त्रिपुरा के एमबीए के छात्र एंजेल चकमा हत्याकांड में चौतरफा दबाव के बीच देहरादून पुलिस ने मंगलवार को बड़ा अपडेट दिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड के मुख्य आरोपी नेपाल निवासी यज्ञराज अवस्थी पर इनाम 25 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है।

एसएसपी देहरादून अजय सिंह का दावा है कि इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। अब तक की जांच में नस्लीय दुर्व्यवहार का कोई सबूत नहीं मिला है। एसएसपी ने कहा कि, पुलिस अवस्थी के काफी करीब है और वह जल्द गिरफ्त में होगा। बीती नौ दिसंबर को हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने सभी सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर लिए हैं और पूरी वारदात भीड़भाड़ वाली जगह पर शाम सवा छह बजे के बाद 40-50 सेकेंड के भीतर हुई। कहा कि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई एंजेल पर चाकू से वार करने वाले मुख्य आरोपी अवस्थी की गिरफ्तारी के बाद ही सामने आएगी। एसएसपी ने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को नहीं जानते थे और पूरी घटना पल भर की गरमागरमी में हुई।

अवस्थी ने पास में खड़ी अंडे की ठेली से चाकू उठाकर एंजेल पर वार किया था। आरोपियों की कोई क्राइम हिस्ट्री नहीं मिली। घटना वाले दिन से लेकर 26 दिसंबर (जब एंजेल की मृत्यु हुई) तक, पुलिस के साथ बातचीत में किसी ने भी नस्लीय दुर्व्यवहार या हिंसा की शिकायत नहीं की।

# 'बैटल ऑफ गलवान' से चिढ़ा चीन

- चीनी मीडिया ने की आलोचना, कहा- ट्रेलर हकीकत से दूर, भारत सरकार के सूत्रों ने किया बचाव



**नई दिल्ली।** सलमान खान अभिनीत फिल्म बैटल ऑफ गलवान का टीजर जारी होने के बाद चीनी ने नाराजगी जताई है। वहां की मीडिया में हो रही आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि सिनेमा कलात्मक अभिव्यक्ति का एक माध्यम है और भारत इसे प्रतिबंधित नहीं करता है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित है।

चीन के मीडिया संस्थान ग्लोबल टाइम्स ने इस फिल्म को सिनेमाई अतिशयोक्ति बताया और दावा किया कि इसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान ने बी संतोष बाबू की भूमिका निभाई है। साल 2020 में भारतीय क्षेत्र की रक्षा करते हुए बाबू और 16 बिहार रेजिमेंट के 19 अन्य सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## 48 घंटे के भीतर दूसरा भेड़िया ढेर

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज वन रेंज में वन विभाग ने मंगलवार को मादा भेड़िए को मार गिराया। बीते 48 घंटों में यह दूसरा भेड़िया है जिसे वन विभाग ने शूट किया है। भेड़िए के मारे जाने से ग्रामीणो ने राहत की सांस ली है।

मंगलवार को भिरगू पुरवा के पास भेड़िए की मौजूदगी की सूचना मिली थी। रेस्क्यू टीम को देखकर भेड़िया खेतों की ओर भागने लगा, जिसके बाद शूटर ने उसे गोली मार दी। चेहरे पर गोली लगने से भेड़िया मौके पर ही ढेर हो गया। इससे पहले, रविवार को भी वन विभाग ने इसी इलाके के बिरजा पकड़िया क्षेत्र में एक भेड़िए को शूट किया था। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गश्त के दौरान भेड़िए को देखा गया और पीछा करने के बाद उसे गोली मार दी गई।

**लिंक्डइन पर किया पोस्ट** प्रधानमंत्री ने कहा- सुधारों के बाद हमारी तरफ उम्मीद एवं भरोसे से देख रही है दुनिया

# भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार, युवा आबादी है मुख्य इंजन : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ाने वाले अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की रफ्तार को जिस गति से बढ़ाया है, उसकी तारीफ दुनिया कर रही है।

मोदी ने कहा कि भारत सुधारों पर केंद्रित 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' में सवार हो चुका है जिसका मुख्य इंजन देश की युवा आबादी और नागरिकों का अटूट संकल्प है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर सोशल नेटवर्किंग मंच 'लिंक्डइन' पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि भारत अपने लोगों के नवोन्मेषी उत्साह के कारण वैश्विक ध्यान का केंद्र बन गया है और अब दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है।

मोदी ने कहा, भारत के लिए 2025 एक ऐसा साल होगा जिसे हमने पिछले 11 वर्षों में तैयार जमीन पर सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा। हमने संस्थाओं को आधुनिक बनाया, शासन को सरल किया और दीर्घकालीन समावेशी वृद्धि के लिए बुनियाद को मजबूत किया। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, श्रम कानूनों में सुधार और ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसी कुछ प्रमुख पहलों का उदाहरण भी दिया। उन्होंने जीएसटी में पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत का दो-स्तरीय कर ढांचा लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे घरों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-गहन क्षेत्रों पर बोझ कम हुआ है।

उन्होंने कहा, इसका मकसद विवादों में कमी लाना और अनुपालन को बेहतर करना है। इस सुधार से उपभोक्ता धारणा और मांग में वृद्धि हुई है। त्योहारी मौसम में बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मोदी ने इस पोस्ट में मध्यम वर्ग को दी गई अप्रत्याशित राहत का जिक्र करते हुए कहा कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को अब आयकर नहीं देना है।

### दीर्घकालिक वृद्धि कायम रखने के लिए मिशन रूप में सुधारों की जरूरत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में मिशन रूप में सुधार किए जाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की तैयारियों के संदर्भ में नीति आयोग में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत में यह बात कही। इस संवाद का विषय 'आत्मनिर्भरता एवं संरचनात्मक रूपांतरण, विकसित भारत के लिए एजेंडा' था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की नीति-निर्माण प्रक्रिया और बजट निर्धारण में 2047 के लिए संकल्प को केंद्रीय रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक श्रम शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाए रखना जरूरी है। मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प अब सरकारी नीतियों से इतर आमजन आकांक्षा बन चुका है। इस चर्चा में कई प्रमुख अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों ने शिरकत की।

## स्टेट ब्रीफ

### जोन स्टेट मामले में आज भी सुनवाई

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने भीमताल के जोन स्टेट में हो रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश की खंडपीठ ने सुनवाई बुधवार को भी जारी रखी है। कोर्ट ने सरकार से वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है। सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि अभी तक पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ है। न ही अभी तक इसका सर्वे किया गया। बिना अनुमति के 200 से अधिक निर्माण कार्य किए गए हैं। भूमि से संबंधित कई रिकॉर्ड गायब हैं।

### अतिक्रमण पर सचिव से मांगा जवाब

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने राज्य में राजकीय और सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई की। खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए राज्य सरकार के सचिव सिंचाई, सचिव लोक निर्माण, सचिव वन सहित गृह सचिव से 8 जनवरी तक यह बताने को कहा है कि जहां-जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ है, उसको चिन्हित करने के लिए जिओ मैपिंग कैसे की जा सकती है, उस पर अपनी रिपोर्ट कोर्ट में 8 जनवरी से पहले प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

# टास्क फोर्स बनाकर सड़कों से अतिक्रमण हटवाएं: मुख्यमंत्री

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में समीक्षा बैठक में आला अफसरों को दिए निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून



देहरादून में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में आला अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजधानी देहरादून में जिन स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण की समस्याएं आ रही हैं, उन्हें सख्ती से हटाया जाए। जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, परिवहन तथा एमडीडीए टास्क फोर्स बनाकर सड़कों से निरंतर अतिक्रमण हटवाएं। अन्य जनपदों में भी जहां सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या है, इस पर निरंतर कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर होटल और रिसॉर्ट्स में भी फायर सेफ्टी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार की घटना की स्थिति में पुलिस पांच मिनट के अन्दर मौके पर पहुंच जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शीतकालीन यात्रा के दृष्टिगत भी सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाएं। पर्यटकों की सुविधा के लिए जानकारी केन्द्रों की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाइट एवं शीतकाल के दृष्टिगत अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

- भीड़भाड़ वाले स्थानों पर होटल व रिसॉर्ट में हों फायर सेफ्टी सिस्टम
- शीतकाल में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिए जाने तथा प्लास्टिक मुक्ति के लिए अभियान चलाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस मुहिम में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों के साथ ही आम लोगों से भी सहयोग लिया जाए।

बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पांडेय, गढ़वाल कमिश्नर एवं सचिव विनय शंकर पांडेय, सचिव धीराज गर्ब्याल, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, शासन एवं पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

### सीएम ने मंजूर की 51 करोड़ की योजनाएं

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी हरिद्वार में औद्योगिक शेड व भंडारण सुविधा के निर्माण, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं निदेशालय भवन के विस्तारीकरण और सर्किट हाउस चम्पावत के विस्तारीकरण/जीर्णोद्धार/अनुरक्षण कार्य के साथ ही नगर निकायों में प्रकाश व्यवस्था एवं कूड़ा उठान कार्यों, मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन और जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अन्तर्गत कैम्पों के आयोजन की व्यवस्था के लिए करीब 51 करोड़ रुपये स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इनमें राज्य अतिथि गृह सर्किट हाउस चम्पावत के विकास को 11.41 करोड़, नगर पालिका परिषद नगला क्षेत्रान्तर्गत एलईडी लाइट/स्ट्रीट लाइटों के कार्यों हेतु 99.17 लाख, प्रदेश के 14 नगर निकायों में कूड़ा उठान के लिए वाहनों के क्रय हेतु 15.95 लाख की योजनाओं को स्वीकृत किया गया है।

वहीं, 17 दिसम्बर से संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अन्तर्गत समस्त जनपदों की न्याय पंचायतों/ग्राम पंचायतों में कैम्पों के आयोजन को 3.16 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

# खनन सुधारों में उत्तराखंड का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता, देहरादून

- देश में हासिल किया दूसरा स्थान, राज्य में खनन सुधार पर केंद्र की मोहर
- केंद्र सरकार ने जारी की 200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि



खनन सुधारों के लिए उत्तराखंड को विशेष प्रोत्साहन राशि दिए जाने पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह सहयोग उत्तराखंड के खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी सुधार और सतत विकास को नई गति देगा। राज्य सरकार इस राशि का उपयोग खनन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, पर्यावरण-संवेदनशील और रोजगारोन्मुखी बनाने में करेगी। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।
–पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश में दूसरा स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय प्रदर्शन व सतत सुधारों के चलते केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 200 करोड़ की प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया है।

अधिकारियों के अनुसार, धामी सरकार ने खनन क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। इनमें ई-नीलामी प्रणाली, सेटेलाइट आधारित निगरानी, सख्त अनुपालन व्यवस्था, अवैध खनन पर रोक को आधुनिक माइनिंग सर्विलांस सिस्टम का सुदृढ़ीकरण मुख्य है। साथ ही खनन लॉट के आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। इन खनन सुधारों के परिणामस्वरूप आज खनन क्षेत्र प्रदेश सरकार की आय का प्रमुख स्रोत बन गया है। खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। 300 करोड़ का राजस्व 1200 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

खनन सुधारों में शानदार प्रदर्शन के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के अंतर्गत उत्तराखंड को 200 करोड़ की विशेष सहायता (ऋण) स्वीकृत की है। यह धनराशि माइनर मिनरल्स सुधारों और स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स से जुड़े सुधार कार्यों को पूरा करने के लिए दी गई है।

# सभी स्कूलों में आठ मार्च तक उपलब्ध हों बालिका शौचालय

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में आठ मार्च तक बालिका शौचालय उपलब्ध होने चाहिए।

मंगलवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को सीएस बर्द्धन ने स्कूलों में शौचालयों की सफाई और देखभाल के लिए शीघ्र कार्ययोजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश देते हुए कहा कि, राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों की तरह विकसित किया जाए। विभागों और उनके जिला स्तरीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की जाए। सीएस ने कहा कि प्रदेश भर के सभी सरकारी स्कूलों में शीघ्र ही बालिका शौचालय बना लिए जाएं। अधिकतर स्कूलों में शौचालय उपलब्ध हैं लेकिन उनकी साफ-सफाई आदि के लिए व्यवस्था न होने के कारण ऐसे शौचालय प्रयोग नहीं लाए जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग को पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों के लिए शौचालय एवं उनकी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वर्क प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए। सीएस ने विद्यार्थियों के लिए राज्य के पर्यटक स्थलों का 2-3 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी बल दिया। कहा कि इससे बच्चों को अपने राज्य एवं उसकी विशेषताओं को जानने का मौका मिलेगा। बर्द्धन ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस करने के लिए वित्त वर्ष 2026-27 की सीएसआर निधि का पूर्णतः उपयोग करने की बात कही। **आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लें:** मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों को अपने आसपास के क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिए जाने की आवश्यकता पर जोर देने के साथ नए आंगनबाड़ी केंद्रों को स्कूलों के समीप स्थापित करने की बात कही।

### ओलंपिक की करें तैयारी

सीएस ने कहा कि वर्ष 2036 में आयोजित होने वाले ओलिम्पिक गेम्स में उत्तराखंड के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करें, इसके लिए हमें अभी से भविष्य के खिलाड़ी चिह्नित करने होंगे। वर्ष 2036 में किस खेल के लिए आज किस आयु वर्ग के बच्चों को अगले 10 साल प्रशिक्षित करना होगा, हमें इसका प्लान करना है। इसके लिए उन्होंने प्रतियोगिताओं के माध्यम से 1000–1500 बच्चे चिन्हित कर तैयार करने के निर्देश दिए। सीएस ने सभी ज़िलाधिकारियों को अपने जनपदों में सर्वाधिक खेला जाने वाला खेल चयनित करते हुए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट' चिह्नित करने को भी कहा।

# कांग्रेस ने सौंपा एडीजी को ज्ञापन, मांगे जवाब

संवाददाता, देहरादून



एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन को अंकित भंडारी हत्याकांड के विभिन्न बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड में भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी के अपने पति पर और स्वयं के बीच के हुए वार्तालाप को सोशल मीडिया पर जारी करने का मामला उठाया। प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि इस बातचीत में तथाकथित पूर्व विधायक वीआईपी के रूप में एक शीर्ष नेता का नाम ले रहे हैं जिसके बाद राज्य सरकार और पुलिस की ओर से कोई प्रमाणिक जानकारी या साक्ष्य होने की सूरत में जांच एजेंसी को उपलब्ध कराने को कहा गया है। गोदियाल ने कहा कि हमारा स्पष्ट मत है कि अंकित हत्याकांड में कोई न कोई व्यक्ति कथित वीआईपी जरूर था। सरकार और पुलिस विभाग की ओर से जारी स्पष्टीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने कुछ बिंदु उठाए हैं जिसमें अंकित का पार्थिव शरीर नहर से निकालने की अगली रात को रिजॉर्ट पर बुलडोजर किसके आदेश पर चलवाया गया। सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने अगर बुलडोजर चलाने वालों के बयान दर्ज किए हों तो उत्तराखंड के नागरिकों को बताया जाए।

- अंकिता हत्याकांड में पूछा-वीआईपी कौन, किसके आदेश पर चला बुलडोजर

गोदियाल ने कहा कि, जब रिजॉर्ट में अंकिता के कमरे को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया, तब मुख्यमंत्री ने यह स्वीकार किया कि उनके द्वारा रिजॉर्ट का ध्वस्तीकरण कराया गया है जिसे उन्होंने श्रेय लेने की कोशिश की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या एसआईटी ने अपनी जांच में मुख्यमंत्री की इस बात का उल्लेख किया है। कांग्रेस ने यह भी बिंदु उठाया है कि क्या एसआईटी ने अंकिता और उसके मित्र के साथ हुई व्हाट्सएप बातचीत संदेशों की जांच की गई है जिसमें उसकी ओर से स्पष्ट यह बताया जा रहा था कि किसी वीआईपी को विशेष सेवाएं देने का उस पर भारी दबाव बनाया जा रहा है। गोदियाल ने कहा भाजपा विधायक की अंकिता भंडारी के शयनकक्ष को ध्वस्त करने में जो तथाकथित भूमिका थी, ऐसे में क्या जांच एजेंसी ने इस दिशा में छानबीन की है।

# अंकिता के सम्मान से खिलवाड़ न करे कांग्रेस

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड भाजपा ने कांग्रेस से अपुष्ट अमर्यादित कंटेंट के बूते दिवंगत अंकिता के सम्मान से खिलवाड़ नहीं करने को कहा है। भाजपा की प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि अंकिता मामले पर कांग्रेस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिये अपुष्ट, अमर्यादित और भावनाओं को भड़काने वाले कंटेंट के सहारे राजनीति कर रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि अंकिता देवभूमि उत्तराखंड की बेटी थी और उसके नाम को बार-बार सोशल मीडिया की सनसनी बनाकर पेश करना उस बेटी के सम्मान का अपमान है। आगे कहा कि, कांग्रेस के पास जनता के सामने बोलने के लिए कोई विषय बचा नहीं है इसलिए उत्तराखंड की जनता को कांग्रेस गुमराह कर रही है। कटे-छंटे वीडियो और अफवाहों के आधार पर कांग्रेसी आरोपों की नई-नई कहानियां गढ़ रहे हैं। कहा कि यह न्याय की प्रक्रिया नहीं बल्कि सोशल मीडिया ट्रायल है। प्रदेश महामंत्री ने आग्रह किया है कि यदि किसी के पास वास्तविक साक्ष्य हैं, तो उन्हें अदालत या सक्षम जांच एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

उन्होंने कहा कि धामी सरकार ने इस दुखद घटना में तेज और कठोर कार्रवाई की चौबीस घंटे में गिरफ्तारी, शव बरामदगी, एसआईटी गठन, सख्त कानूनी प्रावधानों के साथ कार्रवाई और न्यायालय के समक्ष मजबूत पैरवी के आधार पर दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनिश्चित हुई है। कांग्रेस से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनर्गल अश्लील और अपुष्ट कंटेंट को राजनीतिक हथियार बनाकर देवभूमि का माहौल खराब करने की कोशिश न करें।

# 10 तक बढ़ा बीएलओ आउटरीच अभियान

संवाददाता, देहरादून



- प्री एसआईआर में अब तक 65 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग

**अमृत विचारः** आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उत्तराखंड में चल रहे बीएलओ आउटरीच अभियान को आगामी 10 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। प्रदेश में इन दिनों प्री-एसआईआर गतिविधियों के क्रम में प्रत्येक मतदाता तक पहुंच, समन्वय और संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वर्तमान मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की जा रही है। वर्तमान में प्री एसआईआर अभियान में लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग भी कर दी गई है।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने मंगलवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर 1 दिसंबर 2025 से बीएलओ आउटरीच अभियान सम्पादित किया जा रहा है। इस अभियान में जुड़े ईआरओ, बीएलओ एवं फील्ड ऑफिसर्स की अथक मेहनत से बेहद सीमित समय में ही लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए इस अभियान को 10 जनवरी तक चलाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्री-एसआईआर फेज में वर्तमान मतदाता सूची में प्रदेश के जिन मतदाताओं की उम्र 38 वर्ष या उससे अधिक है और उनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हैं, उनकी सीधे बीएलओ एप से मैपिंग की जा रही है। साथ ही प्रदेश के ऐसे मतदाता जो जिनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में किसी कारणवश नहीं हैं और उनके माता-पिता का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में है तो उनके माता-पिता अथवा दादा-दादी के नाम के आधार पर उनकी प्रोजनी के रूप में ऐसे मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। वर्ष 2003 की मतदाता सूची www.ceo.uk.gov.in एवं www.voters.eci.gov.in पर सर्च की जा सकती है। उन्होंने जन सामान्य से बीएलओ को अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए बीएलओ द्वारा हर मतदाता से समन्वय, संवाद और पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

### वायु प्रदूषण पर नियंत्रण को गंभीरता निभाएं

**देहरादून:** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की संचालन समिति की 6वीं बैठक हुयी। बैठक में मुख्य सचिव ने नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश एवं काशीपुर के वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सभी सम्बन्धित विभागों एवं एजेन्सियों द्वारा गम्भीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने एनसीएपी द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना और प्रत्येक गतिविधि की टाइमलाइन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विभागों को निर्देश दिए कि अपने कार्यक्षेत्र में वायु प्रदूषण के सभी घटकों पर कार्य करते हुए कार्ययोजना तैयार करें। समय पर बैठक कर स्वीकृत कार्ययोजना का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# स्वास्थ्य सचिव हाईकोर्ट में तलब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने अपात्र दिव्यांग प्रमाण पत्रों के जरिए आरक्षण का लाभ ले रहे शिक्षा महकमे के कई कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य सचिव को 24 घंटे के अंदर अदालत में तलब किया है।

इस मामले को नेशनल फेडरेशन ऑफ द ब्लाइंड, उत्तराखंड शाखा द्वारा की ओर से चुनौती दी गई है। मामले में सोमवार को भी अदालत ने सुनवाई की थी और सरकार को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए वरिष्ठ चिकित्सकों की एक चार सदस्यीय कमेटी बनाने को कहा था। साथ ही सरकार को चिकित्सकों के पैनल के लिए नाम सुझाने को कहा था। सरकार की ओर से मंगलवार को कहा गया कि तीन सदस्यीय समिति का गठन कर लिया गया है। अदालत समिति में शामिल नामों से संतुष्ट नजर नहीं आयी और सचिव स्वास्थ्य को वर्चुअली अदालत में पेश होने के निर्देश दे दिए। दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि अपात्र लोग धोखाधड़ी से 'दृष्टिबाधित' श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, जिससे वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवार अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

# बार काउंसिल चुनाव 17 फरवरी को

विधि संवाददाता, नैनीताल

- उच्चाधिकार प्राप्त चुनाव समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचारः** उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनावों को लेकर चुनाव समिति ने पूर्व चुनाव तिथि बदलते हुए इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया है। मंगलवार को उच्चाधिकार प्राप्त चुनाव समिति की वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजीव शर्मा ने की। न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह व न्यायमूर्ति यूसी. ध्यानी भी मौजूद रहे।

समिति ने निर्णय लिया है कि अब चुनाव 17 फरवरी 26 को होंगे। समिति ने उत्तराखंड बार काउंसिल के सचिव को निर्देशित किया है कि वे इस नई तिथि को परिशिष्ट के रूप में तुरंत अधिसूचित कर इसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें। मतदान की तिथि के अलावा शेष कार्यक्रम यथावत रहेगा। चुनाव के बाद मतपत्रों को 19 फरवरी तक नैनीताल बार काउंसिल के कार्यालय में पहुंचाना अनिवार्य होगा। 20 फरवरी से मतों की गिनती होगी। इस बदलाव से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले अधिवक्ताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। बता दें कि समिति को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन डॉ. महेंद्र पाल, विभिन्न बार एसो. व व्यक्तिगत सदस्यों ने चुनाव स्थगित करने के लिए कई अभ्यावेदन भेजे थे। राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड को देखते हुए अधिवक्ताओं ने चुनाव की तारीख बदलने की मांग की थी। अदालतों के अवकाश कैलेंडर के अनुसार, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, चमोली, उत्तरकाशी और नैनीताल (हल्द्वानी और रामनगर को छोड़कर) सहित कई जिलों की सिविल कोर्ट 2 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक बंद रहेंगी। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड हाईकोर्ट में भी 11 जनवरी 2026 से 8 फरवरी 2026 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इन्हीं के चलते तय 4 फरवरी की तारीख को अनुपयुक्त माना गया।

## मौसम का मिजाज

### आज और कल अधिक ऊंची चोटियों पर हिमपात की संभावना मौसम विभाग ने जताई

# मौसम तो बना, बारिश–बर्फबारी का इंतजार बरकरार

संवाददाता, देहरादून/नैनीताल



**अमृत विचार:** राज्य मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार मंगलवार को मौसम तो बना लेकिन बारिश-बर्फबारी इंतजार बनकर रह गई। हालांकि इस साल और दिसंबर के अंतिम दिन ऊंची चोटियों और राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और हिमपात की संभावना जतायी गयी है।

मौसम विभाग देहरादून के राज्य निदेशक डॉ. सीएस तोमर के अनुसार, आ रहा पश्चिमी विक्षोभ का असर नैनीताल में नहीं रहने वाला है। प्रदेश की तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कुछ चोटियों पर हल्का हिमपात होगा जबकि पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, मंगलवार देर शाम तक विक्षोभ का कोई असर प्रदेश में देखने को नहीं मिला। इधर, कुमाऊं में मौसम का मिजाज बेहतर रहा। नैनीताल में मौसम पूरे दिन सुहावना बना रहा। बादलों का आना-जाना जारी रहा और तेज हवाएं पूरे दिन आवेश में रहीं, जिस कारण बादल छंटते रहे। नगर में सुबह-शाम की ठंड बरकरार है तो लोग हीटर व आग का सहारा लेने को मजबूर हैं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, हल्द्वानी के आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा जबकि नगर क्षेत्र में दोपहर से पहले हल्की धूप खिल आयी। शाम होते-होते शीतलहर का जोर बढ़ गया। देर रात कोहरा भी रहा।

### सानवी बनीं अंडर-15 क्रिकेट टीम का हिस्सा

**टिहरी:** टिहरी निवासी क्रिकेटर सानवी बिजल्वाण का चयन उत्तराखंड राज्य की अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। सानवी की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सानवी के पिता गोविंद बिजल्वाण, जो आईटी ऑर्गेनाइजेशन का संचालन करते हैं, स्वयं भी अपने समय में एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं। उन्होंने बचपन से ही सानवी को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित किया और प्रारंभिक प्रशिक्षण घर पर ही दिया। सानवी की माता एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में कार्यरत हैं, जिन्होंने भी बेटी के सपनों को पूरा करने में हर कदम पर सहयोग किया। क्रिकेट की बुनियादी शिक्षा के बाद सानवी ने नई टिहरी और देहरादून क्रिकेट अकादमी में निरंतर अभ्यास किया। कड़ी मेहनत, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन के दम पर सानवी ने उत्तराखंड अंडर-15 महिला क्रिकेट टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

सिटी ब्रीफ

## शीतलहर के चलते हल्द्वानी में आज बंद रहेंगे स्कूल

**हल्द्वानी :** जिले के मैदानी क्षेत्रों में में पड़ रही कड़ाके की ठंड, शीतलहर और पाले की स्थिति को देखते हुए स्कूलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है। डीएम अनिल रयाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार तहसील हल्द्वानी, लालकुआं, कालाढूंगी और रामनगर क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, कक्षा 1 से 12 तक के सभी शासकीय, अशासकीय और निजी स्कूलों में आज (बुधवार) को अवकाश रहेगा। यह अवकाश विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों पर लागू होगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आदेश की सूचना समय से विद्यार्थियों और अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है।

## कार्यशाला में शैक्षणिक मॉडल की जानकारी दी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में स्वयम ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। जिसमें विवि की विभिन्न विद्याशाखाओं के करीब 77 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में कंप्यूटर साइंस के प्रो. जितेंद्र पांडे ने चार चरणीय शैक्षणिक मॉडल, पाठ्यक्रम संरचना, साप्ताहिक कंटेंट डिजाइन, वीडियो निर्माण और अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब दिया। विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विवि स्वयम पाठ्यक्रमों को तैयार करने लिए पूरी तरह से सक्षम है।

# जश्न के हर डेस्टीनेशन पर नजर, हर मेहमान का ब्यौरा तलब

### 31 दिसंबर की रात न्यू ईयर पार्टी के आयोजकों को एसएसपी ने दिए निर्देश, किसी भी कारण बंद हुए सीसीटीवी कैमरे तो झेलनी होगी सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नए साल के लिए नैनीताल सजकर तैयार है। शाम रोशनी के प्रतिविंब से नैनी झील का सौंदर्य निहारने यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। सिर्फ नैनीताल ही नहीं, जिले के रामनगर, मुक्तेश्वर, भीमताल, भवाली और रामगढ़ समेत दर्जनों स्थलों पर जश्न का आयोजन होता है और इस बार पुलिस की जश्न के हर डेस्टीनेशन पर नजर है। एहतियात के साथ आयोजन को एसएसपी ने चेतावनी भी है। उनसे जश्न में शामिल होने वाले हर मेहमान का ब्यौरा तलब किया गया है।

मंगलवार को नैनीताल जिले में नए साल की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन मीटिंग ली। जिसके बाद एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी के तेवर तल्ख नजर आए। उन्होंने जश्न का आयोजन करने वाले रेस्टोरेंट, होटल और रिजॉर्ट संचलकों को निर्देश किया है, आयोजन स्थल पर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम होने चाहिए। सीसीटीवी एक पल के लिए और किसी भी वजह से बंद नहीं होना चाहिए। जश्न में शामिल होने वाले हर मेहमान की आईडी अनिवार्य रूप से जमा होनी चाहिए। इस निर्देश और चेतावनी में वन डे बार लाइसेंस लेने वाले लोग भी शामिल हैं। यानी अगर आपने अपने निजी स्थल पर भी वन डे बार का लाइसेंस लिया है तो आपको भी सारी जानकारी पुलिस से साझा करनी होगी।

बता दें कि नैनीताल के अलावा जिले के रामनगर, मुक्तेश्वर, रामनगर, भीमताल, भवाली, धानाचूली, रामगढ़, किलबरी, पंगोट, नारायणनगर, धोड़ाखाल, चायबगान, कैंचीधाम, हनुमानगढ़ी, ज्योलीकोट, नौकुचियाताल, सातताल, सरियाताल, हरीशताल, खुर्पाताल और खुर्पाताल समेत अन्य टूरिस्ट डेस्टीनेशन पर 31 दिसंबर से लेकर 1 से 2 जनवरी तक भारी भीड़ रहती है।

एसएसपी का कहना है कि सभी टूरिस्ट प्रमुख डेस्टीनेशन पर सीसीटीवी और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।



नये साल की तैयारियों को लेकर बैठक करते एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी, एसपी डॉ.जगदीश चंद्रा व एसपी मनोज कत्याल।

### मानकों की अनदेखी करने वाले आयोजकों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

- एसपी सिटी मनोज कत्याल ने स्पष्ट कर दिया है कि आयोजन स्थल पर यदि मानकों की अनदेखी की गई और किसी प्रकार की दुर्घटना हुई तो जिम्मेदार आयोजक होगा। ऐसे में आयोजकों को इन निर्देशों और नियमों का पालन करना होगा।
- जिन लोगों ने एक दिन के लिए लीकर लाइसेंस लिया है, अपने लोकल थाना प्रभारी से संपर्क कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले लोगों की संख्या, उनकी सीटिंग अरेंजमेंट तथा फायर सेफ्टी अरेंजमेंट की जानकारी सांझा करेंगे।
- अपने लोकेशन पर अनिवार्य रूप से 3/4 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था करेंगे, जिसमें कुछ लोग सशस्त्र भी होंगे, जो कि वहां पर व्यवस्था बनाकर रखने के उत्तरदाई होंगे।
- जहां पर प्रोग्राम कंडक्ट होगा प्रवेश तथा निकासी द्वार अलग अलग हो।
- प्रोग्राम स्थल पर अनिवार्य रूप से पर्याप्त विद्युत बैकअप तथा सीसीटीवी कैमरे लगे हो, सीसीटीवी का बैकअप रखना अनिवार्य होगा।

# जश्न पर नशे में मिले पुलिस कर्मी तो तुरंत होंगे निलंबित : एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नये साल में सिर्फ उन्हीं पुलिस कर्मियों को छुट्टियां दी गई हैं, जिन्हें अतिआवश्यक कार्य है। जबकि सारा का सारा पुलिस बल 31 दिसंबर और नए साल की पार्टी में तैनात है। एसएसपी ने मंगलवार को यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बैठक की और पुलिस कर्मियों की चेतावनी दी। कहा, ड्यूटी के दौरान एक भी पुलिस कर्मी नशे में नहीं मिलना चाहिए। ऐसा हुआ तो सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को सख्त फरमान जारी करते हुए ड्यूटी के दौरान शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन, किसी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता न करने की कड़ी हिदायत दी गई, ऐसा कृत्य करने पर तत्काल निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। जश्न की आड़ में हुड़दंग, खुलेआम शराब पीना, रोड रेज, शस्त्रों का प्रदर्शन और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य पर्यटन स्थलों, डेस्टिनेशन पॉइंट्स में बीडीएस, डॉग स्क्वाड और एटीएस टीमें चेकिंग और फ्रिस्किंग करें।

सभी बॉटल नेक पॉइंट्स और डाइवर्जन पॉइंट्स पर पुलिस बल तैनात रखें। पर्यटन स्थलों पर ड्रोन टीमों लगातार मॉनिटरिंग करें। जिला और सिटी कंट्रोल रूम की टीमें 24 घंटे मॉनिटरिंग करें। एसएसपी ने पर्यटकों से अपील की है कि आप नैनीताल आइए, यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लीजिए, लेकिन कानून और शांति व्यवस्था का पालन करें। बैठक में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्रा, एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, एसपी दूरसंचार रेवाधर मठपाल, सीओ लालकुआं/भवाली दीपशिखा अग्रवाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडे, नैनीताल रविकांत सेमवाल, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा रहे।



काठगोदाम में भीमताल मोड़ पर ठंड में आग के सहारे ड्यूटी करते पुलिस जवान।

- एसएसपी ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को दिए निर्देश
- ड्यूटी के दौरान नशे के सेवन पर होगा त्वरित एक्शन


रामपुर रोड पर टांडा जंगल में चेकिंग करती आबकारी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## रामनगर में छलकेंगे जाम, कार में नहीं चलेगा बार

**हल्द्वानी :** जिले का रामनगर एक ऐसा टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं, जहां पूरे साल पर्यटकों की भीड़ रहती है और नए साल का जश्न मनाने वाले यहां टूट पड़ते हैं। इन दिनों रामनगर के सभी होटल और रिजॉर्ट फुल रहते हैं। जिले के सबसे ज्यादा रिजॉर्ट भी यहीं है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के अलावा सीताबनी और फाटो में भी नए साल का आयोजन होता है और इस बार भी नए साल के जश्न में रामनगर में सबसे ज्यादा जाम छलकेंगे। क्योंकि रामनगर के लिए ही 30 दिसंबर तक सबसे ज्यादा वन डे बार लाइसेंस की बिक्री हुई है। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र बिष्ट ने बताया कि रामनगर के लिए 9 वन डे लाइसेंस जारी किए गए हैं। जबकि हल्द्वानी और नैनीताल के लिए दो-दो लाइसेंस बिके हैं। 31 दिसंबर तक इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि वह खुद टीम के साथ जिले में चेकिंग कर रहे हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि किसी ने भी कार में बार बनाया तो बख्शा नहीं जाएगा।

# नववर्ष के स्वागत पर आज रात होगा जश्न

- मालरोड व नगर के बड़े होटलों में गीत संगीत की मचेगी धूम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नववर्ष के स्वागत को लेकर सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को जश्न की रात होगी। माल रोड समेत नगर के बड़े होटलों में गीत-संगीत की धूम रहेगी। सैलानियों की आवभगत को लेकर होटल कारोबारियों ने विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। सरोवर नगरी में नववर्ष मनाने का प्रचलन करीब ढाई दशक पुराना हो चुका है। इससे पूर्व अत्यधिक ठंड के कारण सैलानी दिसंबर से फरवरी तक यहां आना पसंद नहीं करते थे, लेकिन मौसम में बदलाव के साथ नगर का रहन-सहन और गतिविधियां भी बदली हैं। पर्यटन के लिहाज से नगर ने नई ऊंचाइयों को छुआ है, जिसमें नववर्ष का विशेष महत्व रहा है।


नववर्ष की पूर्व संध्या पर रंगबिरंगी रोशनी से जगमग माल रोड। ● अमृत विचार

नववर्ष को लेकर पर्यटन नगरी नैनीताल पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। माल रोड रंग-बिरंगी लाइटिंग से जगमगा उठी है और मधुर संगीत की धुनों से नगर का वातावरण संगीतमय हो गया है। नगर के आला दर्जे के होटलों ने विशेष पैकेजों के साथ तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकांश पैकेज एडवांस में ही बुक हो चुके हैं। इन होटलों में लाइव म्यूजिक, डीजे और बॉलीवुड नाइट थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए मनोरंजन कार्यक्रम पैकेज में शामिल किए गए हैं। कुछ होटलों में कुमाउनी लोक गीत व संगीत की भी विशेष प्रस्तुतियां होंगी। गाला डिनर में दर्जनों प्रकार के व्यंजन परोसे जाएंगे। इन प्रमुख होटलों में रेडिसन ग्रुप का नमः नैनीताल, शेरवानी हिलटॉप, नैनी रिट्रीट तथा शिवराज होटल ग्रुप शामिल हैं। इनके अलावा कई अन्य होटलों में बोनफायर के साथ सैलानी नववर्ष का आनंद उठाएंगे।

# जब रजिस्ट्रार और कानूनगो छोड़ेंगे कक्ष तो लगेगा ताला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब तहसील के राजस्व रिकॉर्ड रूम में किसी की भी आवाजाही नहीं हो सकेगी। सिर्फ तहसील कर्मी ही प्रवेश कर सकेंगे। फाइल अवलोकन के लिए रिकॉर्ड रूम के बाहर बनी गैलरी में रजिस्टर रखा जाएगा।

अधिवक्ता, अरायजनवीस, फरियादी इस गैलरी तक ही जाएंगे इसके बाद प्रवेश नहीं करेंगे। वहीं रजिस्ट्रार कानूनगो जब-जब रिकॉर्ड रूम छोड़कर जाएंगे, तब-तब ताला लाकर जाएंगे। उनकी गैरहाजिरी में किसी की भी आवाजाही नहीं होगी। अधिकारियों के अनुसार, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बीते सोमवार को तहसील में छापेमारी कर राजस्व रिकॉर्ड रूम से दो बाहरी व्यक्तियों को पकड़ा था जो कि पब्लिंग डीलिंग के साथ-साथ कामकाज निपटा रहे थे। इस रिकॉर्ड रूम में फाइलों के साथ ही तहसीलदार, नायाब तहसीदार की कोर्ट्स से संबंधित फाइलें भी रखी गई हैं। इस पर डीएम ने तहसीलदार की जमकर फटकर लगाई थी। अब तहसीलदार कुलदीप पांडे ने रजिस्ट्रार कानूनगो को निर्देश दिए हैं कि उनकी मौजूदगी में ही रिकॉर्ड रूम खोला जाएगा। यदि वह कहीं जाएंगे तो ताला लगाकर जाएंगे।

> राजस्व रिकॉर्ड रूम में कोई भी नहीं जा सकेगा। सभी बाहरी व्यक्तियों के रिकॉर्ड रूम ऑफिस के भीतर जाने पर रोक लगाई गई है। सभी नियमानुसार अपना काम कराएंगे। रजिस्ट्रार कानूनगो को निर्देश दिए हैं कि वह जब भी बाहर जाएंगे रूम में ताला लगाकर जाएंगे। उनकी उपस्थिति में ही रूम खुलेगा।
> **-कुलदीप पांडेय,** तहसीलदार हल्द्वानी

# तेंदुए ने महिला को मार डाला

संवाददाता, भीमताल

- ओखलकांडा के चमोली गांव में घास काटने जंगल गई थी महिला
- भीमताल में तेंदुए ने 4 दिन में दो महिलाओं को बनाया निवाला

**अमृत विचार:** नैनीताल जनपद के ओखलकांडा ब्लॉक में गुलदार के हमले से एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद जहां पूरे क्षेत्र में दहशत है। वहीं लोगों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश है।

ओखलकांडा ब्लॉक के चमोली गांव के कीटोड़ा तोक निवासी रेखा देवी (पत्नी पान सिंह) गांव की अन्य महिलाओं के साथ जंगल में घास काटने गई थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक उन पर हमला कर दिया। महिलाओं ने शोर मचाया और रेखा देवी के चीखने-चिल्लाने के बावजूद गुलदार ने उन्हें नहीं छोड़ा।

गुलदार महिला को करीब दो किलोमीटर तक जंगल के भीतर घसीट ले गया। हमले में रेखा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम को महिला का शव जंगल के अंदर से बरामद हुआ।

घटना के बाद गांव में जहां मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। मृतका के स्वजन गहरे सदमे में हैं। क्षेत्र में लगातार हो रहे गुलदार हमलों को लेकर ग्रामीणों के मन में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई बार गुलदार की गतिविधियों की सूचना वन विभाग को दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सूचना मिलने पर भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, वन विभाग के अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इस दौरान विधायक रामसिंह कैड़ा ने अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि या तो गुलदारों को जल्द पकड़कर क्षेत्र को सुरक्षित किया जाए या फिर इन्हें मारने की कार्रवाई की जाए।

वन विभाग की टीम ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। मालूम हो कि 4 दिन पहले भी जिले के धारी के तल्ली दीनी गांव में 35 वर्षीय हेमा देवी पत्नी गोपाल सिंह को तेंदुए ने अपना निवाला बना दिया था।

# रुद्रपुर की 9 एकड़ भूमि राज्य सरकार में करें निहितः डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम ललित मोहन रयाल ने ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में लगभग नौ एकड़ भूमि का पट्टा निरस्त कर उक्त भूमि को राज्य सरकार में निहित करने के आदेश दिए हैं।

डीएम कोर्ट में वाद संख्या 51/4, 51/5, 51/6 वर्ष 2018-19 में पारित आदेशों से रुद्रपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर की सुनवाई करते हुए रुद्रपुर के खसरा नंबर 66, 69 और 70 की कुल 3.60 हेक्टेयर (लगभग नौ एकड़) भूमि पर दिए पट्टे तथा वर्ष 2015 में पट्टों के नियमितीकरण के पश्चात दिए भूमिधरी अधिकार को भी निरस्त किया है। उक्त तीनों वाद स्वर्ण सिंह पुत्र जीवन सिंह, दर्शन सिंह पुत्र कृपाल सिंह, हरकेवल सिंह/ हरपाल सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासीगण जगतपुरा ने ऊधम सिंह नगर के सम्मुख पेश किए थे, जिन्हें कमिश्नर कोर्ट ने निस्तारण के लिए जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल को हस्तांतरित किया था। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय नैनीताल ने यह पाया कि वाद में उक्त भूमि नजूल भूमि है जिसे श्रेणी वर्ग-4 में दर्ज करने के ऊधमसिंह नगर के एडीएम के आदेश को राजस्व परिषद देहरादून ने पूर्व में निरस्त कर दिया है। इस कारण उक्त भूमि पर वर्ग-4 के भूमि नियमितीकरण के शासनादेशों का लाभ प्रदान नहीं किया जा सकता है।

# पुलिस, प्रशासन व अन्य विभागों की संयुक्त टीम करे वाहन चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नववर्ष के अवसर पर पर्यटकों की आवाजाही व अत्यधिक ट्रैफिक के कारण जनसुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस, राजस्व, परिवहन तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

आयुक्त रावत ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर कुमाऊं के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। इस दौरान ओवर लोडिंग, ओवर स्पीडिंग व ड्रंक एंड ड्राइव की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसको देखते हुए सभी जिलों में प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें नियमित रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाएं। चेकिंग में सभी कार्यवाहियों का प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन के साथ ही फोटोग्राफिक साक्ष्य भी अनिवार्य रखे जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोहरे की वजह से सड़कों या सड़क किनारे खड़े वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, जिससे भी दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसे में मार्ग किनारे खड़े वाहनों को तत्काल हटाए जाए। आयोजन स्थलों पर फायर सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करें व पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए।

आयुक्त रावत ने सभी जिलाधिकारियों तथा सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, जिससे नववर्ष के अवसर पर आमजन एवं पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम

### 88 शिकायतें मौके पर निस्तारित, 590 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

# रातीघाट में पहुंची जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** रातीघाट स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम में जन समस्याओं की सुनवाई हुई।

शिविर में 88 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण हुआ और 590 लोगों ने सीधा लाभ उठाया। इस दौरान ग्रामीण जनता को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से भी लाभान्वित किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के हर नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और प्रदेश सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। डीएम रयाल ने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों ने जो भी समस्याएं रखी हैं उनमें से जिन समस्याओं का समाधान मौके पर नहीं हो पाया है, एक निर्धारित समय पर उन समस्याओं का अवश्य समाधान विभागों के माध्यम से कराया जाएगा। शिविर में विधायक सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्या, नवीन लाल वर्मा, क्षेत्र प्रमुख बेतालघाट अंकित साह, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, डीडीओ गोपाल गिरी, एसडीएम कैंचीधाम मोनिका मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, जंगली जानवरों से हो रही क्षति की समस्या के समाधान हेतु तार बाढ़ एवं सोलर फैंसिंग कराने, स्कूल भवन की मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करने, भवाली कैंचीधाम क्षेत्र में ट्रैफिक सुधार कर स्थानीय होटल एवं अन्य व्यवसाइयों को सुविधाएं उपलब्ध कराने, क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा के कार्य कराए जाने एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने, राशन कार्ड आदि की समस्याएं प्रमुखता से उठाई। जिस पर कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं का निस्तारण कराया।


बहुउद्देशीय शिविर में जनता की समस्याओं को सुनतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

## हल्द्वानी को नहीं मिला नया फिल्टर प्लांट

**हल्द्वानी :** शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जर्जर पाइपलाइनों से राहत दिलाने के लिए प्रस्तावित नया फिल्टर प्लांट और पुरानी पाइपलाइन बदलने की महत्वाकांक्षी योजना वर्ष 2025 में भी धरातल पर नहीं उतर पाई है, जिससे शहर में पानी संकट बना है। प्रशासनिक स्तर पर प्रयासों के बावजूद योजना बार-बार अटकती रही। यदि यह योजना पूरी हो जाती है, तो शहर में पेयजल संकट काफी हद तक दूर होगा और वर्षों पुरानी जर्जर पाइपलाइनों से होने वाली लीकेज और दूषित पानी की समस्या से निजात मिलेगी। शहर के कई इलाकों में कम दबाव से पानी की आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज और गंदे पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन समाधान का इंतजार बढ़ता जा रहा है। फिलहाल यह योजना शहरवासियों के लिए केवल एक सपना ही बनी हुई है।

# सौतन का विरोध किया तो पति ने दे दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शादी और दो बच्चों की पैदाइश के बाद पति के किसी और महिला से संबंध होने की बात सामने आई तो घर में हंगामा हो गया। महिला ने सौतन का विरोध किया तो पति ने न सिर्फ पत्नी को मारा-पीटा बल्कि तीन तलाक देकर उसे बच्चों समेत घर से भी बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने इस पति समेत ससुरालियों के खिलाफ काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने काठगोदाम पुलिस को दी तहरीर में लिखा, उसका निकाह 28 जनवरी 2014 को गौलापार काठगोदाम निवासी तनवीर अहमद से हुआ था। पीड़िता का कहना है कि पति के मोबाइल में अन्य महिलाओं के साथ तस्वीरें मिलने के बाद जब उसने आपत्ति जताई तो उसके साथ मारपीट की गई। पति के सपना नाम की महिला के साथ रहने की बात सामने आई। बीते 6 मार्च को पति ने कथित रूप से तीन तलाक देकर बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अमृत विचार

हल्द्वानी, बुधवार, 31 दिसंबर 2025

नैनीताल

## सिटी ब्रीफ

### भरतपुरी में दो दिवसीय सत्संग कल से

**रामनगर :** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी से भरतपुरी धर्मशाला में दो दिवसीय सद्भावना सत्संग कार्यक्रम होगा। समिति की क्षेत्रीय प्रभारी गंगाधरी बाई ने बताया कि 2 जनवरी को कार्यक्रम स्थल से सद्भावना कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है। सत्संग दोपहर 1 बजे से होगा।

### दमकल ने जंगल में लगी आग बुझाई

**नैनीताल।** नैनीताल के डीएसबी कैंपस के समीप जंगल में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सवा चार बजे डीएसबी कोलेज के पास जंगल क्षेत्र में धुंआ उठा। देखते ही देखते क्षेत्र में आग लग गई। आग फैली तो स्थानीय लोगों ने दमकल को सूचित किया। सूचना पर दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र नेगी ने बताया फायर यूनिट द्वारा फायर टेंडर से पंपिंग कर होज पाइप फैलाकर वन कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

### सिविल सर्विसेज की कोचिंग प्रारंभ

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सिविल सर्विसेज की नि:शुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक समाज कल्याण डॉ. संदीप तिवारी ने किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, उप निदेशक वासुदेव आर्या एवं सहायक जिला अल्पसंख्यक अधिकारी जसविंदर, समन्वयक डॉ. नरेश कुमार रहे।



### अभिकर्ता ज्योतिषाचार्य पं. मोहन शास्त्री सम्मानित

**हल्द्वानी :** भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा, सीबीओ-1 के वरिष्ठ अधिकारियों ने नरीपुर, लामाचौड़, हल्द्वानी, निवासी अभिकर्ता व ज्योतिषाचार्य पंडित मोहन शास्त्री को वर्ष 2025 में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर ट्रॉफी, मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने पं. शास्त्री को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### सप्ताहांत पर ज्यादा भीड़ की उम्मीद, होटल कारोबारियों ने की नए साल के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी

# नववर्ष पर नैनीताल के होटलों के 70 फीसदी कमरे बुक

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** नववर्ष के जश्न को लेकर सरोवर नगरी नैनीताल में सैलानियों का आगमन लगातार बढ़ रहा है। 31 दिसंबर और एक जनवरी के लिए शहर के होटलों में लगभग 70 प्रतिशत कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं।

हालांकि पर्यटन कारोबारी नववर्ष की तुलना में आगामी सप्ताहांत पर अधिक भीड़ उमड़ने की उम्मीद जता रहे हैं। होटल कारोबारियों ने नए साल के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 31 दिसंबर की रात पर्यटकों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक प्रतियोगिताएं और पारंपरिक कुमाउनी व्यंजनों का विशेष स्वाद परोसा जाएगा। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि थर्टी फर्स्ट और नववर्ष के लिए होटलों के 70 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं, जबकि दो जनवरी के बाद सैलानियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने पुलिस-प्रशासन से अपील की कि शहर की वास्तविक स्थिति को देखते हुए ही यातायात नियंत्रण के निर्णय लिए जाएं। बेवजह रूसी बाईपास पर वाहनों को रोके जाने से पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे पर्यटन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

नए साल के जश्न के लिए भीमताल, नौकुचियाताल, भवाली, कैंची धाम, मुक्तेश्वर और रामगढ़ में भी पर्यटकों की भारी बुकिंग देखने को मिल रही है। इन क्षेत्रों के होटल और होम-स्टे लगभग पैक हो चुके हैं। पर्यटन कारोबारियों ने सैलानियों के लिए विशेष न्यू ईयर पैकेज तैयार किए हैं। नए साल पर कैंची धाम और घोड़ाखाल स्थित गोल्ज्यू मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ने का अनुमान है।

### यातायात दबाव भी बढ़ा

31 से पहले नैनीताल सैलानियों से गुलजार रहा। पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने से दोपहर बाद शहर के अधिकांश पार्किंग स्थल फुल हो गए। इसके चलते वाहनों को रूसी बाईपास पर रोककर शटल सेवा के माध्यम से सैलानियों को शहर में प्रवेश कराया गया। पार्किंग सुविधा वाले होटलों में एडवांस बुकिंग कर आने वाले पर्यटकों को ही शहर में वाहन प्रवेश की अनुमति दी गई।

### भव्य तैयारियों में जुटे बड़े होटल

शहर के शेरवानी, नम : रेडिएशन, नाना रिट्रीट समेत अन्य बड़े होटलों में नए साल के जश्न की भव्य तैयारियां की गई हैं। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए विशेष डीजे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है, ताकि नैनीताल आने वाले सैलानी नए साल का जश्न लंबे समय तक याद रख सकें।



थर्टीफर्स्ट के चलते नैनीताल में फायर उपकरणों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

### रेस्टोरेंटों में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**नैनीताल :** थर्टीफस्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की भीड़ व अग्निसुरक्षा के मद्देनजर दमकल विभाग ने रेस्टोरेंट में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संचालकों को अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बता दें कि थर्टी फस्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए दमकल विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग की ओर से मंगलवार को नगर के मल्लीताल रेस्टोरेंटों में निरीक्षण कर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निसुरक्षा यंत्र रखने के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। बताया कि विभाग की ओर से भी पूर्व में शहर के फायर हाइड्रेंटों का निरीक्षण कर लिया गया है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से फायर टेंडरों को भरकर तैयार रखा गया है।

# पुलिस पर लगाए बार्डर से पर्यटक वाहनों को डायवर्ट करने के आरोप

### सीओ से वार्ता के बाद माने पर्यटन कारोबारी, पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल से मिले कारोबारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** थर्टी फर्स्ट के पहले दिन नैनीताल में पर्यटकों की कम आमद देख पर्यटन कारोबारियों में मायूसी है। उन्होंने पुलिस पर बार्डर व एंट्री प्वाइंट पर नैनीताल आने वाले पर्यटकों को अन्यत्र डायवर्ट करने के आरोप लगाए। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली में बदलाव नहीं होने पर सड़क पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी तक दे डाली। सीओ ने बार्डर में वाहनों को डायवर्ट न करने व एंट्री प्वाइंट पर वाहनों का न रोकने की बात कही तो कारोबारी माने।

बता दें कि क्रिसमस से नववर्ष तक नैनीताल में भारी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन थर्टी फर्स्ट के एक दिन पूर्व शहर में सुनसानी होने के चलते पर्यटन कारोबारी मायूस हो गए। कारोबारियों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंच पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल से वार्ता कर अधिकारियों के सामने उनकी बात रखने की मांग की। पालिकाध्यक्ष ने एसएसपी व एसडीएम से फोन पर वार्ता कर कारोबारियों की समस्या को सामने रखा। अधिकारियों ने अधीनस्थों को वार्ता के लिए भेजने का आश्वासन दिया। जिस पर सीओ रविकांत सेमवाल व कोतवाल हेम चंद्र पंत ने पालिका कार्यालय पहुंच कारोबारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कारोबारियों ने आरोप लगाए कि पर्यटक वाहनों को बार्डर क्षेत्रों से ही डायवर्ट किया जा रहा है। होटलों में एडवांस बुकिंग कर आने वाले पर्यटक वाहनों को ही एंट्री दी जा रही है। जबकि पूरा शहर खाली पड़ा है। उन्होंने पर्यटक वाहनों को एंट्री देने की मांग की। जिस पर सीओ ने बार्डर क्षेत्रों में वाहनों नहीं रोके जाने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक शहर के भीतरी पार्किंग स्थल पैक होंगे तब अस्थाई पार्किंग स्थलों पर पर्यटक वाहनों को रोका जाएगा। जिसके बाद कारोबारी माने। यहां दर्शन कनवाल, मोहित रौतेला, पुनीत साह, वैभव साह, नैतिक साह व अन्य कारोबारी मौजूद थे।



नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों के पालिका में हंगामा काटने के बाद वार्ता करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### अस्थायी पार्किंग में व्यवस्था न होने पर भड़के ग्रामीण

**नैनीताल :** नैनीताल हल्द्वानी रोड पर रुसी बाईपास अस्थायी पार्किंग स्थल में लाइट, अलाव व सफाई न होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुआ भी देखा गया है जबकि पुलिसकर्मी व पार्किंग कर्मी अंधेरे में ड्यूटी कर रहे हैं। कोई अप्रिय घटना घटी तो प्रशासन की जिम्मेदारी होगी। बता दें कि थर्टीफस्ट व नववर्ष में नैनीताल में पर्यटकों की भारी संख्या में आने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस की ओर से यातायात प्लान लागू किया है। जिसके तहत रूसी बाईपास अस्थाई पार्किंग स्थल पर पर्यटकों के वाहनों को रोकने के साथ ही शटल की व्यवस्था की गई है। जहां 24 घण्टे पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही कई वाहन चालक व पार्किंग कर्मी भी क्षेत्र में रात तक तैनात रहते हैं। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से क्षेत्र में व्यवस्थाएं की जानी थी। लेकिन रविवार व सोमवार को न तो क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था है।



नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ओखलकांडा में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

# ओखलकांडा में स्वयंसेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, भीमताल

● **नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दिया प्रशिक्षण**

**अमृत विचार:** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) के अंतर्गत विकासखंड ओखलकांडा की प्रत्येक ग्राम पंचायत से चयनित स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण न्याय पंचायत तुषराड़ के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज पैटना, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनपोखरा एवं राजकीय इंटर कॉलेज पश्यां में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के पश्चात ये स्वयंसेवक अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों को साक्षर बनाएंगे। इस कार्य के लिए स्वयंसेवकों को किसी प्रकार का मानदेय या दैनिक भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा। यह योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को साक्षर बनाना और उसे आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वह दूसरों पर निर्भर न रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत पाठ्य-पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा तथा मार्च एवं सितंबर माह में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

प्रशिक्षण के संदर्भदाता गोपाल सिंह बिष्ट एवं नवीन चंद्र जोशी रहे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज पैटना बालकृष्ण जोशी, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनपोखरा के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज पश्यां के प्रधानाचार्य करम बानी तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनपोखरा से विनोद सैनी भी उपस्थित रहे।

# अकादमी फेलो बनने पर कुलपति समेत दो सम्मानित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत के फेलो ऑफ नेशनल अकादमी तथा प्रो. नंद गोपाल साहू के फेलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज, नासी फेलो बनने पर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दोनों विद्वानों को शॉल ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ एवं गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रो. दिवान सिंह रावत फेलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज के साथ-साथ फेलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री लंदन भी हैं, जबकि प्रो. नंद गोपाल साहू भी रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, लंदन के फेलो हैं। दोनों ही विद्वान विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो चुके हैं। कार्यक्रम में डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। यहां विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. ललित तिवारी, प्रो. केएस. वल्दिया, प्रो. जेएस. सिंह, प्रो. एसपी. सिंह, प्रो. यशपाल सिंह पांगती तथा पद्मश्री से सम्मानित प्रो. शेखर पाठक का भी उल्लेख किया गया। इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया गया। कार्यक्रम भौतिकी सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें प्रो. अतुल जोशी, डॉ. संजय पंत, डॉ. अमित जोशी, डॉ. आरके. जोशी, डॉ. ज्योति जोशी आदि रहे।

# आयुष राणा बने सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र, कालागढ़ में मंगलवार को वन आरक्षी प्रशिक्षण वर्ष–2025 (द्वितीय सत्र) के अंतर्गत प्रशिक्षित 36 वन आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. साकेत बडोला, फील्ड डायरेक्टर, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर रहे।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर लेने एवं परेड निरीक्षण से हुई। प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक अमित कुमार ग्वासीकोटी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वन क्षेत्राधिकारी नंदकिशोर रूबाली ने राहुल मिश्रा, उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व तथा इन्द्र सिंह बिष्ट ने तरुण एस, उप वन संरक्षक, कालागढ़ टाइगर रिजर्व (लैंसडौन) का अभिनंदन किया।



वन आरक्षियों की परेड में गार्ड ऑफ ऑनर लेते सीटीआर के निदेशक डॉ. साकेत बडोला।

प्रशिक्षण केन्द्र के वन क्षेत्राधिकारी ने वर्तमान प्रशिक्षण सत्र की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। निदेशक द्वारा वन आरक्षी प्रशिक्षण–2025 (द्वितीय सत्र) के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने मेधावी प्रशिक्षणार्थियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रशिक्षण में कन्हैया (वन आरक्षी, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान, जोशीमठ) ने प्रथम, सुधीर सिंह कुंवर (कार्बेट टाइगर रिजर्व) ने द्वितीय तथा ललित मोहन चंद्र (कार्बेट रिजर्व) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयुष राणा को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. साकेत बडोला ने प्रशिक्षणार्थियों से वन संरक्षण एवं वन्यजीव सुरक्षा के लिए ईमानदारी से कार्य करने को कहा।

### अपर मॉलरोड में बंदी के बाद भी दौड़ा रहे बाइकें

**नैनीताल:** नैनीताल में देर रात अपर मॉलरोड में वाहनों की एंट्री बंद होने के बाद भी लोग पर्यटकों की भीड़ के बीच बाइकें दौड़ा रहे हैं। जो हादसों का कारण बन सकता है। बीती रात तल्लीताल पुलिस ने चार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

बता दें कि पर्यटकों की भीड़ के चलते देर रात अपर मॉलरोड को मल्लीताल से इंडिया होटल तक छह से आठ बजे तक वाहनों के लिए बंद किया जाता है। ताकि पर्यटक आसानी से घूम सकें। लेकिन उसके बाद भी लोग इस दौरान तेज गति में बाइकें दौड़ा रहे हैं जो बड़े हादसे का कारण बन सकता है। रात सात बजे भी अपर मॉलरोड बंद होने के बाद भी कई लोग स्कूटी बाइक चलाते नजर आए। एसपी यातायात डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि मामले में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।




रामनगर में धरने पर बैठीं महिला एकता मंच की सदस्य। ● अमृत विचार

### अंकिता हत्याकांड को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

**रामनगर :** चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर प्रदेश भर में लोगों का आक्रोश कम नहीं हो रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को रामनगर में महिला एकता मंच के बैनर तले विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं एवं नागरिकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हत्याकांड में शामिल प्रभावशाली वीआईपी और सत्ताधारी पार्टी से जुड़े नेताओं को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला एकता मंच ने मांग की कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंपा जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। संयोजक सरस्वती जोशी ने अपने बयान में कहा कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों को सजा नहीं दी जाएगी, तब तक महिलाएं चुप नहीं बैठेंगी। सभा को उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रभात ध्यानी, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, प्रगतिशील एकता मंच की तुलसी छिम्वाल, एडवोकेट पूरन चंद्र पांडेय, माया, करणी सेना के सूरज चौधरी ने सम्बोधित किया।

# खेलों में कालाढूंगी का दबदबा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** अटल उत्कृष्ट राइंका के मैदान में युवा कल्याण व शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ में खो-खो व कबड्डी में कालाढूंगी न्याय पंचायत का दबदबा रहा। मंगलवार को दूसरे दिन अंडर-17 बालक बालिकाओं का वॉलीबॉल, कबड्डी व खो-खो की प्रतियोगिताए हुईं। कबड्डी बालक वर्ग की प्रतियागिता में कालाढूंगी, रानीबाग व बैलपड़ाव व बालिका वर्ग में अमगढ़ी, गिन्ती गांव व कालाढूंगी न्याय पंचायत क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो में बालक वर्ग में कालाढूंगी, जीवानंद हल्द्वानी, गिन्ती गांव व बालिका वर्ग में कालाढूंगी, गिनती गांव, बैलपड़ाव न्याय पंचायत में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीवाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में रतनपुर बैलपड़ाव, कालाढूंगी, बैलपोखरा व बालिका वर्ग में गुनीपुर हल्द्वानी, बैलपड़ाव, गिन्ती गांव न्याय पंचायत ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बीना जोशी ने मेडल देकर सम्मानित किया। राजेंद्र नेगी, राजेश बिष्ट, वीरेंद्र मटेला, तनुजा आर्य, कमलेश रावत, नमिता पाठक, ममता रहे।



खेल महाकुंभ में विजेता टीमों को सम्मानित करतीं युवा कल्याण अधिकारी।

# बैंक कर्मियों का पांच दिन के कार्य दिवस को लेकर धरना

संवाददाता, रामनगर

● **बैंक के बाहर धरना-प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी**

**अमृत विचार:** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर बैंकों में 5 दिन के कार्यदिवस की मांग को लेकर रामनगर के सभी बैंक कर्मियों ने एसबीआई रामनगर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए बैंक यूनियन के नेता हेम आर्य ने कहा इंश्योरेंस सेक्टर और कई वित्तीय संस्थानों में 5 दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था है परंतु बैंकों में लागू करने पर सरकार ना नुकूर कर रही है। उन्होंने कहा इससे बैंक के वित्तीय लाभ पर कोई असर नहीं पड़ेगा बल्कि बैंक की संचालन लागत कम होगी। उन्होंने कहा इंडियन बैंक एसोशिएशन ने भी इस पर सहमति दे सरकार को इसे भेज दिया है परंतु सरकार की हठधर्मिता के कारण कार्मिकों को मजबूरन आंदोलन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में विजय जोशी, यश अग्रवाल, विनोद रावत, मानसिंह रावत, विनय भाष्कर, आशीष, ललित जलाल मौजूद रहे।

# बैठक में छाई रहीं विभिन्न समस्याएं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राम सभा रानीबाग की पहली खुली बैठक ग्राम प्रधान कलावती थापा की अध्यक्षता में जनमिलन केंद्र के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से गांव की पेयजल समस्या छाई रही।

वक्ताओं ने हर घर जल-हर घर नल योजना का कार्य अब तक पूरा न होने पर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने शीघ्र कार्य पूरा करने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्य जल्द पूरा नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। परियोजना अधिकारी राजेश ने जलागम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की। बैठक में पेंशन सहित अन्य विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। क्षेपं. सदस्य प्रथम ज्योति डसीला एवं द्वितीय संदीप राणा, जिपं. सदस्य कमलेश भट्ट, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरीश श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी उमेश पलड़िया, तारा बिष्ट, शीला साह, राहुल मनराल, गीता आर्य, मनीष साह, प्रकाश ब्रजवासी रहे।

### ग्राम सभा की खुली बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**भीमताल :** विकासखंड भीमताल के सौन गांव में ग्राम सभा की खुली बैठक ग्राम प्रधान मुकेश पलड़िया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। ग्राम प्रधान ने सभी के साथ मिलकर कार्य करने तथा ग्राम सभा को एक आदर्श ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया। बैठक में स्वरोजगार को बढ़ावा देने, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल, उचित प्रकाश व्यवस्था, कृषि आदि विषयों को प्राथमिकता दी गई तथा समस्याओं के निराकरण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में ग्राम सभा में मशरूम और जूस का कार्य कर रही युवतियों की सराहना भी की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल, पूर्व प्रधान लता पलड़िया, ग्राम पंचायत अधिकारी बद्री दत्त पलड़िया, खीमराम, भीमराम, किशन राम, शंकर दत्त सुयाल, ब्लॉक से आए अधिकारी एवं कर्मचारीगण, वार्ड मेंबर तथा रहे।

## सिटी ब्रीफ

### महेंद्र पाल बने यूकेडी के कोटाबाग ब्लॉक अध्यक्ष



**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने महेंद्र पाल को कोटाबाग ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया है। महेंद्र पाल के मनोनयन पर केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन बिष्ट, अनुसूचित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रवि वाल्मीकि, केंद्रीय मंत्री श्याम सिंह नेगी, केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट, प्रमोद सती, कोषाध्यक्ष हरीश कौटिल्या, लालकुआं दीपक भारती, महेंद्र सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, एडवोकेट रवि बोरा, केंद्रीय प्रवक्ता अशोक सिंह बोरा, खड़क सिंह बगड़वाल ने बधाई दी है।

### खेलों में विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ। समापन के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स, टीम गेम्स और मनोरंजक खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए भी रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन ने विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनदीप कौर, निदेशक अखिलेश धोनी, रंजना धोनी आदि रहे।

# सौ मीटर दौड़ में साक्षी, इलयास जीते

## अनु. जाति एथलेटिक्स प्रतियोगिता के गोला फेंक में आयुष और प्राची आर्या चमके

संवाददाता, हल्द्वानी



मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय अनुसूचित जाति एथलेटिक्स स्पर्धा में दौड़ में प्रतिभाग करते छात्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** खेल निदेशालय उत्तराखंड व खेल विभाग की ओर से आयोजित अनुसूचित जाति अंडर-19 व अंडर-15 बालक/बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को 9 बजे से हल्द्वानी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 46 बालक व 41 बालिकाओं सहित 87 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय धावक राजीव लोचन ने हरी झंडी दिखाकर किया। विभिन्न ट्रैक व फील्ड स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को अपर कोषाधिकारी माननीय अजय कुमार की ओर से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के प्रमुख परिणामों में 100 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग में इलयास अली ने प्रथम, करण आर्य ने द्वितीय व हर्षित आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 100 मीटर अंडर-19 बालिका वर्ग में साक्षी आर्य प्रथम, माही आर्य द्वितीय व खुशी आर्य तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग में सातुन आर्य ने प्रथम, राहुल कुमार ने द्वितीय व पवन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग में इलशाद अली प्रथम, हर्षित कुमार द्वितीय व राहुल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग में शांतनु आर्य ने प्रथम, प्रिंस आर्य ने द्वितीय व खुशाल मटेलिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### अंडर-19 व अंडर-15 वर्ग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** गोला फेंक अंडर-19 बालक वर्ग में स्वामी आयुष प्रथम, करण आर्य द्वितीय व ईशान लोचन तृतीय रहे, वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में प्राची आर्या ने प्रथम, तानिया कौर ने द्वितीय व निहारिका आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो अंडर-19 बालिका वर्ग में प्राची आर्या प्रथम व तनिका कौर द्वितीय रहीं, वहीं डिस्कस थ्रो अंडर-19 बालक वर्ग में विनीत आर्य प्रथम, स्वामी आयुष द्वितीय व लक्ष्मण आर्य तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर अंडर-19 बालक वर्ग में प्रिंस आर्य ने प्रथम, खुशाल मटेलिया ने द्वितीय व अर्जुन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-15 वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 800 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर व गोला फेंक जैसी विभिन्न स्पर्धाओं में बालक व बालिका वर्ग के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इन स्पर्धाओं में प्रिंस टम्टा, रेनू आर्य, वैभव, सूरज आर्य, निशा, नीलम कोहली, हर्षिता, पायल टम्टा सहित अनेक खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका आनंद देव, महेश बिष्ट, गोपाल नेगी, महेश फत्र्याल व काव्या ठाकुर ने निभाई। आयोजन के दौरान उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, किशोर पाल, त्रिलोक जीना, श्याम भट्ट सहित अनेक प्रशिक्षक, खेल प्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## जीएनजी क्रिकेट क्लब ने डीके स्पोर्ट्स को 23 रनों से हराया

**हल्द्वानीः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और जीएनजी क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीएनजी क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन किया।

टीम की ओर से प्रतीक पांडे ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंदों में 11 छक्कों और 10 चौकों की मदद से 124 रन बनाए। वहीं लक्ष्य राय चंदानी ने 46 रनों का योगदान दिया। जीएनजी की टीम ने निर्धारित 45 ओवरों में 305 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। डीके स्पोर्ट्स की ओर से गेंदबाजी में गुरुसिमरन कुकरेजा ने 4 विकेट जबकि कुशाग्र सिंह ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम 42वें ओवर में 282 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 23 रनों से मुकाबला हार गई। डीके स्पोर्ट्स की ओर से रक्षित ने शानदार 112 रन की पारी खेली, जबकि हार्दिक राज ने 59 रनों का योगदान दिया।

# हॉकी खिलाड़ी भूपेश ने सीडीएस परीक्षा पास की



सम्मान समरोह में भूपेश कोश्यारी, उनके प्रशिक्षक वरुण बेलवाल व कोच त्रिलोक जीना।

संवाददाता, हल्द्वानी

● हॉकी प्रशिक्षक और साथी खिलाड़ियों ने किया सम्मानित

**अमृत विचारः** हल्द्वानी स्टेडियम में मंगलवार को राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूपेश कोश्यारी को उनकी सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनके हॉकी प्रशिक्षक और साथी खिलाड़ियों की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी नैनीताल वरुण बेलवाल ने बताया कि यह सभी खिलाड़ियों के लिए गर्व और उत्साह का विषय है कि हमारे मैदान से निकलकर कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर देश की उच्च सेवा के लिए चयनित हो। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ हॉकी जगत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण खेल क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। भूपेश कोश्यारी बचपन से ही अनुशासित, मेहनती और लगनशील खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 67वीं रैंक के साथ सीडीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और हल्द्वानी स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हैं।

इस अवसर पर सचिव हॉकी उत्तराखंड नरेंद्र बाफिला, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, सीआरपीएफ के चीफ कोच प्रेम थापा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी हरीश भाकुनी सहित कई राष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# पर्वतीय क्षेत्रों में नेटवर्क मोबाइल एवं ब्रॉडबैंड सेवाओं में सुधार करें : भट्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी





सांसद अजय भट्ट ने दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक ली। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार को आवास विकास स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड के दफ्तर में दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक की। इसमें दूरसंचार सेवाओं की स्थिति, नेटवर्क विस्तार, उपभोक्ता की सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बीएसएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं, 4 जी व 5 जी विस्तार, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, उपभोक्ता शिकायत निवारण की प्रगति की जानकारी दी गई। आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की नीतियों के अनुरूप बीएसएनएल अपनी सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत है। सांसद भट्ट ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दूरसंचार सेवाएं आज आमजन की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी हैं। उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज, मोबाइल एवं ब्रॉडबैंड सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए, ताकि आम नागरिकों को निर्बाध और सुलभ सेवाएं प्राप्त हो सकें। इसी प्रकार की सुविधा पर्वतीय क्षेत्र में बाधित ना हो इसके लिए भी समय-समय पर क्षेत्र में जाकर समस्याओं का निराकरण करें।

इस दौरान कुमाऊं महाप्रबंधक संजय प्रसाद, उप महाप्रबंधक एलएम तिवारी मौजूद रहे।

## कथित वीआईपी की पहचान उजागर करें

**हल्द्वानी :** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, परिवर्तनकामी छात्र संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ने संयुक्त तौर पर पुलि से अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी का नाम उजागर कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने राज्य सरकार का पुतला दहन भी किया और ज्ञापन भी सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि राज्य में पिछले तीन वर्षों से अंकिता भंडारी हत्याकांड संवेदनशील और चिंता का विषय बना हुआ है। अंकिता आत्मनिर्भर बनने और परिवार की मदद के लिए रोजगार करने निकली थी। वहां उसे किसी वीआईपी को स्पेशल सर्विस देने के लिए दबाव बनाया गया। इस दौरान रजनी जोशी, चम्पा गिनवाल, पुष्पा कुड़ाई, सीमा पांडेय, भावना, जानकी, महेश, चन्दन, मुकेश भंडारी आदि मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान विवाद में कार्रवाई के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में शिकायतों पर सुनवाई करते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने ऊधम सिंह नगर के गदरपुर में केलाखेड़ा में एक ग्राम प्रधान पर ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद भी पद पर बने रहने की शिकायत में शिकायतकर्ता से शपथ पत्र मांगा है। साथ ही ऊधमसिंह नगर के डीपीआरओ को शपथ पत्र मिलने के बाद कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि इबराम अली पुत्र मो. हनीफ निवासी सरोवरनगर, केलाखेड़ा गदरपुर ने शिकायती पत्र सौंपकर कहा कि मो. दानिश पुत्र जमील अहमद निवासी सरोवरनगर, केलाखेड़ा, गदरपुर नेकूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया। फिर वर्ष 2025 में ग्राम प्रधान के पद के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और विजयी रहे। मो. दानिश का ओबीसी प्रमाण पत्र गलत बना है जबकि वह सामान्य जाति के हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन से पूर्व ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त भी हो चुका है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसकी जानकारी तत्कालीन रिटर्निंग आफिसर के संज्ञान में लाई परन्तु उन्होंने इस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। मो० दानिश वर्तमान में भी ग्राम प्रधान के पद पर बने हुए है। दानिश ने उक्त प्रमाण पत्र को बहाल किए जाने के लिए कोई कार्यवाही भी नहीं की है। इधर, मंगलवार को आयुक्त कैंप कार्यालय में शिकायतकर्ता, विपक्षी, तहसीलदार गदरपुर एवं यूएस नगर के जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित हुए। सुनवाई के बाद आयुक्त रावत ने शिकायतकर्ता को मो. दानिश के ओबीसी प्रमाण पत्र निरस्त होने का शपथ पत्र प्रस्तुत करें। साथ ही डीपीआरओ को निर्देश दिए कि शपथ पत्र प्राप्त होने के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# सावित्री पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



सावित्री पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सावित्री पब्लिक स्कूल का 51 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर वैभव पालीवाल, डीके पंत, विद्यालय प्रबंधन, मनोज उप्रेती व एनडी उप्रेती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वार्षिकोत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण का केंद्र ऑपरेशन सिंदूर, पद्मावती पृथ्वीराज चौहान और महारास की प्रस्तुति रही। समारोह में शंकर कोहली, रीता उप्रेती, गोधन सिंह, राजकुमार, नवीन शर्मा, रिचा जोशी, दीप्ति भोरियाल आदि उपस्थित रहे।

# 'वाहो-वाहो गोविंद सिंह' शबद ने किया निहाल

संवाददाता, हल्द्वानी



गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व को समर्पित तीसरी प्रभात फेरी में शामिल संगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व को समर्पित तीसरी प्रभात फेरी मंगलवार को संपन्न हुई। प्रभात फेरी का शुभारंभ सुबह 5 बजे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामलीला ग्राउंड से हुआ, जो सदर बाजार से रामपुर रोड स्थित गुरुद्वारा हरकृष्ण साहिब में पहुंचकर संपन्न हुई।

प्रभात फेरी में संगत वाहो-वाहो गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला के शबद गायन के साथ गुरबाणी कीर्तन करती हुई आगे बढ़ी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में संगत ने प्रभात फेरी में भाग लेकर दसवें गुरु गोविंद सिंह की महिमा का गुणगान किया। रामपुर रोड गुरुद्वारा पहुंचने पर संगत का स्वागत किया गया और कीर्तन-गुरबाणी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा हरकृष्ण साहिब के मुख्य सेवादार अमरीक सिंह, गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चड्ढा, मनप्रीत सिंह, हरविंदर सिंह आनंद, जगप्रीत सिंह, इंद्रपाल सिंह सेठी, सुरेंद्र सेठी, रवि आनंद, सचिव कवलजीत सिंह उत्पल, बबलू कुकरेजा, अमन आनंद सहित स्त्री सत्संग सभा से बलजीत कौर, सतवीर कौर, रविंदर कौर, मनमोहन कौर व बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही। हल्द्वानी गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा ने समस्त संगत का आभार व्यक्त किया। प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने जानकारी दी कि प्रकाश पर्व के अगली प्रभात फेरी आज (बुधवार) को सुबह 5 बजे गुरुद्वारा सिंह सभा से गुरुद्वारा चार साहिबजादे, कालाढूंगी रोड के लिए प्रस्थान करेगी।

# ठंड में त्वचा का रखें खास ध्यान, सावधानी है जरूरी

संवाददाता, हल्द्वानी



डॉ. पीडियंगती गिरी।

**अमृत विचार :** ठंड के मौसम में तापमान में गिरावट के साथ-साथ त्वचा से संबंधित समस्याओं में भी बढ़ोत्तरी देखी जाती है। इस दौरान त्वचा का ध्यान रखना जरूरी है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के चर्म रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पीडियंगती गिरी ने बताया कि सर्दियों के मौसम में ड्राई स्किन, खुजली, त्वचा का फटना, होठों का सूखना, एड़ियों का फटना, एलर्जी, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। साथ ही अधिक ठंड से हाथ-पैरों में लालिमा, जलन और सूजन की शिकायत भी होती है। डॉ. गिरी ने बताया कि सही मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के साथ ही नहाने के लिए अधिक गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल ने कहा कि डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में वरिष्ठ व अनुभवी चिकित्सकों की ओर से मरीजों को सही परामर्श और चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि त्वचा में खुजली, लाल चकत्ते, सूजन होने पर योग्य त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें।

**दीक्षांत समारोह** — वन आरक्षी प्रशिक्षुओं के दीक्षांत समारोह में प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव डॉ. विवेक पांडे ने किया सम्मानित

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर वन आरक्षी पंकज ने जीता स्वर्ण पदक

● 61 वन आरक्षियों को वन, वन्यजीवों के संरक्षण, वनाग्नि रोकथाम व वन अपराधों से निपटने का दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी













वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में विभिन श्रेणियों में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक विजेता प्रशिक्षु वन आरक्षियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में वन आरक्षी-2025 प्रशिक्षण सत्र का समापन हो गया। इसमें 61 वन आरक्षियों को वन, वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्द्धन, वनाग्नि व वन अपराधों पर शिकंजा कसने की सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

मंगलवार को एफटीआई सभागार में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ वन अनुसंधान प्रशिक्षण एवं प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव डॉ. विवेक, मुख्य वन संरक्षक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उप वन संरक्षक डॉ. अभिलाषा सिंह ने बताया कि 61 वन आरक्षियों ने छह माह का प्रशिक्षण लिया। इसमें 13 प्रशिक्षुओं ने ससम्मान, 47 ने प्रथम श्रेणी और 1 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तराई पूर्व वन डिवीजन के वन आरक्षी पंकज मेहरा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, लैंसडाउन वन डिवीजन के जसवीर सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत व नैनीताल वन डिवीजन के गौरव डांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। इसके अलावा वन वर्धन ट्रॉफी गौरव डांगी, वन अभियांत्रिकी जसवीर सिंह रजवार, वन उपयोग हरि चंद बाला, सामुदायिक वानिकी मयंक कुमार, सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी पंकज मेहरा और परेड कमांडर ट्रॉफी दीपक कुमार ने जीती। इस दौरान उप निदेशक आशीर्वाद कटियार, पूर्व डीएफओ बलवंत सिंह शाही, रेंजर अंजनी आदि मौजूद रहे।

# केवाईसी के लिए जनता परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी



सरकारी सस्ते गल्ले की एक दुकान के बाहर इंतजार करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राशन कार्ड केवाईसी कराने के लिए राशन की सस्ता-गल्ला दुकानों में हो रही लापरवाही के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जब दुकानें अपने निर्धारित समय पर नहीं खुल रही हैं और आम जनता लाइन में खड़े होकर केवाईसी कराने का इंतजार कर रहे हों।

दुकानें तय समय पर नहीं खुलने से कई लोग बिना केवाईसी कराए लौट रहे हैं। हैरानी की बात है कि जब केवाईसी कराने पहुंचे लोगों की ओर से दुकान के बाहर चस्पा दुकान स्वामी के फोन नंबर पर संपर्क किया जाता है, तो उन्हें बड़ा अजीबोगरीब जवाब मिलता है। ऐसा ही वाकया मंगलवार को वार्ड 55 के डहरिया स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर पहुंचे लोगों के साथ हुआ। शाम लगभग पौने चार बजे जब लोग दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद मिली। इस दौरान केवाईसी कराने एक व्यक्ति ने बंद दुकान के बाहर चस्पा दुकान स्वामी के फोन नंबर पर संपर्क कर केवाईसी कराने का आग्रह किया और दुकान बंद होने का कारण पूछा। जिस पर दुकान स्वामी फोन पर अभद्र व्यवहार करने लगा और केवाईसी नहीं करने की बात कहने लगा। उल्लेखनीय है कि राशन कार्ड केवाईसी के लिए आज बुधवार अंतिम तिथि निर्धारित है। शहर के सस्ता गल्ला दुकानों में राशन कार्ड केवाईसी कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सर्दियों में दुकानों के खुलने का समय सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 3 बजे से 6 बजे तक निर्धारित है।

इधर, पूर्ति अधिकारी दिव्यां पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निगम ने चलाया 40 वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान

रुद्रपुर : नए वर्ष के स्वागत के अवसर पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया। यह अभियान सभी 40 वार्डों में एक साथ चलाया गया। मंगलवार को शहरी विकास निदेशालय के निर्देश पर महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे ने नगर निगम के अधिकारियों को नव वर्ष से पहले शहर में विशेष क्लीनिंग ड्राइव चलाने के निर्देश दिए। अभियान का नेतृत्व नगर स्वास्थ्य अधिकारी कुलदीप कुमार, सफाई निरीक्षक गौतम सिंह और प्रभारी सफाई निरीक्षक ने किया। इस दौरान लो-इंटेंसिटी क्लीनिंग टार्गेट यूनिट्स, गलियों, सड़कों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की विशेष रूप से सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने विशेष उपकरण और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर गंदगी, कचरा हटाया। महापौर विकास शर्मा ने भी नागरिकों से अपील की कि वे शहर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें और अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

HINDUJA HOUSING FINANCE

## हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय नं. 167–169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई–600015
अश्वनी कॉम्पलेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी – 263139

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी – 9918301885 सीएलएम – श्री रवि दीक्षित – 9794347032

**ई–नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना ( परिशिष्ट–IV A) (नियम 8(6))**

हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का कॉर्पोरेट कार्यालय – 27, विकसित औद्योगिक एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई – 600032 और शाखा कार्यालयः – हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड – **अश्वनी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी–263139** वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद ष्अधिनियमष) के तहत। जबकि रवि दीक्षित के प्राधिकृत अधिकारी (ष्एओष) ने निम्नलिखित ऋण खाता/संभावना संख्या में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/बर्फ पर कब्जा कर लिया था। बकाया राशि की वसूली के लिए उसे **'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है** के आधार पर बेचने का अधिकार है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइटः **website:www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथि - 30 जनवरी 2026 को 11:00 बजे से 14:00 बजे**
**ईएमडी की अंतिम तिथि - 01 फरवरी 2026 शाम 05:00 बजे तक**
**ई–नीलामी की तिथि/समय - 02 फरवरी 2026 को 11:00 बजे से 13:00 बजे**

| क्र. स. | ऋण खाता नं. और कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम/ | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि / कुल बकाया | अचल सम्पत्तियां/प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की स्थिति और तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000128 &UP/HDW/HDWN/A000000238 श्रीमान् दुष्यन्त कुमार (उधारकर्ता) श्री धरम पाल और इंदु रानी (सह–उधारकर्ता) | 8/21/2024 & रू. 1225573<br>1225573/- 7/17/2024 तक | प्लॉट नंबर एस– 7, खेत नंबर 265 मिनट। बिगवारा किच्छा यू.एस.नगर, किच्छा, सेमीअर्बन, किच्छा, उत्तराखंड, भारत – 263148, 1800 वर्ग फुट या 167.28 वर्ग मीटर। दिशा/सीमाएँ पूर्व– प्लॉट नं. ए–1, पश्चिम–रोड, दक्षिण–रोड, उत्तर–प्लॉट नं. एस–6 | 12/10/2024 | रू. 3293000/-<br>रू. 329300/-<br>रू. 10,000/- |
| 2. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000236 श्री विमित कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती दीपिका (सह–उधारकर्ता) | 8/16/2024 & रू. 1545594<br>1545594/- 7/17/2024 तक | खसरा नंबर 179 मिनट, खड़कपुर देवीपुरा, शुगर मिल रोड, वार्ड नंबर 9, काशीपुर,, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713, प्लॉट एरिया = 679 वर्ग फुट। दिशा/सीमाएं एन = 15 फीट रोड, एस = देवराज का एच, ई = कल्पना का एच, डब्ल्यू = 10 फीट रोड | 12/10/2024 | रू. 1712000/-<br>रू. 171200/-<br>रू. 10,000/- |
| 3. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000109 श्री मोहम्मद दानिश (उधारकर्ता) श्रीमती हलीमा बेगम (सह–उधारकर्ता) | 8/21/2024 & रू. 3401944<br>3401944/- 7/17/2024 तक | 1,,गाटा संख्या 433 मिन, नई बस्ती, ग्राम–फरीदनगर, जमनावाला, मुरादाबाद रोड, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश 244601, क्षेत्रफल 1700 वर्गफुट। दिशा/सीमाएं उत्तर–वीकैंट प्लॉटदक्षिण–20 फीट सड़क पूर्व–आबिद हुसैन का घर पश्चिम–रचना सिंह की संपत्ति | 12/11/2024 | रू. 4717000/-<br>रू. 471700/-<br>रू. 10,000/- |
| 4. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000183 &UP/HDW/KSHP/A000000361 श्री दीपक कुमार (उधारकर्ता) श्री सुनील कुमार (सह–उधारकर्ता) | 8/30/2024 & रू. 1923215<br>1923215/- 8/28/2024 तक | मकान संख्या 2390/1933/298, एनए, आर्य नगर, महेशपुरा, यू.एस.नगर, हिमालयन स्कूल, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713 प्लॉट क्षेत्र–1075। दिशा/सीमाएँ उत्तर–10 फीट रोड, दक्षिण–अन्य संपत्ति गोपाल सिंह का पूर्व–एच, पश्चिम–कपिल अग्रवाल का एच | 12/10/2024 | रू. 2417000/-<br>रू. 241700/-<br>रू. 10,000/- |
| 5. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000019 श्री तिवारी सिंह (उधारकर्ता) श्री निर्मला देवी (सह–उधारकर्ता) | 8/30/2024 & रू. 1447592<br>1447592/- 8/28/2024 तक | 1,,खाता संख्या 62, खसरा संख्या 182 मिन, ऊंची महुवत, खटीमा, सितारगंज, य.एस.नगर, उत्तराखंड 262308, ऊंची प्लॉट क्षेत्र–1721.6। दिशा/सीमाएँ उत्तर. मान की संपत्ति, दक्षिण– पप्पू की संपत्ति, पूर्व. 10 फीट रोड, दक्षिण– राजू की संपत्ति | 12/16/2024 | रू. 2070000/-<br>रू. 207000/-<br>रू. 10,000/- |
| 6. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000217 श्री कमर खान (उधारकर्ता) श्रीमती आलिया अंसारी और श्रीमती खालिदा जिया (सह–उधारकर्ता) | 8/21/2024 & रू. 1399877<br>1399877/- 7/17/2024 तक | ग्राम दौलपुरी बामनिया पोस्ट मानपुर, मुरादाबाद, गोसिया मस्जिद के पास, सेमीअर्बन, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 244001, 1245.75 वर्गफुट। दिशा/सीमाएं उत्तर–6 मीटर सड़क दक्षिण–एच नबी अहमद का पूर्व–एच मुन्साम अली का पश्चिम–एच नबिया का | 12/16/2024 | रू. 2707000/-<br>रू. 270700/-<br>रू. 10,000/- |
| 7. | ऋण खाता सं.. UP/HDW/KTMA/A000000040 श्री दारा सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती बलविंदर कौर (सह–उधारकर्ता) | 8/16/2024 & रू. 1442661<br>1442661/- 7/17/2024 तक | 1,,खसरा नंबर 116 मिन, ग्राम– बिही, जंगल जोगीठेर, प्रतापपुर रोड, नानकमत्ता, पुलिस स्टेशन– नानकमत्ता, सितारगंज, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 262311 प्लॉट एरिया = 1750 वर्ग फुट। दिशा/सीमाएँ N=बलविंदर सिंह की भूमि, S=सड़क E=बलविंदर सिंह का घर, W=सड़क | 12/16/2024 | रू. 1685000/-<br>रू. 168500/-<br>रू. 10,000/- |
| 8. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000386 श्री राजेंद्र सिंह बिष्ठ (उधारकर्ता) श्री मीनाक्षी बिष्ठ बिष्ठ (सह–उधारकर्ता) | 8/13/2024 & रू. 490993<br>490993/- 8/13/2024 तक | खसरा नंबर 48 खा मिन, जयनगर नंबर 4, ग्राम–जयनगर, विजयनगर, गदरपुर, रुद्रपुर, यू.एस.नगर 263153. दिशा/सीमाएं उत्तर– अन्य संपत्ति, दक्षिण–अन्य संपत्ति, पूर्व– अन्य संपत्ति, पश्चिम– 15 फीट रोड | 12/17/2024 | रू. 1518000/-<br>रू. 151800/-<br>रू. 10,000/- |
| 9. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000526 श्री धर्मेन्द्र कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती तारावती देवी कुमार (सह–उधारकर्ता) | 8/13/2024 & रू. 2110678<br>2110678/- 7/17/2024 तक | प्लॉट नंबर 12 पर एच, खाता नंबर 2203, वनखंडी चरण 1, वार्ड नंबर 1, फुलसुंगा, बालाजी मंदिर के अलावा, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153 क्षेत्र 1800 वर्ग फुट। दिशा/सीमाएं उत्तर–प्लॉट संख्या 11 दक्षिण–प्लॉट संख्या 13 पूर्व–9.14 मीटर सड़क पश्चिम–अशोक सिंह की भूमि | 12/16/2024 | रू. 3600000/-<br>रू. 360000/-<br>रू. 10,000/- |
| 10. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000137 &UP/HDW/HDWN/A000000326 श्री सुखदेव सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती महेंद्र कौर (सह–उधारकर्ता) | 12/22/2023 & रू. 1525244<br>1525244/- 10/20/2023 तक | खेत नंबर 472, खमरिया, नानकमत्ता, खमरिया, गुरुद्वारा, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311. उप–रजिस्ट्रार. जिला – सितारगंज, जिला। यू.एस. नगर. दिशा/सीमाएँ ईस्ट रोड 30 एफटी, निशान सिंह का पश्चिमी खेत, उत्तर गुरुमीत सिंह का घर, गुरदेव सिंह का दक्षिणी प्लॉट | 12/16/2024 | रू. 2961000/-<br>रू. 296100/-<br>रू. 10,000/- |
| 11. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000016 &UP/HDW/HDWN/A000000555 श्री जस प्रीत सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती चरणजीत कोर (सह–उधारकर्ता) | 9/18/2024 & रू. 2131105<br>2131105/- 9/14/2024 तक | खाता नंबर 48 खेत नंबर 125/1 मिन नानकमत्ता सितारगंज, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405 प्लॉट एरिया =1800 वर्गफुट। दिशा/सीमाएँ उत्तर = सड़क, दक्षिण = जोगिंदर की भूमि, पूर्व–सड़क, पश्चिम = लाल सिंह की भूमि | 12/19/2024 | रू. 2861000/-<br>रू. 286100/-<br>रू. 10,000/- |
| 12. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000105 &UP/HDW/HDWN/A000000337 श्री मनोज कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती रेखा आर्य पी1 ए, (सह–उधारकर्ता) | 9/18/2024 & रू. 1037688<br>1037688/- 9/14/2024 तक | खाता नंबर –01, खसरा नंबर –217/1 मिनट, धनपुर, जीतपुर नेगी, आनंदपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, जीतपुर नेगी, हनुमान मंदिर, ग्रामीण, हल्द्वानी, उत्तराखंड, भारत – 263139 प्लॉट क्षेत्र 7481.. दिशा/सीमाएं उत्तर=अन्य की भूमि, दक्षिण=हरीश चंद का खेत, पूर्व–12 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम = मालकोटी का घर | 12/19/2024 | रू. 11263000/-<br>रू. 1126300/-<br>रू. 10,000/- |
| 13. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000552 (अब मर चुका है) यामीन अहमद (उधारकर्ता) श्रीमती मेहरुल निशा (सह–उधारकर्ता) | 8/16/2024 & रू. 1512085<br>1512085/- 7/17/2024 तक | खाता नंबर 257, खसरा नंबर 281/2 मिन, वार्ड नंबर 2 मुंडिया पिस्तोर, बाजपुर,, सेमीअर्बन, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत – 262401, प्लॉट एरिया = 1590 वर्गफुट। दिशा/सीमाएँ उत्तर = 5 फीट सड़क, दक्षिण = परवीन की संपत्ति पूर्व = विक्रेता की संपत्ति पश्चिम = 20 फीट सड़क | 12/13/2024 | रू. 3080000/-<br>रू. 308000/-<br>रू. 10,000/- |
| 14. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000312 श्री हमीदुल्ला हमीदुल्ला (उधारकर्ता) श्रीमती फातमा फातमा (सह–उधारकर्ता) | 8/13/2024 & रू. 3288335<br>3288335/- 7/17/2024 तक | खसरा नंबर 262 मिन, एनए, नीझरा, वार्ड नंबर 1, जसपुर खुर्द, यूएसनगर, शिवालिक स्कूल, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713, क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट। दिशा/सीमाएँ N=30 फिट रोड, S=अन्य संपत्ति, E=विक्रेता की संपत्ति, W=अन्य संपत्ति | 1/8/2025 | रू. 2478000/-<br>रू. 247800/-<br>रू. 10,000/- |
| 15. | ऋण खाता सं. UP/HDW/STGJ/A000000087 &UP/HDW/HDWN/A000000527 श्री नवीन कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती मिथलेश कुमारी (सह–उधारकर्ता) | 9/18/2024 & रू. 1478436<br>1478436/- 9/14/2024 तक | ,,,खेत नंबर 219 पर घर, मिन चिन्नटी मांजरा नकुलिया चोरया से नकुलिया मार्ग सितारगंज जिला उदामसिंहनगर, खेत नंबर पर घर। 219 मिनट चिन्ती मांजरा नकुलिया चोरया से नकुलिया मार्ग सितारगंज जिला उदमसिंहनगर, दाडिमा पब्लिक स्कूल, सितारगंज, उत्तराखंड,2। दिशा/सीमाएँ उत्तर=दूसरे का प्लॉट, दक्षिण=विक्रेता की संपत्ति, पूर्व–विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम=20 फीट चौड़ी सड़क | 1/8/2025 | रू. 1640000/-<br>रू. 164000/-<br>रू. 10,000/- |
| 16. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000086 &UP/HDW/HDWN/A000000627 श्री मोशिन रजा (उधारकर्ता) श्री हलीमा बेगम (सह–उधारकर्ता) | 8/30/2024 & रू. 4062002<br>4062002/- 8/28/2024 तक | के,1,,खसरा नंबर 433 मिन, मोहम्मदगंज, मौजा–जमनावाला, ठाकुरद्वारा, पुलिस स्टेशन–ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, यूटीस्टारकॉम प्रदेश 244601, भूखंड क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट। दिशा/सीमाएं पूवर्रू अन्य प्लॉट, पश्चिमः सड़क, उत्तरः 25 फीट रोड, दक्षिणः अन्य संपत्ति | 1/9/2025 | रू. 4542000/-<br>रू. 454200/-<br>रू. 10,000/- |
| 17. | ऋण खाता सं. UP/HDW/STGJ/A000000168 श्री गुरनाम सिंह (उधारकर्ता) श्री गुरमीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 9/18/2024 & रू. 1646149<br>1646149/- 9/14/2024 तक | खाता नंबर 62, एनए, ग्राम– खमरिया, नानकमत्ता, यू.एस. नगर, खमरिया तिराहा, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311 प्लॉट एरिया = 4000 वर्गफुट। दिशा/सीमाएं एन–जगदीश सिंह का घर एस=सड़क ई=सड़क डब्ल्यू=अन्य संपत्ति | 1/11/2025 | रू. 1946000/-<br>रू. 194600/-<br>रू. 10,000/- |
| 18. | ऋण खाता सं. UP/HDW/STGJ/A000000152 श्री जिंदर सिंह इटोवा (उधारकर्ता) श्रीमती सर्वजीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & रू. 1910230<br>1910230/- 9/14/2024 तक | खाता नंबर 29 खेत नंबर 127/2 विदौरा नानकमत्ता सितारगंज यूएसनगर, नानकमत्ता, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311 दिशा/सीमाएं एन–बलवीर सिंह की संपत्ति एस–रोड 15 फीट चौड़ी ई–रोड 15 फीट चौड़ी, डब्लू–भूमि मनदीप सिंह का | 8/12/2025 | रू. 2070000/-<br>रू. 207000/-<br>रू. 10,000/- |
| 19. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000614 श्री मोहम्मद साहिल अंसारी (उधारकर्ता) श्रीमती सीमा इकबाल (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & रू. 1905689<br>1905689/- 6/5/2025 तक | खाता नंबर 60, खेत नंबर 204, ग्राम भिटौरा, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405। दिशा/सीमाएँ एन–ज्योति अरोरा की संपत्ति एस–14 फीट रोड, नवाब अहमद का ई–एच, सायमा का डब्ल्यू–प्लॉट | 8/12/2025 | रू. 1960000/-<br>रू. 196000/-<br>रू. 10,000/- |
| 20. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000744 सुश्री गुरदेव कौर (उधारकर्ता) श्री मलकीत सिंह (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & Rs. 916033<br>916033/- 6/5/2025 तक | खेत नंबर 247 मिन, खाता नंबर 39, 129 खमरिया नानकमत्ता यूएस नगर, नानकमत्ता,, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311। दिशा/सीमाएं एन–12 फिट रोड एस–मालिक संपत्ति, लखविंदर का ई–हाउस, डब्ल्यू–15 फिट रोड | 8/12/2025 | रू. 1598000/-<br>रू. 159800/-<br>रू. 10,000/- |
| 21. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000654 श्री तोफिक अहमद (उधारकर्ता) श्रीमती मुन्नी बेगम (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & रू. 821973<br>821973/- 6/5/2025 तक | खेत नंबर 446 मिन, एनए, गांव लालपुर, मकान नंबर 06 महाराया रोड, यूएस नगर, एचपी गैस एजेंसी और कच्चा रोड महेंद्र एजेंसी, किच्छा, उत्तराखंड, 263148 के सामने से जाता है। दिशा/सीमाएँ पम्मू और उसके भाई का एन–खेत, एस–रोड 18 फीट, शखावत हुसैन का ई–हाउस, अन्य का डब्ल्यू–प्लॉट | 8/11/2025 | रू. 1516000/-<br>रू. 151600/-<br>रू. 10,000/- |
| 22. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000165 श्री कृष्ण सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती मंजीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & रू. 730484<br>730484/- 6/5/2025 तक | खेत संख्या 145 घा मिन, ग्राम देवकली, नानकमत्ता, यूएस नगर, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311। दिशा/सीमाएं एन–दाता के घर और कृषि भूमि का शेष भाग आर एस–रोड 12 फीट, स्वर्ण सिंह का ई–घर, गुरमेज सिंह का डब्ल्यू–घर | 8/12/2025 | रू. 1393000/-<br>रू. 139300/-<br>रू. 10,000/- |
| 23. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000162 श्री कृपाल सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती सलविंदर कौर (सह–उधारकर्ता) | 5/8/2025 & रू. 595914<br>595914/- 6/5/2025 तक | खाता नंबर 104, खसरा नंबर 184 मिन, देवकली नानकमत्ता यूएस नगर, नानकमत्ता,, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262311। दिशा/सीमाएं एन–12 फीट सड़क और अन्य एस की भूमि–यमुना प्रसाद की भूमि, आत्मा सिंह की ई–एच, दाता की डब्ल्यू–भूमि | 8/12/2025 | रू. 1719000/-<br>रू. 171900/-<br>रू. 10,000/- |
| 24. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000539 श्री हेमन्त कुमार पुथल (उधारकर्ता) श्रीमती रीतू पूथल (सह–उधारकर्ता) | 4/22/2025 & रू. 2203578<br>2203578/- 4/8/2025 तक | खसरा नंबर 111 मिन, भमरौला, रुद्रपुर,, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263153। दिशा/सीमाएँ उत्तर–सड़क, दक्षिण–दूसरे का प्लॉट, पूर्व–गोपाल चंद का घर, पश्चिम–विक्रेता का प्लॉट | 7/23/2025 | रू. 1930000/-<br>रू. 193000/-<br>रू. 10,000/- |
| 25. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000155 श्री अजीत सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती सर्वजीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 12/3/2025 & रू. 914238<br>914238/- 12/3/2025 तक | खसरा नंबर 887/1 मिन, सिसौना बरुआ बाग सितारगंज यूएस नगर, बरुआ बाग, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405। दिशा/सीमाएं एन–अन्य संपत्ति एस–14 फीट रोड दीक्षा राणा का ई–एच डब्ल्यू–अशोक कुमार का प्लॉट | 7/16/2025 | रू. 1044000/-<br>रू. 104400/-<br>रू. 10,000/- |
| 26. | ऋण खाता सं.. UP/HDW/KTMA/A000000030 &UP/HDW/HDWN/A000000551 श्री सुनील कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती विनीता गुप्ता (सह–उधारकर्ता) | 1/2/2025 & रू. 517827<br>517827/- 12/25/2024 तक | ,1,,खाता नंबर 13, खसरा नंबर 116 मिनट, ग्राम– बिही, भरा भूरिया, रतनपुर, नानकमत्ता, थाना– नानकमत्ता, सितारगंज, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 262308, ग्राम– बिही, भरा भूरिया, रतनपुर, नानकमत्ता, थाना– नानकमत्ता, सितारगंज, यू.एस.नगर, यू. दिशा/सीमाएं एन–15 फीट रोड, पपिंदर सिंह की एस–प्रॉपर्टी, राम सिंह का ई–प्लॉट, बिष्ट जी का डब्ल्यू–प्लॉट | 5/17/2025 | रू. 1744000/-<br>रू. 174400/-<br>रू. 10,000/- |
| 27. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000044 & UP/HDW/KTMA/A000000105 श्री अनिल सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती संदीप कौर (सह–उधारकर्ता) | 1/2/2025 & रू. 942539<br>942539/- 12/25/2024 तक | खाता नंबर 647, एनए, एनए, सिसई खेड़ा, दोहरा,, खटीमा नानकमत्ता रोड से 200 मीटर, हरिमन सीड्स के पास, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405। दिशा/सीमाएं विक्रेता का एन–प्लॉट, एस–रोड 25 फीट चौड़ा, स्वयं का ई–प्लॉट, सर्वजीत सिंह का डब्ल्यू–प्लॉट | 5/17/2025 | रू. 1860000/-<br>रू. 186000/-<br>रू. 10,000/- |
| 28. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000096 श्री मंजीत सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती केएम प्रिया (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 1902941<br>1902941/- 12/25/2024 तक | खाता नंबर 238, एनए, ग्राम मटिहा, दियोरी मोड़, उपतहसील नानकमत्ता, गुरुद्वारा मटिहा, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311। दिशा/सीमाएं एन–13 फीट रोड, एस–अन्य संपत्ति, गुरदयाल सिंह की ई–एच, जोगेंदर सिंह की डब्ल्यू–भूमि | 5/17/2025 | रू. 2112000/-<br>रू. 211200/-<br>रू. 10,000/- |
| 29. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000328 श्री मोहम्मद आरिश (उधारकर्ता) श्रीमती रुख्शार रुख्शार (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 2900387<br>2900387/- 12/25/2024 तक | खसरा नंबर 205 मिनट, वार्ड नंबर 1, नीझरा, शिवालिक रोड, काशीपुर, शिवालिक रोड, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713। दिशा/सीमाएं एन–20 फीट रोड एस–सुरेश की संपत्ति, आरती रावत की ई–संपत्ति, डब्ल्यू–अन्य संपत्ति | 5/16/2025 | रू. 2383000/-<br>रू. 238300/-<br>रू. 10,000/- |
| 30. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000098 श्री दिनेश चंद्र जोशी (उधारकर्ता) श्रीमती बीना जोशी (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 1098374<br>1098374/- 12/25/2024 तक | प्लॉट नंबर 23, एनए, टीचर्स कॉलोनी, गढ़ी पट्टी नानकमत्ता, यू.एस.नगर, नानकमत्ता गुरुद्वारा, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311। दिशा/सीमाएँ एन–कृपाल सिंह राणा की भूमि, विक्रेता का एस–प्लॉट ई–25 फीट रोड, विक्रेता का डब्ल्यू–प्लॉट | 5/15/2025 | रू. 900000/-<br>रू. 90000/-<br>रू. 10,000/- |
| 31. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000041 श्री मोहम्मद शाहवेज (उधारकर्ता) श्रीमती रविया बेगम (सह–उधारकर्ता) | 2/1/2025 & रू. 660832<br>660832/- 1/28/2025 तक | ,1,, खसरा संख्या 85 मिनट, जसपुर पट्टी उत्तम, तहसील–जसपुर, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244713, जसपुर पट्टी उत्तम, तहसील– जसपुर, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, जसपुर पट्टी, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713। दिशा/सीमाएं एन–रोड एस–अहमद नबी का घर ई–प्लॉट अन्य डब्ल्यू का घर परवीन | 5/16/2025 | रू. 1428000/-<br>रू. 142800/-<br>रू. 10,000/- |
| 32. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000579 & CO/CPC/CPOF/A000004097 श्री सागर सूद (उधारकर्ता) श्रीमती सीमा सूद (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 2254409<br>2254409/- 11/12/2024 तक | खाता नंबर 607, एनए, वार्ड नंबर 7, नेताजी नगर, जाफरपुर रोड, दिनेशपुर, हरि मंदिर, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153 SQF–T2232A दिशा/सीमाएं एन–पुष्पा मंडल की संपत्ति एस–पुष्पा मंडल की संपत्ति ई–10 फीट रोड डब्ल्यू–अन्य संपत्ति | 4/5/2025 | रू. 2659000/-<br>रू. 265900/-<br>रू. 10,000/- |
| 33. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000459 ,UP/HDW/HDWN/A000000568 श्री प्रताप सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती शांति देवी (सह–उधारकर्ता) | 8/21/2024 & रू. 1871885<br>1871885/- 7/17/2024 तक | खाता नंबर 33, खसरा नंबर 321 का मिनट, 323, गांव–मोतियापुर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152, प्लॉट एरिया = 1200 वर्गफुट। दिशा/सीमाएँ N = लाल मोहम्मद का प्लॉट, S = 20 फीट सड़क, E = लाल मोहम्मद का प्लॉट, W = लाल मोहम्मद का प्लॉट | 4/5/2025 | रू. 3676000/-<br>रू. 367600/-<br>रू. 10,000/- |
| 34. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000195 & UP/HDW/HDWN/A000000443 श्री मोहम्मद अब्दुल दारौ (उधारकर्ता) श्रीमती मुक्तार मुक्तार छिनकी (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 897752<br>897752/- 12/25/2024 तक | ,NA,,खाता नंबर पर स्थित संपत्ति। 234, खेत नं. 670 मिनट, ग्राम–छिनकी, तहसील–किच्छा, जिला–उधम सिंह नगर उत्तराखंड, छिनकी, मौर्य रेस्ट्रो के पास, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 243201 पर स्थित है। दिशा/सीमाएँ उत्तर–4. 50 मीटर चौड़ी सड़क दक्षिण–मुकीर के प्लॉट का बाकी हिस्सा, पूर्व–मुकीर के प्लॉट का बाकी हिस्सा, पश्चिम–3. 50 मीटर चौड़ी सड़क | 4/8/2025 | रू. 1286000/-<br>रू. 128600/-<br>रू. 10,000/- |
| 35. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000415 सुश्री इंदु गुप्ता (उधारकर्ता) मुकेश कुमार गुप्ता (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 1332641<br>1332641/- 12/25/2024 तक | खसरा नंबर 352 मिन, एनए, मौजा जसपुर खुर्द, नीझरा रोड, यूएस नगर, गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713। दिशा/सीमाएं एन–16 फीट रोड एस–अन्य संपत्ति दलवीर सागर का ई–प्लॉट, विक्रेता रीना का डब्ल्यू–प्लॉट | 4/11/2025 | रू. 1392000/-<br>रू. 139200/-<br>रू. 10,000/- |
| 36. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000295 & CO/CPC/CPOF/A000003765 श्री मुनीर अहमद (उधारकर्ता) श्रीमती शकीला शकीला (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 2557060<br>2557060/- 11/12/2024 तक | खसरा नंबर 211 बा मिन, एनए, यूके एन्क्लेव, नीझरा, वार्ड नंबर 1, जसपुर खुर्द, यूएस नगर, यूके एन्क्लेव, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713 SQFT –1200। दिशा/सीमाएं अहसान अली (विक्रेता) का एन–एच, अहसान अली (विक्रेता) का एस–एच, ई–20 फीट सड़क, अहसान अली (विक्रेता) की डब्ल्यू–संपत्ति | 4/11/2025 | रू. 2490000/-<br>रू. 249000/-<br>रू. 10,000/- |
| 37. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000247 श्री जावेद अली (उधारकर्ता) श्रीमती नरगिस मंसूरी (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 3294353<br>3294353/- 11/12/2024 तक | खसरा नंबर 350 मिन, एनए, गांव सरवरखेड़ा, रजा रेजीडेंसी, मोरादाबाद रोड, रजा रेजीडेंसी, काशीपुर, उत्तराखंड, 244713 990 वर्गफुट। दिशा/सीमाएं आसिफ हुसैन की एन–संपत्ति, साजिद सैफी का एस–एच, ई–20 फीट रोड, मोहम्मद नदीम का डब्ल्यू–एच | 4/11/2025 | रू. 2960000/-<br>रू. 296000/-<br>रू. 10,000/- |
| 38. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000125 श्री सलीम अहमद (उधारकर्ता) श्रीमती नगमा खातून (सह–उधारकर्ता) | 9/18/2024 & रू. 2074869<br>2074869/- 9/14/2024 तक | ,1,, खसरा नंबर 910 मिन, वाके मौजा बैलजुरी, तहसील–काशीपुर, पुलिस स्टेशन – काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244713, प्लॉट क्षेत्र 600। दिशा/सीमाएं एन = अन्य संपत्ति, एस = सड़क, ई = सड़क, डब्ल्यू = रोशन जहां का घर | 4/11/2025 | रू. 1238000/-<br>रू. 123800/-<br>रू. 10,000/- |
| 39. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KSHP/A000000448 श्री आशीष सैनी (उधारकर्ता) श्रीमती रेखा देवी (सह–उधारकर्ता) | 12/27/2024 & रू. 1067792<br>1067792/- 12/25/2024 तक | खसरा नंबर 384 मिन, जसपुर खुर्द बांसियों वाला मंदिर काशीपुर यूएस नगर, जसपुर खुर्द,, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत – 244713। दिशा/सीमाएं दीनानाथ के अन्य एस–एच का एन–प्लॉट, अन्य का ई–प्लॉट, डब्ल्यू–15 फीट रोड | 4/11/2025 | रू. 931000/-<br>रू. 93100/-<br>रू. 10,000/- |
| 40. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000512 श्री चंदा मिया (उधारकर्ता) श्रीमती अंजुमन अंजुमन (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 2039774<br>2039774/- 11/12/2024 तक | खेत नंबर 202 मिन.,एनए, ग्राम– भिटौरा, किच्छा रोड, यू. एस.नगर, नया गांव दरगाह, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405 वर्गफुट –1080। दिशा/सीमाएं एन–20 फीट रोड, नुसरत अली का एस–एच, राजेश कन्याल का ई–एच, डब्ल्यू–10 फीट रोड | 3/27/2025 | रू. 2198000/-<br>रू. 219800/-<br>रू. 10,000/- |
| 41. | ऋण खाता सं. UP/HDW/STGJ/A000000161 श्री पलविन्दर सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती कुलवंत कौर (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 1828374<br>1828374/- 11/12/2024 तक | खाता नंबर 29, एनए, ग्राम– बिदौरा, नानकमत्ता, यू.एस. नगर, पीर बाबा डेगाह, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311. दिशा/सीमाएं रेशम सिंह का एन–एच, जोगेंद्र सिंह का एस–एच, ई–12 फीट कच्चा रोड डब्ल्यू–अन्य संपत्ति | 3/27/2025 | रू. 3027000/-<br>रू. 302700/-<br>रू. 10,000/- |
| 42. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000647 श्री प्रीतम सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती हरविंदर कौर (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 1543955<br>1543955/- 11/12/2024 तक | खाता नंबर 88, एनए, ग्राम देवकली, सालमट्टी, उपतहसील नानकमत्ता, गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, 262311 वर्गफुट –1749। दिशा/सीमाएं मनजीत सिंह की एन–एच एस–20 फीट सड़क हरवंश सिंह की ई–खेत डब्ल्यू–एच मीत सिंह की | 3/27/2025 | रू. 1935000/-<br>रू. 193500/-<br>रू. 10,000/- |
| 43. | ऋण खाता सं. UP/HDW/HDWN/A000000569 श्री विक्रम रावत (उधारकर्ता) श्रीमती मोहनी मोहनी (सह–उधारकर्ता) | 11/21/2024 & रू. 1029461<br>1029461/- 11/12/2024 तक | खसरा नंबर 87, एनए, सीला माजरा गदरपुर, काशीपुर रोड, यूएस नगर, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153 SQFT–720. दिशा/सीमाएँ N–40 फीट फिर अन्य की खाली भूमि S–40 फीट फिर रवि रावत की पत्नी विमलेश का घर E–18 फीट फिर 22 फीट सड़क W–18 फीट फिर अन्य की खाली भूमि | 3/27/2025 | रू. 1301000/-<br>रू. 130100/-<br>रू. 10,000/- |
| 44. | ऋण खाता सं. UP/HDW/KTMA/A000000115 श्री गोविंद सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती एमआईटी कौर (सह–उधारकर्ता) | 10/23/2024 & रू. 1539906<br>1539906/- 10/21/2024 तक | खाता नंबर 36, एनए, ग्राम खमरिया, उपतहसील नानकमत्ता, यू.एस.नगर, केनरा बैंक खमरिया, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311 प्लॉट क्षेत्र 2000 वर्गफुट। दिशा/सीमाएँ उत्तर=हरदेव सिंह की भूमि, दक्षिण=दर्शन सिंह का एच, पूर्व=सड़क पश्चिम=जसपाल सिंह का एच | 3/27/2025 | रू. 1884000/-<br>रू. 188400/-<br>रू. 10,000/- |
| 45. | ऋण खाता सं.. UP/HDW/STGJ/A000000022 & ,CO/CPC/CPOF/A000001738 श्री नरेश रस्तोगी (उधारकर्ता) श्री लक्ष्मी रस्तोगी (सह–उधारकर्ता) | 8/21/2024 & रू. 847540<br>847540/- 7/17/2024 तक | NA,,खसरा नं. 902 मिनट, एच, नं–665, तपेड़ा, जगदम्बा मंदिर, वार्ड नं. 6, ग्रीन कॉलोनी, खटीमा रोड, ग्राम – नानकमत्ता, तहसील – सितारगंज, जिला – उधम सिंह नगर, नानकमत्ता, जगदम्बा मंदिर के पास, सितारगंज, उत्तराखंड, 262311, क्षेत्रफल 1050sft.. दिशा/सीमाएँ उत्तर – 10 फीट चौड़ी सड़क दक्षिण – 10 फीट चौड़ी सड़क पूर्व – सुखविंदे की संपत्ति पश्चिम – हर प्रकाश की संपत्ति | 3/8/2025 | रू. 2591000/-<br>रू. 259100/-<br>रू. 10,000/- |

## आग से बुजुर्ग झुलसा, मौत

**रुद्रपुरः** ट्रांजिट कैंप तीनपानी रोड पर खंडहरनुमा कमरे में रह रहे एक बुजुर्ग की आग में झुलसने से मौत हो गयी। घटना में बुजुर्ग की पत्नी बाल-बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बनारस पटफटी रामनगर निवासी 83 वर्षीय रामचंद्र अपनी 75 वर्षीय पत्नी चमेला के साथ ट्रांजिट कैंप तीनपानी रोड के पास एक खंडहर नुमा कमरे में रहते हैं। रामचंद्र चलने फिरने में असमर्थ था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सायं दोनों आसपास बैठे हुए थे। इस दौरान अचानक वहां पर आग लग गई। जिससे वहां रखा सारा सामान जल गया और रामचंद्र भी आग से झुलस गया। यह देख उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो वहां से गुजर रहे लोग एकत्रित हो गये और आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बुजुर्ग की जलकर मौत हो गई थी। सूचना पुलिस और फायर कर्मियों को दी गई। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी का अभी पता नहीं चल पाया है। सूचना पर सीओ प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## मृतक के परिजनों को सांत्वना दी

**रुद्रपुर** : काशीपुर हाईवे पर डंपर हादसे में जान गंवाने वाले रम्पुरा निवासी 22 वर्षीय बबलू कोली के परिजनों से विधायक शिव अरोरा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मुलाकात की। विधायक ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया।उन्होंने एआरटीओ और पुलिस अधिकारियों को मुआवजे के लिए तत्काल रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक और स्थानीय समाजसेवियों ने अंत्येष्टि के लिए परिवार को निजी तौर पर भी आर्थिक मदद प्रदान की। इस अवसर पर पार्षद गिरीश पाल, समाजसेवी सुशील गाबा, डॉ.महेश कोली, राज कोली, चंद्रसेन चंदा, चंद्रपाल कोली, डम्पी कोली, रामवचन, शिवकरन, सुदामा कोली, हरदेव, सुखलाल, मुकेश कुमार और अन्य लोग मौजूद रहे।

## जूतों-चप्पलों की माला पहनकर डीएम कार्यालय पहुंचे समिति अध्यक्ष

**रुद्रपुरः** कर्मयोग एवं सहयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा मंगलवार को गले में जूतों-चप्पलों की माला पहनकर अपनी पत्नी मीरा वर्मा के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। वर्मा ने दावा किया कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक और संवैधानिक व्यवस्था के जरिए वे मात्र 15 दिनों में अपराध के 99 प्रतिशत मामले कम कर सकते हैं। उन्होंने ज्ञापन में पीड़ित परिवारों के लिए निर्भया फंड से एक-एक करोड़ रुपये की सहायता और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

## आधार सेंटर बंद होने से आक्रोश

**रुद्रपुरः** शहर में बैंक और सीएससी सेंटरों में आधार बनाने की प्रक्रिया बंद होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्याप्त है। विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

मंगलवार को मुख्यमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ने कहा कि पिछले कई समय से बैंक और सीएससी सेंटरों में आधार बनाने का कार्य बंद कर दिया गया है। जबकि सरकार के निर्देश पर यह प्रक्रिया एसबीआई बैंक और नगर निगम कार्यालय में हो रही है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यहां एक-एक काम के लिए एक हजार रुपये से लेकर 4 हजार रुपये लिए जा रहे हैं, जो गलत है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, रणजीत सिंह राणा, पार्षद शुभम दास, संजीव चौहान, रोहित चौहान आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### फास्टफूड के ठेले पर सिलेंडर से आग धधकने से हड़कंप

**काशीपुर** : किला बाजार स्थित बिजलीघर के पास फास्टफूड के ठेले पर सिलेंडर से आग भड़कने से हड़कंप मच गया। आग पर लोगों ने बमुश्किल काबू पाया। बता दें कि किला बाजार में स्थित बिजली घर के पास एक फास्टफूड का ठेला लगता है। सोमवार की शाम अचानक उसके गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं बिजली घर से सटाकर लगे फास्टफूड का ठेला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने ठेले को वहां से हटाने की मांग की है। जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### बसपा का मंडलीय कार्यक्रम आज हल्द्वानी में

**काशीपुर** : बसपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश गौतम ने बताया कि 31 दिसंबर को करीब 12 बजे से पार्टी का मंडल स्तरीय कार्यक्रम सर्किट हाउस काठगोदाम हल्द्वानी में होगा। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी पूर्व एमएलसी भीमराव अंबेडकर और प्रदेश प्रभारी गिरीश चंद्र जाटव पूर्व सांसद नगीना रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहित आनंद करेंगे। साथ ही जिला नैनीताल और ऊधम सिंह नगर के समस्त जिला पदाधिकारी एवं विधानसभा पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समय से पहुंचने की अपील की है।

# विस स्तरीय स्पर्धा में अंश व मोहित दौड़े सबसे तेज

## खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन दौड़ और गोला फेंक का आयोजन



काशीपुर में दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शिक्षा, खेल पंचायत राज्य युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। जिसमें 100 मीटर तथा 200 मी दौड़ में अंश कुमार और 5000 मी. दौड़ में मोहित सबसे तेज दौड़े।

मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार साहू ने दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काट कर किया। साथ ही अंडर 19 बालक वर्ग में 800 मी. दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मुर्गा झपट, पिट्ठू जैसी क्षेत्रीय खेलों को प्रतियोगिताओं में शामिल करना सराहनीय कदम है। दूसरे दिन आयोजित बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं के अंडर-14 में 60 मीटर दौड़ में अमित सिंह, गोला फेंक में दिशांक प्रथम स्थान पर रहे। वहीं मुर्गा झपट 28 किग्रा भार में राघव, 35 किग्रा भार में कार्तिक, 38 किग्रा भार में समर शर्मा, 41 किग्रा भार में तनिष्क, 44 किग्रा भार में आर्यन तथा 47 किग्रा भार में अनस प्रथम स्थान पर रहे। खो -खो में न्याय पंचायत कुंडेश्वरी प्रथम स्थान पर रहा। वहीं, अंडर 19 बालक वर्ग में 100 तथा 200 मीटर दौड़ में अंश कुमार, 400 मी. दौड़ में अंश चौहान, 800 मी. दौड़ में अभिषेक, 1500 मी. दौड़ में पंकज तथा 5000 मी. दौड़ में मोहित प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, चक्का फेंक में आदित्य तोमर व भाला फेंक में गुलशन विजेता रहे। मुर्गा झपट में 54 किग्रा भार में अरुण, 60 किग्रा भार में अंकुश तथा 60 किग्रा भार से अधिक में शिवराज प्रथम रहे। खो -खो प्रतियोगिता में न्याय पंचायत कुंडेश्वरी प्रथम स्थान पर रहा। लंबी कूद में वंश राणा, ऊंची कूद में फैजान प्रथम रहे। समापन पर अतिथियों ने सभी विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए। यहां समर स्टडी स्कूल प्रबंधक अनुराग सिंह, युवा कल्याण अधिकारी कंचन रावत, प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता, ब्लॉक खेल समन्वयक गौरव शर्मा, सतीश विश्नोई, राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### रुड़की ए और बी के बीच फाइनल आज

**काशीपुरः** ऑल उत्तराखंड बार एसोसिएशन क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले आज छावनी स्कूल और शेमफोर्ड एकेडमी में खेले गए। दोनों मैच रुड़की बार एसोसिएशन ए और रुड़की बार एसोसिएशन बी ने जीत लिए। छावनी स्कूल में हुए मैच में रुड़की ए ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण किया। जिसमें हरिद्वार एडवोकेट्स की टीम ने 6 विकेट खोकर 165 रनों का लक्ष्य दिया। रुड़की ए टीम ने आसानी से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच 76 रन बनाने वाले तारिक अनवर रहे। उधर शेमफोर्ड एकेडमी में देहरादून और रुड़की बी के बीच टॉस हुआ। जिसमें रुड़की ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 135 रन बनाए। जवाब में उतरी देहरादून की टीम 128 रन ही बना सकी। बुधवार को फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट होंगे।

### 2 से खेल महाकुंभ

**जसपुरः** तीन दिवसीय खेल महाकुंभ दो जनवरी से शुरू होंगे। बीडीओ केके कांडपाल ने बताया कि विधायक चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन दो जनवरी से जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में कराया जायेगा। पहले दिन अंडर 14 बालक बालिका दौड़, कबड्डी, खो खो मुर्गा झपट, वॉलीबाल, पिट्ठू गेम होंगे। इसी तरह तीन को अंडर 19 बालक तो 04 जनवरी को अंडर बालिका गेम होंगे।

# दूसरे दिन भी डटे रहे किसान

● कहा, जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, धरना रहेगा जारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती है, तब तक वह धरने पर डटे रहेंगे।

मंगलवार को क्रय-विक्रय सहकारी समिति कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान धान को पोर्टल पर चढ़ाकर भुगतान की मांग कर रहे हैं। बीते अक्टूबर माह में तौल केंद्र पर तौले गए धान को अभी तक पोर्टल पर नहीं चढ़ाया गया है। जिसके चलते किसानों के 12 हजार कुंतल धान भुगतान नहीं हो पाया है। काशीपुर ब्लॉक में 12 तौल केंद्र पर ये धान तोले गए थे। भाकियू युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि धान पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से उनका भुगतान नहीं मिल रहा है। कहा कि किसानों ने कर्ज लेकर फसल बोई थी। अब धान बिकने के बावजूद रुपया नहीं मिलने से गेहूं की बुवाई सहित अन्य कृषि कार्य ठप पड़े हैं। जब तक मांगे नहीं मानी जाएंगी। तब तक धरना जारी रहेगा।

इस दौरान मनप्रीत सिंह, अविनाश सिंह, जितेंद्र सिंह जीतू, लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, उदित शर्मा, सतनाम सिंह, गुरमुख सिंह, गुरमीत सिंह, दिलबाग सिंह, समर पाल सिंह, ज्ञान सिंह, सुखवीर सिंह, प्यारा सिंह, दलवीर सिंह आदि मौजूद थे।



काशीपुर में धरने पर डटे किसान। ● अमृत विचार



जसपुर में एसडीएम को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

### धान तौल को लेकर एसडीएम से मिले किसान

**जसपुर** : भाकियू पदाधिकारियों एवं किसानों ने एसडीएम से मिलकर धान तौल में आ रही दिक्कतों और भुगतान के संबंध में अवगत कराया। समस्याओं के संबंध में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। एसडीएम ने समस्याओं के जल्द निराकरण की बात कही है। मंगलवार को किसान एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम अभय प्रताप सिंह से दो माह से अटकी धान की पेमेंट राइस मिलों से कराने, सरकारी क्रय केंद्रों पर धान तौल की लिमिट बढ़वाने एवं सोसाइटी केंद्रों पर ऑफ लाइन धान खरीद की 6 आर दिलवाने समेत अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। यहां भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, जागीर सिंह, अमनप्रीत सिंह, निशान सिंह, सुखबीर भुल्लर, सतनाम सिंह, तारा सिंह, जगजीत सिंह, सरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



जसपुर में अधिकारियों से जानकारी लेते विधायक आदेश चौहान। ● अमृत विचार

### पहचान पत्रों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार से की वार्ता

**जसपुर** : पहचान पत्र में नाम शुद्धिकरण में आ रही समस्याओं को लेकर विधायक तहसील पहुंचे। यहां तहसीलदार दलीप सिंह से मिलकर समस्याओं के निराकरण संबंध में वार्ता की। सोमवार को विधायक आदेश चौहान ने स्थानीय लोगों के संग तहसील पहुंचकर तहसीलदार को समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि क्षेत्र के निवासरत लोगों के पहचान पत्र में नाम आदि के शुद्धिकरण करने में समस्याएं हो रही हैं। संबंधित कर्मी द्वारा लोगों को परेशान किया जा रहा है। जिससे आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने तहसीलदार से समस्याओं के निदान के लिए लोगों को नियमानुसार जरूरी कागजात बताते हुए सरलीकरण करने की बात कही। जिससे लोगों को बार-बार चक्कर न काटने पड़े। इस मौके पर सुंदर पाल सिंह, मोइनुद्दीन, शहजाद, राहुल आदि मौजूद रहे।

# नशीले इंजेक्शन व कैप्सूल का जखीरा पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** आईटीआई थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने बाजपुर रोड स्थित दड़ियाल फ्लाईओवर के पास से भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाएं जब्त की हैं। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

बीते दिन मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने दड़ियाल फ्लाईओवर के नीचे पुराली और काली पन्नी में छिपाकर रखी गई 17 पेटियों से 12,250 नशीले इंजेक्शन और लगभग 3.40 लाख नशीले कैप्सूल व टैबलेट्स बरामद किए। जिनमें से 5 अलग-अलग भूरे रंग की गत्ते की पेटियों के अंदर एनआरएक्स बुप्रेनोरफिन इंजेक्शन आईपी 0.3 मिलीग्राम/मिलीलीटर, बीआई नॉर्फ़िन, 2.0 मिलीलीटर एम्प्यूल के 12250 इंजेक्शन तथा 3 गत्ते की पेटी के अन्दर स्पैस्मो कैप्सूल की 49,920, 3 गत्ते की पेटी के अन्दर स्पास्मोर कैप्सूल की 64,560, 3 गत्ते की पेटी के अन्दर प्रॉक्सिओहम एसपीएएस कैप्सूल कि 51360 व 3 गत्ते की पेटी के अन्दर ओएचएमएस अल्फा 0.5 टैबलेट कि 1,74,000 कैप्सूल पाई गई। टीम ने वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार व औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला को मौके पर बुलाकर जांच कराई। उन्होंने बताया कि बरामद दवाएं प्रतिबंध दवाओं की श्रेणी में आती हैं। बिना किसी वैध चिकित्सीय परामर्श या वैध लाइसेंस के ना तो इनका भण्डारण, न ही परिवहन और न ही विक्रय किया जा सकता है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए माल की बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। पुलिस टीम में आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, प्रकाश सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल शेखर बनकोटि, कांस्टेबल दीपक प्रसाद, दिनेश तिवारी, दीपक जोशी थे। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी है।



काशीपुर में पकड़ी गई नशे की खेप के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

# खरीदी जमीन पर निर्माण के लिये मांगे 15 लाख

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** खरीदी गई जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करने गए लोगों को दबंगों ने रोक दिया और निर्माण करने के एवज में 15 लाख की रकम मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने जमीन स्वामी को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित पक्ष ने दो आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला कटोराताल निवासी दिनेश चन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने बीती 28 नवंबर को ग्राम करनपुर में गुरदीप कौर से एक जमीन अपनी बहन रेखा सैनी को क्रय कराई थी। इसके बाद 17 दिसंबर को वह अपने साथी हेमंत कुमार सैनी के साथ उस जमीन पर निर्माण कराने पहुंचा, तो आरोप है कि ग्राम भतरपुर निवासी जितेन्द्र सिंह व जगरूप सिंह वहां आये और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बताया कि आरोपियों ने जमीन पर निर्माण कराने के एवज में 15 लाख रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब उसने इसकी शिकायत गुरदीप कौर से की, तो उसने बिना किसी दबाव के निर्माण कराने को कहा। आरोप है कि जब उसने 22 दिसंबर को दोबारा निर्माण कराना शुरू किया, तो जितेन्द्र सिंह व जगरूप सिंह अपने साथ 4-5 अज्ञात व्यक्तियों को लेकर आए और मारने का प्रयास किया।

### जुड़वा नाबालिग बहनों को हिसार से बरामद किया

**बाजपुर** : रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुईं 14 वर्षीय जुड़वा नाबालिग बहनों को पुलिस ने हरियाणा के हिसार से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों के गायब होने पर उनकी दादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया था। नगरीय क्षेत्र में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने पुलिस को बताया था कि उनकी दोनों पोतियां 28 दिसंबर की सायं करीब चार बजे बाजपुर बाजार गई थीं, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास तलाश की, तो जानकारी मिली कि दो युवक उन्हें बहला-फुसलाकर ले गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और नामजद दोनों युवकों के विरुद्ध अपहरण की धारा में तत्काल मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस और लगातार प्रयासों के बाद दोनों नाबालिगों को हिसार (हरियाणा) से सकुशल बरामद कर लिया है।



काशीपुर में सड़क का शिलान्यास करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

### चीमा ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**काशीपुर** : विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने मंगलवार को दो सड़कों का शिलान्यास किया। विधायक चीमा ने बताया की ग्राम गंगापुर गोसाई में मुख्य मार्ग से अतुल श्रीवास्तव के घर तक 57 मीटर टायल्स मार्ग निर्माण व वीर सिंह के घर के पास डामर रोड से राकेश कुमार के मकान तक 110 मीटर टायल्स मार्ग निर्माण सम्मिलित है। विधायक ने बताया कि इन मार्ग का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक किया जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिये जैसे-जैसे धन की उपलब्धता होगी, प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचने का भरसक प्रयास किया जाएगा। यहां पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण बृजेश पाल, बीडीसी सदस्य पंकज मोनू आदि मौजूद रहे।

### तहसीलदार ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

**काशीपुरः** शीत लहर को देखते हुए उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के निर्देश पर तहसीलदार पंकज चंदौला ने गढ़ीनेगी न्याय पंचायत पहुंच कर अधिकारियों के साथ रैन बसेरे की तैयारी का स्थलीय निरीक्षण किया। तहसीलदार चंदौला ने बताया कि फिलहाल दस बेड तैयार हैं। इसकी संख्या बढ़ाकर पचास बेड तक की जा रही है। इसके अलावा अलाव जलाने की व्यवस्था भी की गई है। तहसीलदार ने गढ़ीनेगी में मार्च को प्रस्तावित पंचायत चुनाव को लेकर ईओ संजय कुमार के साथ बीएलओ की बैठक ली। उन्होंने बताया कि सात वार्डों में वोटर लिस्ट बनाने के काम में सात बीएलओ घर-घर जाकर वोटर कार्डों का सत्यापन कर रहे हैं।

# सेक्टरवार दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** बाल विकास विभाग की ओर से संचालित प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना जो कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में भी सूचीबद्ध है। इसको लेकर विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें सुपरवाईजरों ने प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना के पोर्टल में हो रही तकनीकी समस्याओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अन्य कार्यों में भी लगे होने की जानकारी दी।

मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने सभी सीडीपीओ और सुपरवाइजरों का सेक्टरवार दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही अर्थ एवं संख्याधिकारी के कार्यालय में मॉनीटरिंग सेल का गठन किया गया है, जोकि स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य माध्यमों से दैनिक रूप से योजना की प्रगति पर निगरानी रखेगा। प्राप्त होने वाली समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही भी करेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सीडीपीओ अपने स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक कर योजना में आने वाली समस्याओं का निस्तारण करें। इस दौरान परियोजनावार प्रशिक्षण कार्यक्रम का रोस्टर तैयार किया गया। उन्होंने सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को गर्भवती महिलाओं को लाभांवित करने के लिए उनका फार्म भरना एवं अन्य समस्त आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने स्तर पर समीक्षा करके निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करें।



प्रशिक्षण में जानकारी देते सीडीओ दिवेश शाशनी। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने विवादित भूमि की नपाई कराई

**जसपुरः** पालिका की भूतपुरी रोड स्थित विवादित भूमि के मामले में एसडीएम ने मौके पर जाकर भूमि की नपाई कराई। इस दौरान दोनों पक्ष मौके पर मौजूद रहे। सप्ताह भर में भूमि के स्वामित्व को लेकर स्थिति साफ हो जायेगी।

बीती भूतपुरी रोड पर पेट्रोल पंप के पास स्थित भूमि में एक व्यक्ति के चल रहे निर्माण को पालिका प्रशासन द्वारा रुकवाने के बाद दोबारा बुनियाद खोदने पर हंगामा हो गया था। मामले में विधायक आदेश चौहान और पालिका अध्यक्ष नौशाद सम्राट ने सभासदो संग जसपुर भूतपुरी मार्ग पर धरना लगा दिया था। सीओ द्वारा मामले की जांच के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था। मामले में एसडीएम अभय प्रताप सिंह द्वारा जांच की जा रही है।

रोष | सितारगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला

# अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार** : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। भाजपा के नेताओं को बचाने के लिए साक्ष्य नष्ट करने और जांच को सीमित करने का आरोप लगाया।

कांग्रेसजनों ने मंगलवार को नगर के मुख्य चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी का मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रारंभिक स्तर पर साक्ष्य नष्ट किए गए, रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया और जांच को सीमित दायरे में रखा गया। जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। कहा कि भाजपा की नेत्री व भाजपा के पूर्व विधायक के बीच वार्ता की ऑडियो वायरल हुई है। सरकार आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के बजाय सारे सबूत नष्ट करने में जुटी है। उन्होंने न्यायालय के जज की देख रेख में सीबीआई जांच की मांग की। यहां कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करन जंग, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, जिलानी अंसारी, बिपिन खोलिया, हसनैन मलिक, मुख्तयार अंसारी मौजूद रहे।



सितारगंज में राज्य सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### प्रगतिशील महिला एकता केंद्र ने फूंका सरकार का पुतला

**काशीपुर** : प्रगतिशील महिला एकता केंद्र के तत्वावधान में भाजपा सरकार का पुतला फूंका गया। मंगलवार को एमपी चौक पर प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, इंकलाबी मजदूर केंद्र, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, महिला एकता मंच समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। संगठन ने कहा कि अंकिता भंडारी मामले में शुरू से ही वीआईपी को बचाने की कोशिश की गई। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा पार्टी के नेता लगातार बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में फंसते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भाजपा इन्हें बचाने में लगी है। वहां पर पीपी आर्या, समन, शोभा, आरती, मुकेश, मनोज बिष्ट, मुस्कान, आरती, कीर्ति, सृष्टि, कविता मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता संजय आज मुंडवाएंगे अपना सिर



**रुद्रपुर** : अंकिता भंडारी हत्याकांड में परिजनों को न्याय नहीं मिलने से व्यथित कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने बुधवार को सांकेतिक विरोध जताते हुए संजय नगर खेड़ा दुर्गा मंदिर में सायं 4 बजे सिर मुंडवाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को व्यापारी नेता ने बताया कि उत्तराखंड की शांत वादियों को झकझोर देने वाले अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे प्रदेश की आत्मा को आहत किया है।

### गुम हुए मोबाइल किये बरामद

**काशीपुरः** आईटीआई थाना पुलिस ने आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुम हुए 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल बाजार कीमत लगभग 2.30 लाख रुपये है। बता दें कि आईटीआई थाने में तैनात कांस्टेबल मुरली पांडे ने गुम हुए मोबाइलों का डाटा सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड कर निरंतर निगरानी रखी।

तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने एक-एक कर कुल 10 स्मार्टफोन बरामद कर लिए। 30 दिसंबर 2025 को पुलिस ने सभी मोबाइल स्वामियों को थाने बुलाकर उनके फोन सुपुर्द किए। अपने फोन वापस पाकर रोहित कुमार, तुलिका सिंह, कुलदीप, मदन, बबली, मनप्रीत सिंह, मुख्तार अली, मयंक, अनिल कुमार, नवीन गुसाईं के चेहरों पर मुस्कान लौटी।



काशीपुर में प्रेस वार्ता करती समिति की ओर से कमला रिखाड़ी व अन्य।

### एक जनवरी को होगा 108 कुंडीय विशाल महायज्ञ

**काशीपुर** : महिला पतंजलि योग समिति काशीपुर एक जनवरी 2026 को 108 कुंडीय विशाल महायज्ञ का आयोजन करने जा रही है। इसका आयोजन शिवालिक होली माउंट एकेडमी, नीझड़ा के मैदान में होगा। समिति की ओर से कमला रिखाड़ी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला पतंजलि योग समिति पिछले 15-16 वर्षों से निष्काम सेवा भाव के साथ योग का प्रचार-प्रसार कर रही है। समिति की योग शिक्षिकाएं गांव-गांव और घर-घर तक निशुल्क योग सिखाकर हजारों लोगों के जीवन में स्वास्थ्य जागरूकता का संचार कर चुकी हैं। इसी सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए समिति की ओर से शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 108 अखंड सुंदरकांड पाठ की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य समाज में जाति, वर्ग और क्षेत्रीय भेदभाव को समाप्त कर एकता का संदेश देना रहा। कमला रिखाड़ी ने बताया कि यह सुंदरकांड पाठ घरेलू कामगारों से लेकर उद्योगपतियों के घरों तक निशुल्क कराया गया। केवल भगवान का दरबार सजाकर पाठ प्रारंभ किया जाता रहा, ताकि हर महिला सनातन संस्कृति और योग से जुड़ सके।

ब्रीफ न्यूज

### शारदा खनन यूनियन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**टनकपुर :** मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत भी मौजूद रहे। समारोह में यूनियन के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महासचिव हसनैन रजा, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल, कोषाध्यक्ष सैफ अली, सचिव संजय मिश्रा शामिल रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि वह यूनियन के हित में कार्य करेंगे। साथ ही एकजुटता के साथ वाहन मालिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पूरन मेहरा, जीडी खुल्लर, अनुज अग्रवाल, अमित ठाकुर, महेश सिंह आदि खनन व वाहन स्वामी मौजूद रहे।

### छात्र विकास से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से सीखने की यात्रा, छात्र विकास एवं शिक्षा में नई पहल, विषय पर शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य अब्दुल शाहिद खान ने प्राध्यापकों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने छात्र विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार रखे। शिक्षा शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने सीखने की यात्रा में योगदान देने वाली विभिन्न संस्थाओं जैसे परिवार, समाज, विद्यालय के योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की संयोजिका सुषमा मक्कड़, शिक्षा शास्त्र विभाग प्रभारी ने शैक्षिक संगोष्ठियों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करेगी।


भिकियासैंण के सीलापानी में मंगलवार को बस खाई में गिरने के बाद रेस्क्यू अभियान चलाते लोग।


भिकियासैंण में घटना स्थल पर पहुंचे डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

# खाई में बिखरे शवों को देख सिहर उठे लोग

## भिकियासैंण के सीलापानी में बस हादसे की सूचना मिलते की प्रशासन की टीम ने चलाया रेस्क्यू अभियान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भिकियासैंण क्षेत्र के सीलापाली के पास हुए भीषण हादसे के बाद जो भी मौके पर पहुंचा, खाई में बिखरी यात्रियों की लाशों को देखकर सिहर उठा। कुछ घायलों की हालत इतनी नाजुक थी, कि उन्हें रेस्क्यू कर सड़क तक लाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, बस के परखच्चे उड़ने के कारण रेस्क्यू के काम में टीम को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मंगलवार सुबह करीब साढ़े बजे भिकियासैंण के सीलापाली के पास बस के खाई में गिरने के बाद वहां से अन्य वाहनों में गुजर रहे लोगों को इसका पता चला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोग रेस्क्यू टीमों से पहले जरूर मौके पर पहुंचे, लेकिन खाई में इधर, उधर बिखरी लाशें देखकर वे सिहर उठे। खाई में जो लोग कराह रहे थे, उन्हें पुलिस के मदद से लोगों ने सड़क तक लाने का प्रयास किया। मौके पर बिखरे लोगों के सामान से उनका नाम पता जुटाने की कोशिश की गई, लेकिन इसमें टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

प्रशासन की टीम ने घायलों को रेस्क्यू कर रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने घटनास्थल पहुंचकर स्थानीय नागरिकों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया।


भिकियासैंण के पास बस दुर्घटना के घायलों का रेस्क्यू करते लोग। ● अमृत विचार

### केमू से करार के दूसरे ही दिन बस दुर्घटनाग्रस्त

मिली जानकारी अनुसार सीलापाली के पास दुर्घटनाग्रस्त बस संख्या यूके 07 पीए 4025 रामनगर आरटीओ में पंजीकृत है। बस का रजिस्ट्रेशन 13 मई 2019 को हुआ था। इसके तहत बस महज सात साल पुरानी थी। इससे पूर्व बस परिवहन निगम में संचालित थी। लेकिन एक दिन पहले ही बस का कुमाऊं मोटर ऑनर्स यूनियन लिमिटेड के साथ करार हुआ था। करार होने के अगले ही दिन बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें सात लोगों की मौत हो गई है।

### घायलों की सूची

- नवीन चंद्र (55) पुत्र दुर्गादत्त तिवाड़ी ओखलढूंगा नैनीताल (चालक)।
- प्रकाश चंद्र (43) पुत्र रामदत्त, चचरोटी स्याल्दे (परिचालक)।
- नन्दा बल्लभ (58) पुत्र सदानन्द, तिमला नौबाड़ा, द्वाराहाट।
- राकेश कुमार (55) पुत्र महावीर प्रसाद, शिक्षक जीआईसी द्वाराहाट।
- नन्दी देवी (40) पत्नी देवेन्द्र सिंह, नौबाड़ा, द्वाराहाट।
- हंसी सती (36) पत्नी राजेश चन्द्र, सिंगोली, भिकियासैण।
- भूपेन्द्र अधिकारी (64) पुत्र धन सिंह, जमोली, भिकियासैण।
- हिमांशु पालीवाल (17) पुत्र महेश चंद्र, दौलापाली, द्वाराहाट।
- मोहित सती (16) पुत्र रमेश चंद्र, निवासी- नौघर, भिकियासैण।
- बुद्धिबल्लभ भगत (58) पुत्र कुलोमणी, जमोली, भिकियासैण।
- हरीश चन्द्र (62) पुत्र बालादत्त, पाली, द्वाराहाट।
- जितेन्द्र रिखाड़ी (37) पुत्र नन्दा बल्लभ, विनायक, भिकियासैण।

# तीन साल में सड़क हादसों में 64 लोगों ने गंवाई जान

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जिले में सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। सड़कों की हालत में सुधार होने के बावजूद हादसों में इजाफा हो रहा है। जिले में बीते तीन साल में सड़क दुर्घटनाओं में 64 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। जबकि 84 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें अधिकांश हादसों की वजह ओवर स्पीड और खस्ताहाल सड़के पर हुई है।

पर्वतीय क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कें लगातार हादसों को दावत दे रही हैं। लोगों का कहना है कि तमाम हादसों के बाद भी शासन इन सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सड़क सुरक्षा के लाख दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद भयावह है। सड़कों की हालत बेहद खराब है। जर्जर सड़कें दुर्घटना का कारण बनती हैं। जिले की बात करें तो सल्ट, भिकियासैंण समेत अन्य ग्रामीण इलाकों की संकरी सड़कों पर आये दिन हादसे हो रहे हैं।

### तीन साल में सड़क हादसों के मृतक व घायल

| दुर्घटना स्थल | घायल | मृतक |
|---|---|---|
| शंकरपुर चैक पोस्ट के पास | 17 | 03 |
| डोटियाल गांव ताकुला | 01 | 01 |
| डोल आश्रम तिराहे के पास | 01 | 01 |
| क्वारब पुल के पास | 02 | 00 |
| बिल्लेख | 01 | 00 |
| भिकियासैंण | 01 | 00 |
| शहरफाटक | 00 | 01 |
| चौघानपाटा | 01 | 00 |
| पांडेखोला पेट्रोल पंप | 02 | 01 |
| धौलछीना | 03 | 04 |
| गोली महर लमगड़ा | 00 | 02 |
| सांगड़ साहू और दुबरौली लमगड़ा | 02 | 03 |
| रानीखेत-कौसानी मोटर मार्ग | 04 | 01 |
| कुपी सल्ट | 15 | 35 |
| द्वाराहाट नौबाड़ा | 03 | 01 |
| सिरकोट | 01 | 00 |
| जैंती | 01 | 01 |
| तिमली पिपुड़ा | 04 | 00 |
| दन्या | 05 | 00 |
| पेटशाल | 07 | 00 |
| पिपली | 01 | 02 |
| असगोली-पैठानी | 00 | 01 |
| सीलापाली | 12 | 07 |

# तीन यात्री रामनगर अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, रामनगर

- **सीलापानी बस हादसे के पांच घायल लाए गए रामनगर**
- **दो घायलों को परिजन ले गए निजी अस्पताल**

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा जिले के सल्ट-भिकियासैंण क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुई भीषण बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों में से पांच घायलों का उपचार के लिए रामनगर लाया गया।

इनमें से दो घायलों को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जबकि तीन घायलों को रामनगर स्थित रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सरकारी अस्पताल में भर्ती घायलों में शिक्षक राकेश कुमार उर्फ राकेश धस्माना तथा द्वाराहाट क्षेत्र की ग्राम प्रधान नंदी देवी (ग्राम सभा नौबाड़ा) शामिल हैं। घायल शिक्षक राकेश कुमार उर्फ राकेश धस्माना ने बताया कि वे छुट्टियों पर द्वाराहाट से देहरादून जा रहे थे।


रामनगर चिकित्सालय पहुंचे घायल।

राकेश धस्माना के अनुसार, जैसे ही बस ढलान में लुढ़कने लगी, उन्हें अनहोनी का आभास हुआ। उन्होंने ड्राइवर सीट के पीछे लगी लोहे की पाइप को मजबूती से पकड़ लिया, जिससे उनकी जान बच गई। घायल ग्राम प्रधान नंदी देवी के साथ आईं उनकी परिजन लक्ष्मी देवी ने बताया कि नंदी देवी ग्राम सभा नौबाड़ा से भिकियासैंण में आयोजित ग्राम प्रधानों की बैठक में जा रही थीं।


रामनगर चिकित्सालय पहुंचे घायल।

# तेज आवाज हुई और बस खाई में जा गिरी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एक बस मंगलवार को 19 यात्रियों को लेकर द्वाराहाट से सिनार-विनायक होते हुए रामनगर की ओर जा रही थी। भिकियासैंण के सीलापाली के सिरकौना के पास बस का स्टेयरिंग रॉड टूटा, तेज आवाज आई और बस खाई में जा गिरी। यह बात बस हादसे में घायल चालक नवीन तिवारी ने बताई।

घायल चालक ने बताया कि सुबह करीब सात बजे द्वाराहाट से चली बस में बेहद कम लोग सवार थे, भिकियासैंण पहुंचते ही बस में कुछ और यात्री सवार हुए। यहां से बस रामनगर के लिए रवाना हुई। बताया कि सीलापाली के सिरकौना के पास बस से एक जोरदार आवाज आई। देखा तो स्टेयरिंग रॉड का गुल्ला टूट गया। जिसके बाद बस के स्टेयरिंग ने काम करना बंद कर दिया। इतने में बस में बैठे सभी यात्रियों में चीख पुकार मच गई। कुछ समझ पाते बस का अनियंत्रित हो गई और होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद चालक नवीन चंद्र सदमे में है।

**बस की सीट के नीचे दबे रहे घायल:** घटना के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस के गिरने की जोरदार आवाज आई। घटना की जानकारी मिलते ही सभी लोग राहत और बचाव कार्य के लिए घटना स्थल की ओर दौड़े। वहां देखा तो बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। बस के अंदर सीटों के नीचे लोग दबे हुए थे। जिसके बाद दबे लोगों को बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया गया। बाद में शवों को अस्पताल भेजा गया।

### मृतकों के आश्रितों के लिए 2-2 लाख रुपये स्वीकृत

सेलापानी के पास सड़क दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि नियमावली के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, रामनगर से प्राप्त दुर्घटना जांच आख्या के आधार पर कुल 14 लाख की राहत धनराशि स्वीकृत की गई है। यह धनराशि उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत निधि, अल्मोड़ा से आरटीजीएस के माध्यम से तहसीलदार भिकियासैंण को उपलब्ध कराई गई, ताकि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार शीघ्र सहायता राशि वितरित की जा सके। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

### डीएम ने दिए घटना के कारणों की जांच के निर्देश

सूचना मिलते ही डीएम अंशुल सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा घटनास्थल पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों का हाल जाना और दो घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा। वहीं, डीएम ने अधिकारियों को घटना की जांच के निर्देश दिए है।

### जिले में 57 डेंजर जोन चिह्नित

अकेले अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां 57 डेंजर जोन चिह्नित किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा डेंजर जोन विकासखंड सल्ट क्षेत्र में है। जिनमें अब तक हुए हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा बैठे हैं।

### कूपी हादसे में गंवाई थी 38 यात्रियों ने जान

**अल्मोड़ा :** बीते साल नवंबर में सल्ट के कूपी हादसे ने सबको झकझोर कर दिया था। कूपी हादसे में 38 लोगों ने जान गवाई थी। जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए थे। इधर, मंगलवार को भिकियासैंण में हुए हादसे ने फिर कूपी के भीषण हादसे की याद ताला कर दी। पहाड़ में दो साल में हुए इन दो बड़े हादसों ने लोगों को दहला दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। मंगलवार को कठपुड़िया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार पर हत्याकांड के दोषियों को बचाने का आरोप लगाया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अंकिता हत्याकांड के दोषियों को बचाने का काम कर रही है। कहा कि दोषियों के नाम उजागर होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्यकर्ताओं ने अंकिता हत्याकांड मामले में सीबीआई जांच समेत दोषियों को सजा देने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां पुतला फूंकने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष शिव राज सिंह नयाल, रमेश भाकुनी, दिनेश नेगी, पंकज पाठक, कुंदन राम, युधिष्ठिर बिष्ट, गजेन्द्र सिंह, महेश कांडपाल, राजू भट्ट, कैलाश आर्या, लक्ष्मण मेहरा, नवल जोशी, भगवती पाठक, ज्योति पाठक, पंकज वर्मा, राजू बिष्ट रहे।

## डीडीए के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**अल्मोड़ा :** डीडीए के विरोध में मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने साप्ताहिक धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर डीडीए को समाप्त करने की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि संघर्ष समिति लंबे समय से पर्वतीय क्षेत्र में लागू डीडीए को समाप्त करने की मांग कर रही है। लेकिन शासन प्रशासन जनता की आवाज को अनसुना कर रही है। डीडीए का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# विद्यालय हॉल निर्माण को दिए डेढ़ लाख रुपये

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** लाला चंभा राम विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टनकपुर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लाला चंभा राम के सुपुत्र संजय अग्रवाल बजरंग मोटर्स हल्द्वानी, कार्यक्रम अध्यक्ष रोहिताश अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जगदीश जोशी, व्यवस्थापक दरबान करायत, कोषाध्यक्ष मदन बोहरा द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा शारीरिक कार्यक्रम के रूप में सूर्य नमस्कार तथा मलखम कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में होने वाली गतिविधियों के बारे में सभी अभिभावकों को जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल द्वारा विद्यालय को एक हॉल निर्माण के लिए 1लाख 51हजार रुपए की सहायता की गई। कोषाध्यक्ष मदन बोहरा द्वारा भी विद्यालय को आर्थिक सहयोग दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णवर्धन जोशी ने सभी का आभार जताया।

# ककराली गेट के पास पेड़ पर लटका मिला लोहाघाट के युवक का शव

संवाददाता, टनकपुर

- **जंगली जानवरों के भय से पेड़ पर चढ़ने और कपड़ों के उलझने से जान जाने की आशंका**

**अमृत विचार:** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग में शारदा रेंज ककरालीगेट के समीप पेड़ में एक व्यक्ति का शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। मंगलवार सुबह टहलने गए युवकों ने पेड़ में व्यक्ति को लटका देखा, जिसकी सूचना उन्होंने ककराली गेट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नीचे उतारा और उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लोहाघाट विकास खंड के कोतवाली पंचेश्वर क्षेत्र के डुंगराबोरा, रौंशाल जिला चम्पावत निवासी गोपाल सिंह बोहरा (38) पुत्र भीम सिंह बोहरा के रूप में हुई है।

कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि मृतक दिल्ली में किसी प्राइवेट फर्म में काम करता था। वह दिल्ली से घर आ रहा था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद प्रतीत हो रहा है कि व्यक्ति जंगली जानवरों के डर से पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचा रहा होगा। बाद में नीचे उतरते वक्त उसका कपड़ा पेड़ पर अटक गया और हाथ कपड़ों में फंस गए। जनेऊ से भी उसके गले में गहरे निशान हैं। बताया कि घटना स्थल के पास जंगली जानवरों के निशान पाए गए हैं। कोतवाल ने बताया कि घटना की सूचना स्वजन को दे दी गई है। उनके पहुंचने पर शव को सौंप दिया जाएगा। मृतक के बैग में 2010 रुपए और एक मोबाइल चार्जर तथा कपड़े मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बनबसा में अलाव न जलने से लोगों में रोष

**बनबसा:** शीतलहर के बीच अलाव न जलने से लोगों में नगर पंचायत के खिलाफ भारी रोष है। कड़ाके की ठंड में भी नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था न करने से नगरवासी हैरान और परेशान हैं।

अलाव व्यवस्था न होने के कारण नगर वासी ठंड से बचने के लिए कूड़ा इकट्ठा कर आग सेंकते दिखाई दे रहे हैं 1 व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, महामंत्री अभिषेक गोयल ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपक चंद्र बुढलाकोटी से लोगों को ठंड से बचाव के लिए शीघ्र अलाव जलाने की मांग की है।

# माल्टा के विपणन पर दिया जोर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय माल्टा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने फीता काटकर किया। उन्होंने जनपद में माल्टा व नींबू वर्गीय फलों के परंपरागत उत्पादन को वैज्ञानिक पद्धतियों, प्रोसेसिंग एवं प्रभावी विपणन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने माल्टा सहित अन्य उत्पादों के दिल्ली में विपणन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को माल्टा क्षेत्रफल विस्तार, अन्य किसानों को उत्पादन से जोड़ने तथा प्लास्टिक बैग, गमलों में पौध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही माली के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण, किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान, नर्सरी, कोल्ड स्टोरेज व डिहाइड्रेशन यूनिट के प्रस्ताव, मार्केटिंग टीम गठन तथा रीप के माध्यम से समयबद्ध दर निर्धारण के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्पादन–प्रोसेसिंग–मार्केटिंग के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।


टनकपुर विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

# नववर्ष पर पूर्णागिरि में जुटेगी भारी भीड़

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** थर्टी-फर्स्ट एवं नववर्ष के अवसर पर सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज बगोरिया ने भैरव मंदिर परिसर में टैक्सी चालकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एआरटीओ बगोरिया ने बताया कि इस दौरान नशे में वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने टैक्सी चालकों को श्रद्धालुओं के साथ शालीन व्यवहार करने, निर्धारित किराया सूची का पालन करने तथा किसी भी स्थिति में अतिरिक्त शुल्क न वसूलने के निर्देश दिए। एआरटीओ ने रात्रिकालीन यात्रा एवं कोहरे की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर एवं सुरक्षा संकेतक सही ढंग से लगाए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि श्रद्धालु यहाँ से सुरक्षित एवं संतुष्ट होकर लौटते हैं, तो यह क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संदेश होगा। इसमें टैक्सी चालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने टैक्सी चालकों से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, नियमों का पालन करने तथा विभागीय प्रयासों में सहयोग करने की अपील की। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि मेले की संपूर्ण अवधि में निरंतर वाहन चेकिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इस दौरान परिवहन उप निरीक्षक आनंद सिंह बिष्ट, परिवहन सहायक निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, परिवहन आरक्षी सोनिया नेगी टैक्सी संचालक और चालक मौजूद रहे।


टैक्सी चालकों को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाते एआरटीओ मनोज बगोरिया।

# अमृत विचार

बुधवार, 31 दिसंबर 2025




यदि आप किसी से प्रेम करते हैं, तो उसे जाने दें, क्योंकि यदि वह लौट आता है, तो वह हमेशा आपका था। यदि नहीं लौटता, तो वह कभी आपका था ही नहीं।

**खलील जिब्रान**, दार्शनिक



## नए साल में नई परिभाषा

दुनिया की सबसे पुरानी भूगर्भीय संरचनाओं में शामिल अरावली को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ही आदेश को वापस लेना यह संकेत है कि न्यायालय को प्रस्तुत परिभाषा और उसके दूरगामी पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर शंकाएं उत्पन्न हुई हैं। यह घटनाक्रम बताता है कि अरावली जैसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को परिभाषित करने में जल्दबाजी और अधूरी वैज्ञानिक कसौटियां खतरनाक साबित हो सकती हैं। नया आदेश यह साबित करता है कि पिछला फैसला किंचित जल्दबाजी में लिया गया था।

अदालत ने स्वयं यह स्वीकारा कि नई परिभाषा से 'संरचनात्मक विरोधाभास' तो पैदा नहीं हो रहा, यह जांचना आत्यावश्यक है। अदालत की स्वीकारोक्ति बताती है कि सरकार का जवाब अंतिम सत्य मान लेने लायक भरोसेमंद नहीं थे। जिस नई परिभाषा को अदालत ने पहले स्वीकार किया था, वह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति ने प्रस्तुत की थी। उद्देश्य अरावली की रक्षा बताई गई थी, पर आरोप यह हैं कि उक्त परिभाषा के मानदंड, जैसे 100 मीटर की ऊंचाई- व्यावहारिक रूप से अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर कर देते हैं। यदि समिति का उद्देश्य संरक्षण था, तो यह परिभाषा अपने परिणामों में विपरीत कैसे हो सकती है? लाजिमी है कि यह पुनर्विचार आवश्यक था। राजस्थान में 12,081 पहाड़ियों में से केवल 1,048 के 100 मीटर से अधिक ऊंचे होने के दावे को मानने से 92 फीसद से अधिक पहाड़ियां संरक्षण से बाहर हो जाएंगी। यह तथ्यात्मक स्थिति बताती है कि ऊंचाई-आधारित परिभाषा अरावली की वास्तविक भूगर्भीय और पारिस्थितिक निरंतरता को नज़रअंदाज़ करती हैं। नतीजा- अंधाधुंध खनन और रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए दरवाज़ा खुल सकता है। अरावली की प्रकृति 'टुकड़ों में बंटी पहाड़ियों' की नहीं, बल्कि एक जुड़े हुए पारिस्थितिक, प्राकृतिक तंत्र की है। यदि पहाड़ियां 100 मीटर से ऊंची हों, पर 500 मीटर से अधिक दूरी पर हों, तब भी वे भूजल रिचार्ज, जैव-विविधता और जलवायु नियमन के साझा कार्य करती हैं। ऐसे में उन्हें अलग-अलग इकाइयों के रूप में नहीं, बल्कि एक सतत पारिस्थितिक तंत्र के रूप में देखना ही वैज्ञानिक दृष्टि से उचित है। 'विनियमित' या 'सतत' खनन की अवधारणा कागज़ पर आकर्षक लग सकती हैं, पर अरावली जैसे नाज़ुक क्षेत्र में कड़ी निगरानी के बावजूद इसके प्रतिकूल प्रभावों को नकारा नहीं जा सकता। ढलानों का कटाव, भूजल स्तर में गिरावट और जैव-विविधता का नुकसान दीर्घकाल में अपरिवर्तनीय हो सकता है।

एफएसआई द्वारा लंबे समय से अपनाया गया 3-डिग्री ढलान का मानदंड अधिक समावेशी और भू-आकृतिक वास्तविकताओं के करीब रहा है। इसके विपरीत, सरकार द्वारा सौंपी गई नई सूची में कई जिलों को संरक्षण क्षेत्र से बाहर कर दिया गया है, जिससे उन क्षेत्रों में पर्यावरणीय दबाव तेज़ी से बढ़ सकता है। अरावली उत्तर-पश्चिम भारत में रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रिचार्ज करने और आजीविका बचाने की रीढ़ है, इसलिए इसे केवल ऊंचाई से नहीं, बल्कि उसके पर्यावरणीय, भूगर्भीय और जलवायु महत्व से परिभाषित किया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## दुनियाभर में नव वर्ष के हैं अनोखे रंग

दुनिया भर के देशों में नया वर्ष मनाने की प्रथाएं एवं परंपराएं हैं। कई काफी अनोखी हैं। प्राचीन रोम में नये वर्ष के अवसर पर भेंट देने की परंपरा थी। रोम के एक बादशाह ने तो भेंट देने के लिए मात्र नववर्ष का अवसर ही नियत किया था। इसके अतिरिक्त अन्य अवसरों पर भेंट दिया जाना निषिद्ध था। स्काटलैंड में नये वर्ष के स्वागत के लिए 31 दिसंबर की रात में 12 बजे से पूर्व ही युवक अपने-अपने घरों से निकलकर अपने-अपने मित्रों के घर जाते हैं। सभी लोग अपने साथ मक्खन, डबल रोटी, टाफियां, केक एवं चाय आदि का सामान भी लाते हैं। 12 बजे रात्रि के बाद जो अतिथि सबसे पहले घर में प्रवेश करता है, उसका स्वागत अत्यंत धूम-धाम तथा हर्ष के साथ किया जाता है। समाज में ऐसी मान्यता है कि नये वर्ष में प्रवेश करने वाला प्रत्येक अतिथि अपने साथ सुख-सम्द्धि एवं सौभाग्य लेकर आता है। अतिथि अपने साथ लाये हुए नाश्ते के सामान को परिवार के प्रत्येक सदस्यों में बांटता है।



अंजु अग्निहोत्री


लेखिका

दक्षिणी अफ्रीका में नया वर्ष राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसे क्यू क्वेचवाना कहा जाता है। क्यू क्वेचबाना से तात्पर्य है, ज्वार की फसल तैयार होने के उपलक्ष्य में भगवान को धन्यवाद देने का उत्सव। इसी दिन यहां का राजा अपनी सेनाओं का निरीक्षण भी करता है एवं वीरता प्राप्त सैनिकों को विवाह करने की अनुमति भी प्रदान की जाती है। इस दिन सामूहिक रूप से विवाह का भी आयोजन होता है। बर्मा में नये वर्ष की दिन तिजांन नामक पर्व मनाया जाता है जो नये वर्ष का स्वागत पर्व है। इस दिन जलक्रीड़ा का विशेष आयोजन होता है, जिसमें एक-दूसरे पर पानी फेंका जाता है। तिजांन के दिन प्रातः काल ही भगवान बुद्ध की मूर्तियों को स्वच्छ सुगंधित जल में नहला कर उसकी पूजा की जाती है।

ईरान में नया वर्ष अत्यंत ही हर्षपूर्ण वातावरण में धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार मनाया जाता है। ईरान में नये वर्ष के उत्सव को नौरोज कहा जाता है। नौरोज से 15 दिन पहले ही घर में किसी स्थान पर गेहूं अथवा जौ बो दिया जाता है। नौरोज का दिन आते-आते यह अंकुरित हो जाता है। नौरोज के दिन परिवार के सभी लोग किसी मेज के चारों तरफ बैठ जाते हैं तथा मेज के ऊपर शीशा, अंडा एवं मोमबत्ती रख दिया जाता है। इसके साथ ही एक प्याले में स्वच्छ एवं पवित्र जल के साथ रोटी एवं पवित्र ग्रंथ भी रख दिया जाता है। पानी से युक्त प्याले में गेहूं या जौ के अंकुर को डाल दिया जाता है। बाली द्वीप में नये वर्ष के प्रथम दिन का गालुंगन के दिन सभी लोग मित्रों एवं रिश्तेदारों को उपहार देते हैं तथा उनसे मिलने के लिए दूर दराज गांवों तक भी चले जाते हैं। गालुगंन दिवस के एक सप्ताह बाद तक यह उल्लासमय वातावरण चलता रहता है। एवं सभी काम-धंधे बंद रहते हैं।

जापान में वर्ष के प्रथम दिन नव वर्षोत्सव मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक घरों की विशेष सजावट की जाती है तथा घर के दरवाजे पर हरे बांस के टुकड़े एवं चीड़ वृक्ष की शाखाएं रखी जाती हैं। इनके समाज में बांस सच्चरित्रता तथा दृढ़ता और चीड़ के साथ-साथ गोहेई अर्थात् कागज के तिकोने टुकड़े भी लटकाये जाते हैं। नव वर्ष के दिन प्रातः नदी तालाब या कुंआ से जल लाया जाता है, जिसे नवजात जल कहा जाता है। जापानियों में ऐसी मान्यता है कि इस जल को पीने से आयु में वृद्धि होती है। इस दिन चावल से बने विशेष भोज्य पदार्थ मोर्चा एवं कमल की जड़ खाने की भी प्रथा है। अगर किसी जापानी के ऊपर कर्ज रहता है, तो वह इस दिन निश्चित ही चुकाने का प्रयास करता है।

## राष्ट्र निर्माण की कुंजी है व्यक्ति निर्माण







नुसरत जहां

एजीए हाईकोर्ट लखनऊ बेंच

> जब भारत गुलामी का दंश झेल रहा था। भारत में सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो रहा था, जिसे देखकर भारत के बुद्धिजीवी वर्ग में चिंता थी। इन्हीं परिस्थितियों में संघ की स्थापना हुई।

एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक का चिन्ह और दूसरी ओर भारत माता का चित्र अंकित किए हुए सिक्के और डाक टिकट भारत के प्रधानमंत्री की ओर से स्मारक के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में जारी किया गया। इसका अर्थ है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत मां के प्रति समर्पित है। भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं का संरक्षण व संवर्धन करने, राष्ट्र निर्माण के लिए अनुशासन, देशभक्ति तथा सेवाभाव से निरंतर कार्य करते हुए यह देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी तेजी से अपनी समृद्धता को विस्तार दे रहा है।

27 सितंबर 1925 को जब डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आगामी वर्षों में यह संगठन इतना प्रभावशाली बन जाएगा। भारत माता के प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस अतुलनीय और अनुकरणीय योगदान को देखते हुए दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसे विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बताया। राष्ट्र प्रथम विचारधारा को लेकर चलते हुए आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कई आनुषंगिक संगठनों को साथ लेकर कार्य करते हुए अपने उद्देश्यों की पूर्ति में निरंतर अग्रसर है।

संघ अपनी स्थापना का सफल शताब्दी वर्ष मना रहा है, तो लाजमी है कि उसके 100 वर्षों के कार्यों की एक छोटी सी झलक तो जानने की उत्सुकता तो होगी ही न। 1925 में जब संघ की स्थापना हुई, तो भारत गुलामी का दंश झेल रहा था। भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। भारत में सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो रहा था, जिसे देखकर भारत के बुद्धिजीवी वर्ग में चिंता थी। इन्हीं परिस्थितियों में संघ की स्थापना हुई और उसने अपना कार्य- राष्ट्र प्रथम का ध्येय लेकर भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान और भारत के विकास के लिए कार्य करना प्रारंभ किया।

गांधीजी ने वर्धा में आरएसएस शिविर का दौरा किया, वहां स्वयंसेवकों के कठोर अनुशासन, सादगी से कार्यों को करते हुए देखा, छुआ-छूत की अनुपस्थिति से वे बहुत प्रभावित हुए। यह तथ्य उनके साप्ताहिक पत्र 'हरिजन' में प्रकाशित हुआ था। आजादी के समय जब भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तो लोग विस्थापित हुए। हिंसा के दौरान कई लोगों की हत्या हुई और कई लोग घायल हुए। उन घायलों की सेवा, बिना भेदभाव शवों के अंतिम संस्कार, पीड़ितों को भोजन, चिकित्सा जैसे कार्यों को संघ के स्वयंसेवक पूरे मनोबल से कर रहे थे।

1947-48 में कबायली आक्रमण के दौरान शरणार्थियों को राहत कार्यों द्वारा मदद की गई। 1954 में स्वयंसेवकों ने दादरा और नागर हवेली को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। पुर्तगाली सैनिकों की गोलाबारी में कई स्वयंसेवकों ने प्राण न्यौछावर किए। राष्ट्र के प्रति संघ के समर्पण को देखने के लिए केआर मलकानी द्वारा लिखित पुस्तक 'द आरएसएस स्टोरी' का अध्ययन किया जा सकता है।

आपातकाल के दौरान आरएसएस के हजारों स्वयंसेवकों ने सरकारी तानाशाही का विरोध खुलकर किया। कुछ कार्यकर्ता भूमिगत रहते हुए जनता के बीच प्रेस के माध्यम से अखबारों, पत्रिकाओं और पर्चों के जरिए सूचना का प्रचार-प्रसार करते थे। 'द इकॉनॉमिक' ने लिखा था कि इस आंदोलन की मुख्य ताकत जनसंघ और उससे जुड़े संगठन आरएसएस है, जो कि सदैव लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति संकल्पित है।

अगस्त 1967 में हिंदी दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित एक साक्षात्कार में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अरुणा आसफ अली ने बताया कि मैंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों से छिपने के लिए आरएसएस के दिल्ली संघचालक लाल हंसराज गुप्ता के घर शरण ली थी, जहां उन्होंने लगभग 15 दिनों तक उन्हें गोपनीय तरीके से रखा। वहां पर लालजी ने मेरी सुरक्षा का पूरा प्रबंध कर रखा था। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी को भी मेरे उनके घर पर रहने की जानकारी न मिले। स्वाधीनता संग्राम में आरएसएस के स्वयंसेवकों की भूमिका और समर्पण को लेकर माणिक चंद्र वाजपेयी और श्रीधर पराडकर ने अपनी पुस्तक 'ज्योति जला निज प्राण की' में विस्तार से चित्रण किया है।

वर्तमान में आयोजित यह शताब्दी वर्ष कार्यक्रम छह सरसंघचालकों की साधना का प्रतिफल है। इसमें प्रथम सरसंघचालक एवं संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार हैं। माधव सदाशिव गोलवलकर द्वितीय सरसंघचालक हैं, जो गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्हें संघ के प्रबल विस्तारण के रूप में जाना जाता है। वही अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे। तृतीय सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रय देवरस, जिन्हें आदरपूर्वक बालासाहेब देवरस भी कहा जाता है, सेवा कार्यों का एक नवीन आयाम स्थापित किया। चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया पहले ऐसे सरसंघचालक थे, जिन्होंने विदेश जाकर आरएसएस का व्यापक विस्तार किया। पंचम सरसंघचालक सीतारमैया सुदर्शन स्वदेशी के कट्टर समर्थक तथा भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति बड़े सजग व प्रबल पक्षधर थे।

छठे एवं वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत के कार्यकाल में आरएसएस शताब्दी वर्ष मना रहा है। मोहन भागवत जी समरसता और समावेशी समाज के पक्षधर हैं, जो व्यक्ति को धार्मिक पहचान से कहीं ज्यादा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में देखते हैं। दिल्ली और बंगलौर के सम्मेलन में दिया गया, उनका यह कथन बहुत प्रभावशाली है कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है। इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। उनका आग्रह देश-समाज के सभी वर्गों और पंथों को साथ लेकर चलने का है।


email: nusratfahad8@gmail.com


### आमने



मोदी जी के चित्र फाड़ने से कोई भागीरथ नहीं बन सकता। भाजपा सिर्फ एक नेशनल पार्टी नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और इस तरह के कृत्य निंदनीय हैं। मेरे बारे में कोई कुछ भी कहे, लेकिन मेरे भाई का इन गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है।

**-डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**
कृषि मंत्री, राजस्थान

### सामने

डाक बंगला किसी की बपौती नहीं है। न ही हमने वहां कोई पोस्टर हटाए। डाक बंगले की चाबी कहां रखी है? इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी थी। मैं खुद और दौसा सांसद डाक बंगला पहुंचे थे, लेकिन वहां ताला लगा मिला।

**-डीसी बैरवा**
कांग्रेस विधायक, राजस्थान



## ब्रिक्सः कई बाधाएं हैं पाकिस्तान-तुर्किए की राह में



दिग्विजय सिंह

कानपुर

> आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान और तुर्किए के लिए चीन चाहे जितना जोर लगा ले, बिना भारत की सहमति के वह सफल नहीं होगा।

भारत का दुश्मन पाकिस्तान और तुर्किए 11 देशों के समूह ब्रिक्स में शामिल होने को बेकरार है, लेकिन उनका यह सपना पूरा होता नहीं दिखा रहा है। ब्रिक्स में फिलहाल ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल हैं। चीन चाहता है कि भारत इन देशों के समूह में शामिल होने की सहमति दे, लेकिन उसकी यह चाहत पूरी नहीं होगी, क्योंकि आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान और तुर्किए के लिए चीन चाहे जितना जोर लगा ले, बिना भारत की सहमति के वह सफल नहीं होगा। ब्रिक्स में किसी देश को तभी सदस्यता मिलती है, जब सभी देशों की सहमति हो। तुर्किए आमंत्रित सदस्य तो है, लेकिन पाकिस्तान को यह दर्जा भी नहीं मिला है। भारत शुरू से ही इन देशों की सदस्यता का विरोध करता आया है। भारत पहली जनवरी से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा।

तुर्किए नाटो व यूरोपीय संघ पर अपनी निर्भरता को घटाना चाहता है। उसने यूरोपीय संघ में शामिल होने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उसे इसमें भी सफलता नहीं मिली। नाटो देशों के साथ भी उसके संबंध अच्छे नहीं हैं। नाटो के साथ तनावपूर्ण संबंधों और यूरोपीय संघ में शामिल होने की इच्छा की पूर्ति न होने की वजह से ही वह ब्रिक्स का सदस्य बनना चाहता है। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका भी नहीं चाहते कि तुर्किए को इस ग्रुप की सदस्यता मिले। इन देशों के भारत में समर्थन की वजह से भी चीन परेशान है।

भारत, तुर्किए की हर कदम पर मदद करता रहा है। प्राकृतिक आपदाओं के समय सर्वाधिक मदद भारत की तरफ से ही की जाती रही है, लेकिन जब भी मौका आया तुर्किए भारत के विरोध में खड़ा हुआ। कश्मीर के मुद्दे पर तो संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई मंच हर जगह उसने पाकिस्तान का पक्ष लिया। उसने न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का साथ दिया, बल्कि उसे हथियार भी मुहैया कराया। ऑपरेशन सिंदूर की निंदा करने वाले देशों में तुर्किए आगे था। अब तो वह बांग्लादेश में भी भारत विरोधी गतिविधियों को हवा देने में लगा है। वहां पर आईएसआई की उपस्थिति कराने में अहम भूमिका निभाई है।

बांग्लादेश और पाकिस्तान की बीच सुलह का सूत्रधार भी तुर्किए के राष्ट्रपति को ही माना जाता है। यही वजह है कि भारत तुर्किए की राह में दीवार बनकर खड़ा है। इससे पहले भी भारत के विरोध के कारण तुर्किए को सदस्यता नहीं मिली थी। रही बात पाकिस्तान की तो भारत के रहते पाकिस्तान इस समूह का सदस्य कभी नहीं बन पाएगा। पाकिस्तान ने इसके लिए चीन की शरण ली है, पर चीन कुछ नहीं कर सकता। भारत के हाथ ब्रिक्स की अध्यक्षता आने से पाकिस्तान और तुर्किए तो परेशान हैं हीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के माथे पर भी बल आ गया है, क्योंकि भारत को अध्यक्षता उस समय मिल रही है, जब ट्रंप की अपरिपक्व व कठोर नीतियों के कारण भारत, चीन और रूस एक साथ आ गए हैं।

ब्राजील भी इन देशों के साथ मजबूती से खड़ा है। ट्रंप के टैरिफ हथियार की धार कमजोर करने में ब्राजील ने अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप को डर है कि कहीं ब्रिक्स देश डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्रा न लांच कर दें। अगर मुद्रा लांच होगी, तो इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बड़ी और करारी चोट होगी, हालांकि ब्रिक्स देशों ने नई मुद्रा लांच करने का कोई संकेत तो नहीं दिया है, लेकिन यह तय है कि समूह के सदस्य देश सौ प्रतिशत कारोबार डालर के बजाय खुद की मुद्रा में करने को राजी हैं। यह भी अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं होगा।

ब्रिक्स में शामिल देश कृषि क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने में जुटे हैं। खाद्य सुरक्षा को वैश्विक दक्षिण के लिए एक रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में मान्यता दे रहे हैं। कृषि व्यापार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जलवायु-अनुकूल खेती और मूल्य श्रृंखला विकास में साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। ये कवायद अमेरिका को चुभ रही है। यही वजह है कि ट्रंप लगातार इन देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं, हालांकि उनकी धमकी से 11 देशों वाले ब्रिक्स समूह को कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

अगस्त में ही भारत ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया था। भारत द्वारा जारी आधिकारिक परिपत्र के तहत ब्रिक्स देशों को वह अपना 100% व्यापार भारतीय रुपये में करेगा। यह फैसला अमेरिका के लिए झटका था। बेलारूस, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, सऊदी अरब और बांग्लादेश भी चाहते हैं कि उन्हें ब्रिक्स की सदस्यता मिले। भारत ने बेलारूस, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, सऊदी अरब की सदस्यता का विरोध नहीं किया है। अन्य देश भी इन देशों की सदस्यता को लेकर कोई विरोध नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यह उम्मीद है कि पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ अन्य देशों को सदस्यता मिल सकती है।

### सोशल फोरम

## फिनलैंड की पूर्व राष्ट्रपति क्यों बनीं 'बेघर'





कलम रंगदार

ब्लॉगर

वह न तो कोई भिखारिन हैं और न ही कोई ऐसी शरणार्थी, जिसकी ज़िंदगी पूरी तरह बिखर चुकी हो। वह तार्या हालोनेन हैं- फिनलैंड की राष्ट्रपति, जिन्होंने 2000 से 2012 तक देश का नेतृत्व किया।

उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान फिनलैंड दुनिया के सबसे बेहतरीन देशों में शामिल हो गया। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के मामले में। फ़िनिश कंपनियां भी खूब फली-फूलीं। नोकिया, वार्त्सिला और सून्टो जैसे बड़े नाम लगातार सफल होते रहे। सिर्फ़ 55 लाख की आबादी और कड़ाके की ठंड के बावजूद, फिनलैंड मज़बूती से आगे बढ़ता रहा।

इस तस्वीर में पूर्व राष्ट्रपति सेकेंड-हैंड कपड़े पहने हुए हैं और सड़क पर घंटों बैठी दिखाई देती हैं। बिलकुल किसी बेघर इंसान की तरह। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि वे खुद उस पीड़ा को महसूस कर सकें और दूसरों को भी गरीबों और शरणार्थियों की ज़िंदगी की कठिनाइयों को समझा सकें।

उन्होंने कहा, "मैं भी एक भिखारिन या शरणार्थी हो सकती थी, लेकिन किस्मत ने मुझे राष्ट्रपति बना दिया। यही वजह है कि जो लोग उतने खुशकिस्मत नहीं हो पाए, उनके लिए मेरे दिल में गहरी संवेदना है।"

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## चार साल में सड़क ने लील लीं 7.77 लाख जिंदगी

हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में सड़क हादसों को लेकर जो कहा, वह केवल एक मंत्री का बयान नहीं था, बल्कि भावुक, विचलित और एक बेचैन इंसान की स्वीकारोक्ति भी थी कि सड़क हादसे ऐसी राष्ट्रीय त्रासदी है, जिसे हम ठीक से रोक नहीं पा रहे हैं। गडकरी का यह कहना कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं, तो उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है। इस मामले में केवल सरकार की नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक विफलता को प्रकट करती है।

सड़क हादसों के आंकड़े डराते हैं, लेकिन उनके पीछे छिपी मानवीय कहानियां उनसे भी ज्यादा डराती हैं। गडकरी ने जो जानकारी संसद में दी है, उसके अनुसार देश में हर साल लगभग 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं होती हैं और इनमें 1.8 लाख से ज्यादा लोग मारे जाते हैं। इसका मतलब है कि हर दिन लगभग 485 लोग घर से निकलते हैं और फिर कभी लौटकर नहीं आते। कोई पिता ऑफिस जाते हुए मर जाता है। कोई बेटा कॉलेज जाते वक्त दम तोड़ देता है, तो कोई मां सब्जी लेने सड़क पार करते हुए दुनिया को अलविदा कह जाती है। सड़क पर होने वाली हर मौत के साथ एक परिवार टूट जाता है।



अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

वर्ष 2018 से 2022 के बीच सड़क हादसों में 7.77 लाख से अधिक लोगों की जान जाना केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह 7.77 लाख अधूरे सपने और ऐसा दुःख है जो अक्सर चुपचाप सह लिया जाता है। वर्ष 2024 में हादसों की संख्या बढ़कर लगभग 1.80 लाख तक पहुंच जाना यह सवाल खड़ा करता है कि क्या इस दर्द का कोई अंत नहीं है। सबसे पीड़ादायक सच यह है कि मरने वालों में सबसे बड़ी संख्या युवाओं की है। 18 से 34 वर्ष की उम्र में जब कोई अपने जीवन की दिशा तय कर रहा होता है और जब परिवार उससे उम्मीदें लगाए बैठा होता है, तब उसकी मौत का मतलब केवल एक व्यक्ति का मर जाना नहीं होता। सड़क हादसा सिर्फ उस एक व्यक्ति को नहीं मारता, वह पूरे परिवार का भविष्य छीन लेता है।

हम अक्सर हादसों के लिए तेज रफ्तार, लापरवाही, नशा आदि कारणों से ड्राइवर को दोष देते हैं। सही है हादसों के ये कारण भी हैं, लेकिन खराब सड़क डिजाइन, बिना संकेतक के बने कट, अंधे मोड़, अधूरी सर्विस लेन, कमजोर ट्रैफिक व्यवस्था भी हादसों के जिम्मेदार हैं। सिर्फ ड्राइवरों को दोष देने से सड़क हादसे नहीं रुकेंगे। जैसा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने कहा है, सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण अब भी लोगों की लापरवाही है। कई लोग आज भी हेलमेट पहनने से बचते हैं या फिर ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं, जबकि भारी जुर्माने का प्रावधान है। जब तक लोगों को सही ट्रेनिंग और जागरूकता नहीं मिलेगी, तब तक ये समस्या बनी रहेगी। हादसे रोकने के लिए हर कारण को दूर करने पर विचार करना होगा। हादसे के बाद मदद का समय पर नहीं पहुंचना भी हताहतों की तादाद बढ़ने का कारण है।। अगर सही समय पर इलाज मिल जाए तो कई जानें बच सकती हैं।

कई बार एंबुलेंस देर से पहुंचती है। लोग मदद करने से डरते हैं। अस्पतालों में व्यवस्था नहीं होती। कई लोग सड़क पर नहीं, बल्कि इलाज न मिलने से मर जाते हैं। हादसे रोकना केवल सरकार की नहीं, समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। लोग सीट बेल्ट नहीं लगाते। हेलमेट को बोझ समझते हैं। रेड लाइट तोड़ना सामान्य बात मानते हैं। जब तक सड़क सुरक्षा को हम अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक कोई भी नीति पूरी तरह काम नहीं कर सकती। सड़क हादसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा। हर किसी को इसमें योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत**, **कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

जौनपुर का शाही किला शहर से करीब दो किलोमीटर दूर गोमती नदी के किनारे शाही पुल के पास स्थित है। इस ऐतिहासिक किले का निर्माण फिरोज शाह तुगलक ने वर्ष 1362 में कराया था। यह वह समय था जब तुगलक वंश ने जौनपुर को एक मजबूत सैन्य व प्रशासनिक केंद्र का दर्जा दिया था। यह किला अपनी भव्यता और स्थापत्य कला के लिए मशहूर है। मुख्य द्वार के पास शौर्य का प्रतीक विजय स्तंभ, विशाल द्वार और मेहराब देखने लायक हैं। किले से गोमती नदी का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है। जौनपुर की विरासत को दर्शाने के साथ शाही किला इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

*- मनोज त्रिपाठी, कानपुर*




# जौनपुर का शाही किला

# ऐतिहासिक धरोहर, वास्तुकला की झलक

शाही किला अपनी मजबूत दीवारों, ऊंचे दरवाजों और सुरक्षा की दृष्टि से तैयार की गई गहरी खाई के लिए जाना जाता है। किले का मुख्य द्वार काफी बड़ा और नक्काशीदार है। प्रवेश द्वार की ऊंचाई 36 फुट है, इसके उपर एक विशाल गुंबद बना है। किले के भीतर का गेट 26.5 फुट ऊंचा और 16 फुट चौड़ा है। कभी किले के भीतर कई महल, बावड़ियां और खूबसूरत इमारतें थीं, लेकिन वर्तमान में कुछ ज्यादा नहीं बचा है। किले के भीतर एक मस्जिद और एक तुर्की हम्माम ही केवल दो प्रमुख संरचनाएं बची हैं। परिसर में एक दरगाह के साथ एक गेट जैसी संरचना भी है। हम्माम पर बने ऊंचे,नीचे गुंबद बहुत सुंदर ढंग से बनाए गए हैं। वर्तमान में किला एक संरक्षित इमारत है।

## राठौर राजाओं के मंदिरों और महलों की सामग्री का प्रयोग

शाही किला को कन्नौज के राठौर राजाओं के मंदिरों और महलों की सामग्री का उपयोग करके बनाया गया था। इस किले को अनेक शासकों द्वारा कई बार नष्ट किया गया। मुगल साम्राज्य के शासन के दौरान किले का व्यापक जीर्णोद्धार और मरम्मत की गई। इसकी वजह किले का सामरिक रूप में महत्वपूर्ण होना था। बाद में यह किला अवध के नवाबों के अधीन रहा, लेकिन ब्रिटिश शासन के समय इसकी स्थिति कमजोर होती गई।



## पत्थर की दीवारों से घिरा एक अनियमित चतुर्भुज

पूर्व में इसे केरार कोट किला कहते थे। किले का लेआउट पत्थर की दीवारों से घिरा एक अनियमित चतुर्भुज है। दीवारें उभरी हुई मिट्टी की दीवारों से घिरी हुई है। हालांकि मूल संरचनाओं के अधिकांश अवशेष खंडहर हालत में हैं या दफन हो चुके हैं। मुख्य द्वार पूर्व की ओर है। सबसे बड़ा आंतरिक द्वार 14 मीटर ऊंचा है। इसकी बाहरी सतह अशलर पत्थर से बनी है।

## बाहरी दीवारों पर सजावटी आले, मेहराबों के बीच नीले-पीले पत्थर

16 वीं शताब्दी में जौनपुर के गवर्नर मिनम खान के संरक्षण में मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान एक और बाहरी द्वार स्थापित किया गया था। इसे एक बगल की बुर्ज के आकार में डिजाइन किया गया है। बाहरी द्वार के मेहराबों के बीच के स्पैन्ड्रेल या रिक्त स्थान को नीले और पीले रंग के पत्थरों से सजाया गया था। बाहरी द्वार की दीवारों में सजावटी आले बनाए गए हैं। किले की संरचना में स्थापित गुंबदों के शीर्ष पर खुलने के कारण प्रकाश अंदर आता है।

## तुर्की शैली का हम्माम, मस्जिद निर्माण में हिंदू और बौद्ध शिल्प

किले के भीतर आदर्श तुर्की शैली का एक स्नानघर है, जिसे आमतौर पर हम्माम या भूलभुलैया के नाम से जाना जाता है। हम्माम आंशिक रूप से भूमिगत बना हुआ है, जिसमें इनलेट और आउटलेट चैनल, गर्म और ठंडा पानी और इसी तरह की अन्य सुविधाएं हैं। भीतर एक मस्जिद भी है। इब्राहिम बरबक द्वारा बनवाई गई इस मस्जिद के निर्माण में हिंदू एवं बौद्ध शिल्प कला की छाप साफ दिखाई पड़ती है। इसे जौनपुर शहर की सबसे पुरानी इमारत गिना जाता है। इसके बगल में 12 मीटर ऊंचा पत्थर का स्तंभ है, जिस पर एक फारसी शिलालेख खुदा हुआ है, जो मस्जिद के निर्माण की कहानी बताता है। मस्जिद में तिहरे मेहराब हैं और इसके ऊपर तीन निचले केंद्रीय गुंबद हैं।



रंग-तरंग

## खामोश पत्थरों में उतरता संगीत

इतिहास की किताबों में दर्ज कई इमारतें समय के साथ खामोश हो जाती हैं, लेकिन हैदराबाद के सिकंदराबाद स्थित 300 साल पुरानी बंसीलालपेट बावड़ी आज फिर से सांस ले रही है। कभी उपेक्षित और गुमनामी में डूबी यह ऐतिहासिक जल संरचना अब संगीत और कला के जरिए शहर की एक जीवंत सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। 'टैंगी सेशंस' नामक समूह की पहल ने इस बावड़ी को हर वीकेंड एक अनोखे सांस्कृतिक मंच में बदल दिया है। आम दिनों में शांत रहने वाली नक्काशीदार पत्थर की सीढ़ियां शनिवार और रविवार की शाम रोशनी से जगमगा उठती है। शाम 5:45 से रात 8 बजे तक ढलते सूरज की सुनहरी किरणें, बावड़ी की गहराई से आती ठंडी हवा और पानी में पड़ती रोशनी का




प्रतिबिंब मिलकर एक जादुई माहौल रचते हैं। दीवारों से टकराती संगीत की लहरें दर्शकों को इतिहास और वर्तमान के बीच एक रूहानी यात्रा पर ले जाती हैं। टैंगी सेशंस के संस्थापक अर्जुन का मानना है कि विरासत को सहेजने के लिए केवल ढांचे का संरक्षण पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे जीवंत बनाए रखना जरूरी है। उनके अनुसार, जब लोग बार-बार ऐसे स्थलों पर सांस्कृतिक अनुभव के लिए आते हैं, तो वे केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि उस विरासत के संरक्षक बन जाते हैं। यह पहल दर्शाती है कि कला और संगीत पुराने स्मारकों को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। बंसीलालपेट बावड़ी आज सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि हैदराबाद की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक बन चुकी है।

यहां होने वाले कार्यक्रमों की सूची काफी विविधतापूर्ण है। इसमें लोक संगीत, सूफी गायन, कविता पाठ, मुशायरे, थिएटर और आधुनिक रैप सेशंस भी शामिल होते हैं। आयोजक ध्वनि के स्तर (Acoustics) का विशेष ध्यान रखते हैं ताकि संगीत बावड़ी की गरिमा और शांति के साथ मेल खाए। अब तक यहां सूफी गायकों से लेकर वायलिन वादक अभिजीत गुरजले जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ राहत इंदोरी और संजीता भट्टाचार्य जैसे नामचीन सितारे भी यहां शिरकत कर चुके हैं।


आर्ट गैलरी

## क्लाउड मोनेट की 'Bridge over a Pond of Water Lilies'



'वॉटर लिली के तालाब पर पुल' क्लाउड मोनेट की 1899 की मशहूर इंप्रेशनिस्ट ऑयल पेंटिंग है। इसमें फ्रांस के गिवर्नी में उनके वॉटर लिली गार्डन के ऊपर बनाया गया जापानी-स्टाइल का लकड़ी का पैदल पुल दिखाया गया है। इसमें चमकीले हरे, नीले और गुलाबी रंगों को एक्सप्रेसिव ब्रशस्ट्रोक के साथ इस्तेमाल किया गया है। यह पेंटिंग न्यूयार्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कलेक्शन का हिस्सा है।

### क्लाउड मोनेट के बारे में



ऑस्कर-क्लाउड मोनेट फ्रांसीसी चित्रकार थे। वह फ्रेंच इंप्रेशनिस्ट पेंटिंग के संस्थापक भी रहे। उनके पिता एडोल्फ मोनेट किराना व्यापारी थे। सबसे बड़े बेटे क्लाउड जब पांच बरस के थे, तो परिवार नॉर्मंडी तट पर ले हावरे के पास चला गया। उनका ज्यादातर समय समुद्र तटों पर बीता। यहीं से प्रकृति के प्रति उनकी नई सोच का जन्म हुआ। 15 साल की उम्र तक, मोनेट ने ले हावरे के कई स्थानीय लोगों के चारकोल कैरिकेचर बनाकर अपना नाम कमा लिया था। ये चित्र, जिन्हें वह 10-20 फ्रैंक में बेचते थे, उन पर 'ओ. मोनेट' के सिग्नेचर थे। वह इंप्रेशनिस्ट दर्शन के सबसे सुसंगत कलाकार थे। खासकर खुले आसमान के नीचे लैंडस्केप पेंटिंग के मामले में। 'इंप्रेशनिज्म' शब्द उनकी पेंटिंग इंप्रेशन, (इंप्रेशन, सनराइज) के शीर्षक से लिया गया है, जिसे 1874 में मोनेट और उनके सहयोगियों द्वारा सैलून डी पेरिस के विकल्प के रूप में आयोजित पहली स्वतंत्र प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया था। 1883 से, मोनेट गिवर्नी में रहते थे, जहां उन्होंने एक घर और प्रॉपर्टी खरीदी और एक बड़ा लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसमें लिली के तालाब शामिल थे, जो उनके सबसे मशहूर कामों का विषय बने। उन्होंने 1899 में वॉटर लिलीज की पेंटिंग बनाना शुरू किया, पहले जापानी पुल को मेन सब्जेक्ट बनाकर वर्टिकल व्यू में और बाद में बड़ी-बड़ी पेंटिंग्स की सीरीज में, जिसमें वह अपनी जिंदगी के अगले 20 साल लगातार व्यस्त रहे। मोनेट का निधन 5 दिसंबर, 1926 को 86 साल की उम्र में फेफड़ों की बीमारी से हुआ। उनकी इच्छा के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार छोटा और सादा रहा।

## रोमानिया की अनोखी परंपरा

नए साल का जश्न दुनियाभर में अलग-अलग अंदाज में मनाया जाता है। कहीं केक काटे जाते हैं, कहीं आतिशबाजी होती है, तो कहीं संगीत और नृत्य के साथ नए साल का स्वागत किया जाता है, लेकिन रोमानिया में नए साल का जश्न एक बिल्कुल अलग और अनोखी परंपरा के साथ मनाया जाता है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए।

यहां लोग नए साल के अवसर पर भालुओं जैसी भारी-भरकम पोशाकें पहनकर सड़कों पर उतरते हैं और पारंपरिक नृत्य करते हैं। इस परंपरा को 'डांस ऑफ द बेयर' कहा जाता है, जो सदियों पुरानी लोक मान्यताओं से जुड़ी हुई है। माना जाता है कि भालू शक्ति, साहस और संरक्षण का प्रतीक होता है। भालू का यह नृत्य बुरी आत्माओं को दूर भगाने और आने वाले साल के लिए धरती को उपजाऊ व समृद्ध बनाने में सहायक माना जाता है। नृत्य के दौरान ढोल-नगाड़ों की तेज धुनें, रंग-बिरंगी वेशभूषा और सामूहिक उत्साह पूरे माहौल को जीवंत बना देते हैं। यह परंपरा न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि रोमानिया की सांस्कृतिक विरासत और लोक जीवन की गहराई को भी दर्शाती है।

परंपराएं दुनिया की



## फड़ चित्रकला: लोकआस्था की जीवंत परंपरा

फड़ चित्रकला राजस्थान की एक दुर्लभ और ऐतिहासिक लोककला है, जिसकी परंपरा लगभग 700 वर्षों से एक ही वंश में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है। इसकी उत्पत्ति राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के पास स्थित शाहपुरा क्षेत्र में मानी जाती है। फड़ वस्तुत: एक विशाल स्क्रॉल पेंटिंग होती है, जिसमें स्थानीय देवी-देवताओं और लोकनायकों की विस्तृत धार्मिक कथाएं चित्रित की जाती हैं। इन चित्रों को चलती-फिरती या 'मोबाइल मंदिर' के रूप में देखा जाता था। रबारी जनजाति के पुजारी-गायक, जिन्हें भोपा और भोपी कहा जाता है, इन्हें अपने साथ गांव-गांव ले जाते थे।



लोकायन

रबारी जनजाति देवनारायणजी (विष्णु के अवतार) और लोकनायक पाबूजी की वीर गाथाओं को गायन और कथा-प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करते थे। सूर्यास्त के बाद फड़ को खोला जाता था और यह प्रस्तुति पूरी रात चलती रहती थी। स्थानीय बोली में 'फड़' का अर्थ 'मोड़ना' होता है, जो इस कला के स्वरूप को भी दर्शाता है। फड़ चित्रकला अत्यंत श्रमसाध्य और अनुशासनबद्ध प्रक्रिया से बनती है। इसे हाथ से बुने मोटे सूती कपड़े पर बनाया जाता है, जिसे पहले रातभर भिगोया जाता है ताकि धागे मजबूत हो सकें। इसके बाद चावल या गेहूं के आटे से बने स्टार्च से कपड़े को कड़ा किया जाता है, धूप में सुखाया जाता है और मूनस्टोन से रगड़कर सतह को चिकना व चमकदार बनाया जाता है।

इस कला की एक विशेषता इसका पूर्णतः प्राकृतिक होना है। रंग पत्थरों, फूलों, पौधों और जड़ी-बूटियों से तैयार किए जाते हैं। कलाकार इन्हें स्वयं बनाते हैं और गोंद व पानी के साथ मिलाकर कपड़े पर प्रयोग करते हैं। फड़ चित्रकला में पीला, नारंगी, हरा, भूरा, लाल, नीला और काला रंग प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। प्रत्येक रंग का प्रतीकात्मक उपयोग होता है- पीला प्रारंभिक रेखांकन और आभूषणों के लिए, नारंगी शरीर के अंगों के लिए, हरा वनस्पति के लिए, भूरा वास्तु संरचनाओं के लिए, लाल शाही वस्त्रों और सीमाओं के लिए, नीला जल व पर्दों के लिए, जबकि काला रंग अंत में रूपरेखा उभारने के लिए प्रयोग किया जाता है। इतनी सख्त पारंपरिक सीमाओं के कारण यह कला एक समय लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। ऐसे में प्रसिद्ध फड़ चित्रकार और पद्मश्री से सम्मानित श्री लाल जी जोशी ने 1960 में भीलवाड़ा में जोशी कला कुंज की स्थापना कर इस परंपरा को नया जीवन दिया। उन्होंने पहली बार परिवार के बाहर के कलाकारों को भी फड़ कला सिखाने का साहसिक कदम उठाया। उनके पुत्र गोपाल और कल्याण जोशी के नेतृत्व में यह प्रयास और विस्तृत हुआ और 1990 में इस संस्थान का नाम चित्रशाला रखा गया। आज तक चित्रशाला में 3,000 से अधिक कलाकार प्रशिक्षित हो चुके हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल कला को जीवित रखना नहीं, बल्कि उसकी पारंपरिक तकनीकों और प्राकृतिक रंगों की जटिल प्रक्रियाओं को भी संरक्षित करना रहा है। फड़ चित्रकला केवल दृश्य सौंदर्य की कला नहीं, बल्कि सदियों पुरानी लोककथाओं, आस्था और सांस्कृतिक स्मृति का जीवंत दस्तावेज है। आधुनिक समय में ऐसी कलात्मक विरासतों को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि यही भारत की लोकसंस्कृति और ऐतिहासिक चेतना को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाती हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,675.08 | 25,938.85 |
| गिरावट | 20.46 | 3.25 |
| प्रतिशत में | 0.02 | 0.01 |

सोना 1,39,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,41,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार, 31 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2535, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2250, रविन्द्रा 2410, फॉर्चुन 13किग्रा 1980, जय जवान 1990, सचिन 2010, सूरज 1990, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1855, क्लासिक (किग्रा) 2145, मोर 2185, चक्र टिन 2300, ब्लू 2085, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2490

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000–18000, धनिया 9400–12000, अजवायान 13500–20000, मेथी 6000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि0) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

**चावल प्रति कु. :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000–13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली

7250–7450 मलका दाल, 7350–9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 7800–8500, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800–10400, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7200, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7700, चना अकोला 6600, डबरा 6700–8800, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000–10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4280, बहेड़ी 4220

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती– 3500, मसूरी– 950, बासमती– 5200, परमल– 1100

**दाल दलहन :** काला चना– 2400, साबुत चना दाल– 2000, मूंग साबुत– 4500, राजमा– 8500–11500, दाल उड़द–5400, साबुत मसूर दाल– 3000, मसूर दाल– 2600, उड़द साबुत– 4800, काबुली चना– 8000, अरहर दाल–10000, लोबिया/करमानी– 1100

# अश्लील और गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करें वर्ना भुगतने पड़ेंगे नतीजे

## केंद्र ने ऑनलाइन मंचों और सोशल मीडिया कंपनियों को जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र ने ऑनलाइन मंचों विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को आगाह किया कि यदि वे अश्लील, अभद्र, बाल यौन शोषण से जुड़ी और अन्य प्रकार की गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 29 दिसंबर 2025 को जारी चेतावनी में सोशल मीडिया कंपनियों से अपने अनुपालन ढांचे की तत्काल समीक्षा करने और अपने मंच पर अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही कहा कि ऐसा करने में विफल रहने पर उन्हें देश के कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि सोशल मीडिया मध्यस्थों सहित मध्यस्थों को याद दिलाया जाता है कि वे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत वैधानिक रूप से बाध्य हैं कि वे अपने मंचों पर या उनके माध्यम से अपलोड, प्रकाशित, होस्ट, साझा या प्रसारित की गई तृतीय-पक्ष की जानकारी के संबंध में दायित्व से छूट प्राप्त करने की शर्त के रूप में उचित सावधानी बरतें। यह चेतावनी ऐसे समय जारी की गई है कि जब इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह पाया कि सोशल मीडिया मंच अश्लील, भद्दी, अनुचित और गैरकानूनी सामग्री पर सख्ती से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। केंद्र ने दोहराया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और/या सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर मध्यस्थों, मंचों तथा उनके उपयोगकर्ताओं के खिलाफ आईटी अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और अन्य लागू आपराधिक कानूनों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को आईटी अधिनियम व आईटी नियम, 2021 के उन प्रावधानों की भी याद दिलाई है जिनके तहत ऑनलाइन मंचों को यह सुनिश्चित करने के लिए यथोचित प्रयास करने होते हैं कि उनके कंप्यूटर संसाधनों का उपयोग करने वाले लोग ऐसी कोई जानकारी होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रसारित, संग्रहित, अद्यतन या साझा न करें जो अश्लील (पोर्नोग्राफिक), बाल यौन शोषण से जुड़ी (पीडोफिलिक), बच्चों के लिए हानिकारक या अन्यथा गैरकानूनी हो। मंत्रालय ने कहा कि उसके संज्ञान में यह आया है कि मध्यस्थों द्वारा उचित परिश्रम संबंधी दायित्वों के पालन में अधिक निरंतरता एवं सख्ती की आवश्यकता है।

### तय समय के भीतर हटाएं गैरकानूनी सामग्री

आईटी मंत्रालय ने मध्यस्थों से कहा कि वे अदालत के आदेश या उपयुक्त सरकार या उसकी अधिकृत एजेंसी से प्राप्त सूचना पर गैरकानूनी सामग्री को तुरंत हटाएं या उस तक पहुंच निष्क्रिय करें। यह कार्रवाई आईटी नियम, 2021 में निर्धारित समयसीमा के भीतर सख्ती से की जाए। आईटी नियम, 2021 के तहत अनिवार्य है कि यदि किसी व्यक्ति की ओर से शिकायत की जाती है और सामग्री प्रथमदृष्टया किसी को यौन कृत्य या आचरण में दर्शाती है या उसका प्रतिरूपण है तो मध्यस्थ 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाएं या उस तक पहुंच निष्क्रिय करें। ऑनलाइन मंचों से अपने आंतरिक अनुपालन ढांचे, सामग्री नियंत्रण प्रक्रियाओं और उपयोगकर्ता प्रवर्तन तंत्र की तत्काल समीक्षा करने तथा आईटी अधिनियम व आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का सख्त पालन सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

## उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02%) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। वहीं, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, आईटी, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में बिकवाली हावी रही।

# भारत को रूस से कच्चे तेल का आयात घटा, 2022 के बाद सबसे निचला स्तर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था, दिसंबर में रह गया 12 लाख

दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात तेजी से घट सकता है लेकिन यह गिरावट आपूर्ति स्रोतों में किसी संरचनात्मक बदलाव के बजाय अल्पकालिक बाधाओं की ओर इशारा करती है।

ताजा आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रहने का अनुमान है, जो नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था। यह स्तर दिसंबर 2022 के बाद सबसे निचला होगा। भारतीय रिफाइनरी गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए हैं। विश्लेषकों ने अक्टूबर में ही इस गिरावट की ओर इशारा किया था। ऐसा रूस के शीर्ष निर्यातकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी कार्रवाई तथा रूस से जुड़े उत्पाद प्रवाह पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के चलते हुआ।

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, दिसंबर में भारत में रूसी कच्चे तेल की मांग तेजी से सुस्त हुई और आयात 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गया है। प्रमुख रिफाइनरी ने रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगे प्रतिबंधों के बाद खरीद घटा दी है। यह एक अल्पावधि का समायोजन है और जनवरी से नए बिचौलियों के आने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं के दोबारा स्थापित होने के साथ धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और वह यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था।

# पाइपलाइन शुल्क ढांचे में सुधार के बाद सीएनजी-पीएनजी कीमतें घटनी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) की तरफ से पाइपलाइन शुल्क ढांचे में किए गए सुधार का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचने लगा है। शहरी गैस वितरक कंपनियों ने सीएनजी और घरों तक पाइप से पहुंचाई जाने वाली रसोई गैस की कीमतों में कटौती शुरू कर दी है।

पीएनजीआरबी ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए एक युक्तिसंगत और एकीकृत शुल्क ढांचे की घोषणा की थी। यह नया ढांचा एक जनवरी, 2026 से लागू होने वाला है। इस फैसले के बाद थिंक गैस कंपनी ने कई राज्यों में गैस कीमतें घटाने की घोषणा कर दी है और आने वाले दिनों में कई अन्य शहरी गैस वितरक कंपनियों के ऐसा करने की संभावना है। नियामक का कहना है कि नए ढांचे से गैस परिवहन प्रणाली अधिक सरल, न्यायसंगत और किफायती बनेगी। प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक निर्माण, सीएनजी और घरेलू रसोई ईंधन के रूप में किया जाता है।



- आने वाले दिनों में कई शहरी गैस कंपनियां घटा सकती हैं कीमतें

संशोधित शुल्क व्यवस्था के तहत दूरी आधारित शुल्क क्षेत्रों की संख्या तीन से घटाकर दो कर दी गई है। ये दो शुल्क क्षेत्र 300 किलोमीटर तक और उससे अधिक दूरी के हैं। सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए अब पूरे देश में एकसमान, कम दर वाला जोन-1 शुल्क ही लागू होगा। यह दर लगभग 54 रुपये प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट है, चाहे गैस स्रोत की दूरी कुछ भी हो। इससे पहले लंबी दूरी वाली गैस पर अधिक शुल्क वसूला जाता था। शुल्क कटौती के बाद शहरी गैस वितरण से जुड़ी कंपनी थिंक गैस ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब में सीएनजी की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम तक और घरेलू पीएनजी में लगभग तीन रुपये प्रति मानक घन मीटर की कटौती की घोषणा की है।

# वित्तीय विवरण, वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए एक महीना और मिला

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने मंगलवार को कंपनियों के लिए वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 जनवरी, 2026 तक बढ़ा दी। यह विस्तार कंपनी कानून के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित फाइलिंग के लिए दिया गया है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली थी।

मंत्रालय ने यह फैसला विभिन्न हितधारकों से मिले आवेदनों को ध्यान में रखते हुए लिया है। कई कंपनियों और पेशेवरों ने फाइलिंग प्रणाली से जुड़ी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याओं की ओर मंत्रालय का ध्यान दिलाया था। मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा, हितधारकों से मिले आवेदनों को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित अपनी वार्षिक फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरी करने की अनुमति दी जाए। परिपत्र के अनुसार, अतिरिक्त शुल्क के बगैर दाखिल किए जा सकने वाले ई-फॉर्म में एमजीटी-7, एमजीटी-7ए, एओसी-4, एओसी-4 सीएफएस, एओसी-4 एनबीएफसी (इंड एएस), एओसी-4 सीएफएस एनबीएफसी (इंड एएस) और एओसी-4 (एक्सबीआरएल) शामिल हैं।

- कंपनियां अब 31 जनवरी तक दाखिल कर सकेंगी अपना वार्षिक रिटर्न

## रिलायंस के लिए कार्यबल में दस गुना उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रिलायंस एआई घोषणा पत्र का मसौदा पेश किया। इसमें समूह को एआई आधारित उन्नत प्रौद्योगिकी उद्यम बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। साथ ही छह लाख से अधिक कर्मचारियों की उत्पादकता में दस गुना सुधार करने तथा भारत की अर्थव्यवस्था पर 10 गुना प्रभाव डालने का लक्ष्य रखा गया है।

एआई को मानव इतिहास का सबसे प्रभावशाली तकनीकी विकास बताते हुए अंबानी ने कहा कि उनका समूह भारत की एआई क्रांति का नेतृत्व करना चाहता है, ठीक वैसे ही जैसे उसने डिजिटल रूपांतरण का किया था। समूह का संकल्प हर भारतीय के लिए आसानी से एआई उपलब्ध कराना है, जिसमें सुरक्षा, भरोसा और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सभी व्यवसायों में एआई को गहराई से समाहित किया जाएगा।



# पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा पर दायर की जनहित याचिका

## हिंसा रोकने में संवैधानिक विफलता का आरोप, न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्वोत्तर राज्यों और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ देश में नस्ली भेदभाव एवं हिंसा को रोकने न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें इस तरह की हिंसा रोकने में लगातार संवैधानिक विफलता का भी जिक्र किया गया है।

जनहित याचिका त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मद्देनजर 28 दिसंबर को दायर की गई थी। चकमा की 27 दिसंबर को देहरादून के सेलाक्वी क्षेत्र में नस्ली हमले में लगी गंभीर चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। उनाकोटी जिले के मचमारा के रहने वाले चकमा अगरतला के होली क्रॉस स्कूल से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद एमबीए करने के लिए देहरादून गए थे, जहां उसके छोटे भाई माइकल की मौजूदगी में चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई। चकमा के परिजन इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के लिए मौत की सजा या कम से कम आजीवन कारावास की मांग कर रहे हैं।



> हम भारतीय हैं, इसे साबित करने के लिए हमें आपको कौन सा प्रमाणपत्र दिखाना चाहिए। टकराव के क्रूर हिंसा में बदलने से पहले ये शब्द बेहद दुखद रूप से एंजेल चकमा के संवैधानिक नागरिकता के बारे में आखिरी दर्ज बयान बन गए। – याचिका

दिल्ली के वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जनहित याचिका में पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है, पूर्वोत्तर राज्यों और भारत के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के भारतीय नागरिकों के खिलाफ नस्ली भेदभाव और हिंसा के मुद्दे के समाधान के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की जाती है। याचिका में चकमा की मौत से संबंधित मीडिया की खबरों का भी हवाला दिया गया। इसमें कहा गया है, व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने, नस्ली अपमान को घृणा अपराधों की एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता देने और इसके लिए सजा निर्धारित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त रिट (कानून बनने तक अंतरिम) जारी की जाए।

याचिका में केंद्र और राज्यों को यह निर्देश देने का आग्रह किया गया कि वे केंद्रीय स्तर के साथ-साथ प्रत्येक राज्य के स्तर पर एक नोडल एजेंसी या स्थाई निकाय या आयोग या निदेशालय का गठन करें, जहां इस तरह के नस्ली अपराधों की रिपोर्ट की जा सके और उनका निवारण किया जा सके। याचिका में कहा गया है, केंद्रीय स्तर के साथ-साथ प्रत्येक राज्य के स्तर पर संबंधित पक्षों को निर्देश दिया जाए कि वे प्रत्येक जिले/महानगर में नस्ली अपराधों से निपटने के लिए एक समर्पित विशेष पुलिस इकाई का गठन करें। कहा गया है कि चकमा की हत्या कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों के खिलाफ नस्ली दुर्व्यवहार और हिंसा के लंबे समय से चले आ रहे सिलसिले का हिस्सा है।

### कामकाज में सुगमता के लिए एसओपी जारी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें उसके समक्ष पेश होने वाले वकीलों की ओर से दलीलों और लिखित निवेदन प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। यह कदम न्यायालय के कामकाज में सुगमता और न्याय मुहैया कराने की व्यवस्था में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और शीर्ष कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने सोमवार को एक परिपत्र जारी किया, जिसमें सभी मामलों में मौखिक दलीलें प्रस्तुत करने की समयसीमा का पालन करने के लिए एसओपी तय की गई है। तत्काल प्रभाव से लागू इस एसओपी में कहा गया है, वरिष्ठ अधिवक्ता, दलील रखने वाले वकील और रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ता, नोटिस के बाद और नियमित सुनवाई वाले सभी मामलों में मौखिक बहस करने की समयसीमा सुनवाई शुरू होने से कम से कम एक दिन पहले प्रस्तुत करेंगे। यह समय-सीमा न्यायालय को 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' (एओआर) को पहले से उपलब्ध कराए गए उपस्थिति पर्ची जमा करने के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। कहा गया है कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित बहस करने वाले वकील, अपने एओआर या पीठ द्वारा नामित नोडल वकील के माध्यम से, सुनवाई की तारीख से कम से कम तीन दिन पहले दूसरे पक्ष को एक प्रति देने के बाद संक्षिप्त नोट या लिखित प्रस्तुति दाखिल करेंगे, जो पांच पृष्ठ से अधिक का नहीं होगा।

# चकमा की हत्या की धीमी जांच पर त्रिपुरा सरकार में नाराजगी

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने देहरादून में नस्लीय हिंसा के शिकार हुए एंजेल चकमा के परिवार को एकमुश्त पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि चकमा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस बीच त्रिपुरा सरकार में भाजपा की सहयोगी पार्टी टिपरा मोथी ने मामले की जांच में धीमी प्रगति पर नाराजगी भी जताई है।

त्रिपुरा सरकार में भाजपा की सहयोगी टिपरा मोथा के संस्थापक प्रद्योत किशोर देबबर्मन ने एंजेल की हत्या में शामिल भगोड़े को पकड़वाने में मदद करने वाले सूचना देने वालों को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। उत्तराखंड सरकार की ओर से भगोड़े की गिरफ्तारी के लिए 25,000 रुपये के इनाम की खबरों पर देबबर्मन ने जांच की गंभीरता पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, क्या एंजेल की जान की कीमत यही है। उन्होंने अधिकारियों से आदिवासी समुदायों के खिलाफ अपराधों को कमतर आंकने से बचने की अपील की।

- भाजपा की सहयोगी पार्टी टिपरा मोथा ने लगाया अपराध को कमतर आंकने का आरोप
- चकमा के परिवार को त्रिपुरा सरकार की ओर से पांच लाख रुपये देने की घोषणा

एमबीए के 24 वर्षीय छात्र एंजेल और उनके छोटे भाई माइकल पर 9 दिसंबर को उत्तराखंड में देहरादून के सेलाकुई इलाके में कुछ लोगों ने चाकू से हमला किया था। एंजेल की उपचार के दौरान 26 दिसंबर को मौत हो गई, जबकि माइकल का इलाज चल रहा है। त्रिपुरा में छात्र संगठनों ने एंजेल और उनके भाई पर हुए नस्लीय हमले के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखा है, जबकि उत्तराखंड पुलिस ने हमले में नस्लीय मकसद होने से इन्कार किया है।

# चुनावी लाभ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं ममता बनर्जी : अमित शाह

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गई है। कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग घुसपैठ को लेकर चिंतित हैं और भाजपा 2026 में राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में आने के बाद इसे समाप्त करेगी।

शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालना मुख्य एजेंडा होगा। शाह ने घोषणा की कि बंगाल में घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इंसान छोड़ दीजिए, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, इस प्रकार की मजबूत ग्रिड की रचना हम करेंगे। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण केंद्र सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने के लिए बीएसएफ को दोषी ठहराती हैं। मैं उनसे इस सार्वजनिक मंच से कह रहा हूं कि बांग्लादेश से सटे राज्यों में केवल यही राज्य सरकार है, जो सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराती।



- केंद्रीय गृहमंत्री ने तृणमूल प्रमुख पर बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने का लगाया आरोप

शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह जवाब देना होगा कि भाजपा शासित असम, त्रिपुरा या देश के पश्चिमी राज्यों जैसे राजस्थान और गुजरात के अलावा पंजाब और कश्मीर की तुलना में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की समस्या अधिक गंभीर क्यों है। उन्होंने कहा, ऐसा सिर्फ बंगाल में ही क्यों होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां आपकी सीधी निगरानी में घुसपैठ होती है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य की जनसांख्यिकी में धीरे-धीरे लेकिन लगातार बदलाव होता है, जिससे आपका वोट बैंक मजबूत होता है।

## कांग्रेस का आयोग पर एसआईआर पर यूटर्न का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर एसआईआर को लेकर बार-बार यूटर्न लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग को स्पष्ट करना चाहिए कि वह किस प्रक्रिया का पालन तथा किस एप का उपयोग कर रहा है।

पार्टी के लोकसभा सदस्य शशिकांत सेंथिल ने यह दावा भी किया कि आयोग ने बिहार में एसआईआर के दौरान डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग बंद किया, लेकिन 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में फिर से शुरू कर दिया है। सेंथिल ने कहा, पहले डुप्लीकेट मतदाता की पहचान और उन्हें चिह्नित करने के लिए 'डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर' का उपयोग किया जाता था। यदि कोई एक से अधिक बूथ या जिले में पंजीकृत पाया जाता है तो सॉफ्टवेयर इसे चिह्नित करता है, जिसके बाद बीएलओ निवास की जांच करने के लिए जमीनी सत्यापन करता है।

## पांच महीने बाद भी धनखड़ को सरकारी आवास नहीं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के पांच महीने बाद भी जगदीप धनखड़ को सरकारी आवास नहीं मिला है। अगस्त में धनखड़ ने केंद्र सरकार को सरकारी आवास के लिए एक पत्र भी लिखा था लेकिन उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला।

धनखड़ ने इस वर्ष संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके कुछ हफ्तों बाद सितंबर में उन्होंने अपने आधिकारिक आवास 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' को खाली कर दिया था और दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में एक निजी फार्महाउस में चले गए थे। धनखड़ ने 22 अगस्त को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर पूर्व उपराष्ट्रपतियों को प्राप्त होने वाले आधिकारिक आवास का अनुरोध किया था। धनखड़ के करीबी एक व्यक्ति ने कहा, इसके बाद भी अभी तक उन्हें वह आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके वह हकदार हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते धनखड़ लगभग दो लाख रुपये प्रति माह की पेंशन, टाइप-8 बंगला, एक निजी सचिव, एक अतिरिक्त निजी सचिव, एक निजी सहायक, एक चिकित्सक, एक नर्सिंग अधिकारी और चार निजी परिचारकों के हकदार हैं।

- अगस्त में आवास मंत्रालय को लिखे पत्र भी कोई कार्रवाई नहीं



## तृणमूल का जवाब, चुनाव में 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी भाजपा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के दो-तिहाई बहुमत हासिल किए जाने का उनका दावा हवा-हवाई है।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रत्य बसु ने कहा कि चुनाव में भाजपा 50 सीट का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकेगी और उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा। तृणमूल की वरिष्ठ नेता और मंत्री शशि पांजा ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शाह की टिप्पणियों के जवाब में कहा, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को आपकी पार्टी के कार्यकर्ता माला पहनाते हैं। आपकी पार्टी कुलदीप सेंगर और बृज भूषण को संरक्षण देती है जिन पर अत्याचार करने के आरोप लगे हैं। शाह को महिलाओं की सुरक्षा पर उपदेश नहीं देना चाहिए। पांजा ने शाह और भाजपा पर उस अपराजिता विधेयक को पारित होने में बाधा डालने का आरोप लगाया जिससे बलात्कारियों को दोषी पाए जाने के बाद नजीर बनने वाली सजा सुनिश्चित हो पाती।

- कुलदीप सेंगर और बृजभूषण सिंह को संरक्षण देने वाले महिला सुरक्षा पर उपदेश न दें

# जिया के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध रहे जटिल और तनावपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

**● बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका**

भारत के दो पूर्व राजनयिकों ने कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का राजनीतिक उत्थान, उथल-पुथल भरे सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की पुनः स्थापना के प्रति देश की दृढ़ता का प्रतीक था और साथ ही उन्होंने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को भी मजबूती दी, जो उनके पति की मृत्यु के बाद पूरी तरह बिखरने के गंभीर खतरे का सामना कर रही थी।

उन्होंने यह भी कहा कि खालिदा जिया के कार्यकाल के दौरान भारत-बांग्लादेश संबंध जटिल और अक्सर तनावपूर्ण रहे, जिसका कारण पूर्वोत्तर भारत में उग्रवादियों को कथित समर्थन और उन्हें बांग्लादेश में पनाह मिलना बताया गया। हालांकि सैन्य शासन के पश्चात उनकी देश में लोकतंत्र बहाली में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीणा सिकरी ने कहा कि जिया के दूसरे कार्यकाल (2001-2006) के दौरान पाकिस्तान का प्रभाव काफी अधिक था और यह भारत के लिए बेहद कठिन समय था। पूर्व राजनयिक वेणु राजामोनी ने कहा कि जिया के शासन में भारत-बांग्लादेश संबंध जटिल और अक्सर तनावपूर्ण रहे।

## पति की कब्र के बगल में होंगी सुपुर्द-ए-ख़ाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा और उन्हें उनके पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के बगल में दफन किया जाएगा। अंतरिम सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की लंबे समय तक प्रमुख रहीं और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकीं जिया का सुबह ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने बताया कि जिया का अंतिम संस्कार बुधवार को जोहर की नमाज के बाद संसद के साउथ प्लाजा और उससे सटे मानिक मियां एवेन्यू में होगा।

## आधुनिक अस्त्र शस्त्रों से लैस होगी सेना

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी तीनों सेनाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए सेनाओं को नए और अत्याधुनिक हथियारों और युद्ध में सहायक उपकरणों से लैस किया जा रहा है जो नई युद्ध प्रणाली में कारगर साबित होंगी। हाल ही में सरकार ने 79 अरब रुपये के सैन्य साजो सामान की खरीद को मंजूरी दी है। जिसके तहत तोपखाना रेजिमेंट की क्षमता में इजाफा करने के लिए घातक ड्रोन, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले वायुयानों और ड्रोन का पता लगाने के लिए लो लेवल रडार, रॉकेट लांचर, लंबी दूरी तक मार करने वाले गाइडेड रॉकेट और लंबी दूरी तक मार करने वाली एंटी ड्रोन प्रणाली मार्क-2 शामिल है। इनसे न केवल सेना को मजूबती मिलेगी वरन वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक ताकत में भी इजाफा होगा।

# बढ़ेगी देश की ताकत



### बड़े हथियार और रणनीतिक प्रणालियां

● रक्षा मंत्रालय ने जिन हथियार और प्रणालियों की खरीद के प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है। उसमें विशेष रूप से लॉइटर म्यूनिशन, लंबी दूरी के रॉकेट, उन्नत राडार और ड्रोन इंटरसेप्शन सिस्टम शामिल हैं, जिससे भारतीय सेना की युद्ध-क्षमता काफी मजबूत होगी। सेना के लिए क्लोज-क्वार्टर बैटल कार्बाइन जैसे आधुनिक छोटे हथियारों की खरीद भी तय हुई है, जो नजदीकी युद्ध और शहरी मुकाबलों में सैनिकों की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाएंगे। नौसेना के लिए हैवी-वेट टॉरपीडो की खरीद से समुद्री लड़ाकू क्षमता में इज़ाफा होगा। इसके पूर्व भी सेना के लिए खरीद सौदों को मंजूरी दी गई थी।

### कम ऊंचाई के वॉर में बढ़ेगी क्षमता

● **लो लेवल रडार** : ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना का ध्यान जहां कम ऊंचाई वाले हवाई युद्ध में क्षमता बढ़ाने पर है। लो लेवल रडार कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, यूएवी की पहचान कर सकेंगे और उन्हें खतरे से पहले नष्ट किया जा सकेगा।

**लांग रेंज गाइडेट रॉकेट** : लांग रेंज गाइडेड रॉकेट सामान्य रॉकेटों की तुलना में अचूक निशाना लगाने में सक्षम होगा।

**एंटी ड्रोन प्रणाली मार्क-2** : रेंज ज्यादा होने से यह युद्ध क्षेत्र और भीतरी इलाकों में रक्षा करने में सक्षम होगी। इससे दूर से ही दुश्मन को मार गिराया जा सकता है।

**ऑटो टेक ऑफ प्रणाली** : वायुसेना को स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग रिकार्डिंग प्रणाली मुहैया कराई जाएगी जिससे हवाई सुरक्षा की कमियां दूर होंगी।

### महत्वपूर्ण भूमिका

● 2025 में सेना के कई सफल ऑपरेशन्स में इन नई प्रणालियों की भूमिका रही है, और इससे सेना की समग्र तैयारी और आत्म-निर्भरता में वृद्धि हुई है। आधुनिक युद्ध अब सिर्फ़ सैनिक ताकत नहीं, बल्कि तकनीक और प्रणाली की ताकत है। मॉडर्न हथियार और सिस्टम से सेनाओं की वास्तविक सैन्य सक्षमता बढ़ेगी, खासकर सीमा पर चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मुकाबले में।

### समुद्र में भी मजबूत

● नौसेना को भी मानव रहित निगरानी ड्रोन के अलावा अन्य संशाधनों से लैस किया जा रहा है। नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों को बंदरगाह पर सुरक्षित लाने और ले जाने के लिए बोलार्ड पुल टग्स दिए जाएंगे। गुप्त संचार के लिए हाई फ्रिक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक से लैस किया जाएगा। यह पीठ पर लादा जा सकने वाली संचार प्रणाली है जिसे आसानी से हैक नहीं किया जा सकेगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुतिन ने मुर्मू, मोदी को दी नववर्ष की बधाई

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित विश्व के नेताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। क्रेमलिन कहा कि क्रिसमस और नव वर्ष 2026" के लिए ये शुभकामनाएं दी गईं। पुतिन ने चीन और स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल देशों के नेताओं को शुभकामनाएं दीं, लेकिन उन प्रमुख यूरोपीय देशों को नजरअंदाज किया, जो वर्तमान में यूक्रेन युद्ध के कारण मॉस्को के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि, पुतिन ने नाटो और यूरोपीय संघ के मित्र सदस्य देशों हंगरी और स्लोवाकिया के नेताओं को भी शुभकामनाएं दीं।

### चीन कर रहा ताइवान पर हमले की तैयारी

**ताइपे।** अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है। रोजर ने कहा कि ये अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट चीनी पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### कंबोडिया की सीमा पर ड्रोन उड़ान पर प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने खासकर थाईलैंड से लगे अपने सीमावर्ती इलाकों में सोमवार की रात से बिना इजाजत के ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कम्बोडिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, राजधानियों और प्रांतों में विशेष रूप से कोह कोंग, पुरसात, बट्टमबांग, बंतेय मीनचे, ओडार मीनचे, प्रेह विहार और पायलिन के सीमावर्ती प्रांतों में बिना अनुमति के सभी प्रकार के मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोन) के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाता है।

### मीरा स्याल नव वर्ष की सम्मान सूची में शामिल

**लंदन।** प्रसिद्ध ब्रिटिश-भारतीय कलाकार मीरा स्याल मंगलवार को जारी उन ब्रिटिश-भारतीयों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नव वर्ष पर सम्मानित किया है। स्याल को डेमहुड की उपाधि से नवाजा गया है। लंदन में रहने वाली हास्य कलाकार, लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्माता को साहित्य, नाटक और परोपकार सेवाओं के लिए डेम मीरा की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

# परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर ईरान पर हमला करेगा अमेरिका

## ट्रंप ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान दी चेतावनी

**● हमास को भी जल्द हथियार छोड़ने के लिए चेताया**

पाम बीच (फ्लोरिडा), एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि उसने अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोशिश की तो अमेरिका उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने यह चेतावनी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का अपने फ्लोरिडा स्थित आवास पर स्वागत के दौरान दी। नेतन्याहू गाजा सहित अन्य मुद्दों पर व्यापक बातचीत के लिए फ्लोरिडा पहुंचे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी ऐसे समय में दी है जब वे लगातार यह दावा करते रहे हैं कि जून में ईरान के प्रमुख परमाणु संवर्धन स्थलों पर अमेरिकी हमलों से तेहरान की परमाणु क्षमताएं पूरी तरह से खत्म हो गई हैं। हालांकि, इजराइली अधिकारियों के हवाले से स्थानीय मीडिया में ऐसी रिपोर्ट हैं कि ईरान इजराइल पर हमला करने में सक्षम लंबी दूरी की मिसाइलें फिर से तैयार कर सकता है। नेतन्याहू के मार-ए-लागो एस्टेट पहुंचने के तुरंत बाद ट्रंप ने कहा कि अब मैं सुन रहा हूं कि ईरान फिर से निर्माण करने की कोशिश कर रहा है और अगर वे ऐसा कर रहे हैं तो हमें उन्हें कुचलना पड़ेगा। हम उन्हें कुचल देंगे। ईरान का कहना है कि वह देश में किसी भी स्थल पर अब यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है। वह पश्चिमी देशों को यह संकेत देने की कोशिश कर रहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर संभावित बातचीत के लिए तैयार है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि नेतन्याहू तेहरान के खिलाफ फिर से संभावित सैन्य कार्रवाई पर ट्रंप के साथ चर्चा करेंगे। नेतन्याहू की यह यात्रा गाजा के लिहाज से भी अहम है। ट्रंप अमेरिका की मध्यस्थता में इजराइल-हमास संघर्षविराम समझौता कराने की दिशा में नई गति पैदा करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि वह वार्ता के दूसरे चरण तक जल्द से जल्द पहुंचना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने साथ ही कहा कि लेकिन हमास को निरस्त्र करना होगा।



फ्लोरिडा में मार-ए-लागो क्लब में दोपहर के भोजन के दौरान मुलाकात करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

### ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान ने कहा, हमले की स्थिति में कड़ा जवाब देंगे

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने मंगलवार को कहा कि किसी भी हमले की स्थिति में उनका देश कड़ा जवाब देगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के जवाब में उनका यह बयान आया है। पेजेशकियान ने एक्स पर पोस्ट किया कि किसी भी क्रूर आक्रमण पर इस्लामिक गणराज्य ईरान का जवाब कठोर और हतोत्साहित करने वाला होगा। ईरानी राष्ट्रपति ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया, लेकिन उनका यह वक्तव्य ट्रंप के बयान के बाद आया है। ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने की कोशिश करता है, तो अमेरिका सैन्य हमले कर सकता है। ट्रंप ने सोमवार को संकेत दिया कि वह ईरान के खिलाफ एक और अमेरिकी हमले का आदेश दे सकते हैं। पेजेशकियान ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच तनाव पहले ही बढ़ चुका है। ईरान का कहना है कि वह यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है।

# सेना को कार्बाइन, नौसेना को मिलेंगे तारपीडो

नई दिल्ली, एजेंसी

**● रक्षा मंत्रालय ने 4666 करोड़ के अनुबंधों पर किए हस्ताक्षर**

रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए क्लोज क्वार्टर बैटल (सी क्यू बी) कार्बाइन और नौसेना के लिए हेवी वेट तारपीडो की खरीद के 4,666 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। सेना और नौसेना के लिए सहायक उपकरणों के साथ लगभग 4 लाख 25 हजार सीक्यूबी कार्बाइन खरीदी जाएंगी और इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2,770 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। सी क्यू बी स्वदेशी, हल्की और कॉम्पैक्ट बंदूक है जिसे खास तौर पर नजदीकी लड़ाई और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत पुरानी हथियार प्रणालियों को अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक में बदलते हुए भारतीय सैनिकों को विश्वस्तरीय मारक क्षमता से लैस करने के असाधारण और सतत प्रयासों की परिणति है। सीक्यूबी आधुनिक पैदल सेना के शस्त्रागार का अहम हिस्सा हैं।

## रूस ने अपने बेड़े में शामिल की नई परमाणु मिसाइल

**मास्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसकी परमाणु सक्षम ओरेश्निक मिसाइल प्रणाली सक्रिय सेवा में शामिल हो गयी है। रूस-यूक्रन युद्ध को लेकर शांतिवार्ता में शामिल वार्ताकारों की लड़ाई को खत्म करने को लेकर की जा रही कोशिशों के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है।

मंत्रालय ने बताया कि ये मिसाइलें पड़ोसी देश बेलारूस में तैनात की गयी हैं जहां सैनिकों ने इस अवसर पर एक संक्षिप्त समारोह आयोजित किया । हालांकि मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितनी मिसाइलें तैनात की गई हैं । उसने कोई अन्य विवरण भी नहीं दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिसंबर के आरंभ में कहा था कि ओरेश्निक इस महीने युद्धक सेवा में शामिल हो जाएगी।

# सऊदी अरब ने यमन पर की बमबारी, बढ़ा तनाव

दुबई, एजेंसी

**● यूएई से अलगाववादियों के लिए लाए हथियारों पर साधा निशाना**

सऊदी अरब ने यमन के बंदरगाह शहर मुकाला पर एक अलगाववादी संगठन के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आई हथियारों की खेप को निशाना बनाकर बमबारी की। संयुक्त अरब अमीरात ने इन हमलों की तत्काल पुष्टि नहीं की। यह हमला सऊदी अरब और यूएई समर्थित 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' (एसटीसी) के बीच तनाव और बढ़ने का संकेत देता है। इससे रियाद और अबू धाबी के रिश्तों में भी तनाव बढ़ने का संकेत मिलता है।

यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक दशक से जारी युद्ध में दोनों देश अलग-अलग पक्षों का समर्थन करते रहे हैं। सऊदी अरब द्वारा किए गए हवाई हमलों के बाद यमन में हूती-विरोधी बलों ने मंगलवार को आपातकाल की घोषणा कर दी।

इन बलों ने अपने नियंत्रण वाले इलाकों में सभी सीमा चौकियों को 72 घंटे के लिए बंद करने की घोषणा की। साथ ही, हवाई अड्डों और बंदरगाहों में प्रवेश पर भी रोक लगा दी है। केवल उन लोगों पर प्रतिबंध नहीं है जिन्हें सऊदी अरब ने अनुमति दी है। बाद में, सऊदी अरब ने यूएई को चेतावनी दी कि यमन में अलगाववादियों की गतिविधियों को उसके द्वारा दिया जा रहा समर्थन बेहद खतरनाक है। सऊदी विदेश मंत्रालय के इस बयान में यूएई को एसटीसी की हालिया गतिविधियों से सीधे तौर पर जोड़ा गया। यह बयान अलगाववादियों के कदमों को लेकर अबू धाबी के लिए चेतावनी है।

## बांग्लादेश ने भारत से अपने उच्चायुक्त को ढाका बुलाया

**ढाका।** भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह विदेश मंत्रालय के आपात बुलावे पर सोमवार रात ढाका पहुंचे जहां मंगलवार को अंतरिम सरकार के दो वरिष्ठ सलाहकारों ने उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) खलीलुर रहमान ने विदेश कार्यालय में रियाज के साथ बैठक की। अधिकारियों ने चर्चा के विषयों पर जानकारी नहीं दी।

# युवा पीढ़ी को भारत की जड़ों और विरासत से जोड़ रहा संघ

नागपुर, एजेंसी

**● इजराइली राजनयिक ने की संगठन के कार्यों की प्रशंसा**

मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच ने युवा पीढ़ी को उनकी जड़ों, विरासत और भारत के इतिहास से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंगलवार को प्रशंसा की और कहा कि संगठन द्वारा संचालित गतिविधियां बहुत प्रभावशाली हैं।

रेवाच ने यह भी कहा कि आतंकवाद से लड़ने में भारत और इजराइल रणनीतिक सहयोगी हैं। इजराइली महावाणिज्यदूत ने नागपुर हवाई अड्डे पर कहा कि मेरे लिए आरएसएस का दौरा करना और यहां उनके द्वारा आयोजित गतिविधियों को देखना महत्वपूर्ण था। ये गतिविधियां बहुत प्रभावशाली हैं क्योंकि वे युवा पीढ़ी के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें भारत की जड़ों, विरासत और इतिहास से जोड़ रहे हैं।

उन्होंने एक दिन पहले रेशिमबाग क्षेत्र स्थित स्मृति मंदिर परिसर का दौरा किया था, जहां आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का स्मारक है।

## साहित्य महोत्सव में शामिल होंगी सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली।** नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 22 जनवरी से शुरू होने वाले नौवें केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) में भाग लेने वाली हैं। उम्मीद है कि अंतरिक्ष में 300 से अधिक दिन बिता चुकीं 60 वर्षीय विलियम्स पृथ्वी से दूर अपनी यात्रा, विज्ञान, अन्वेषण, नेतृत्व और मानवीय जिज्ञासा की स्थायी शक्ति के बारे में बात करेंगी। केएलएफ के मुख्य सूत्रधार रवि डीसी ने कहा कि केरल साहित्य महोत्सव हमेशा से ही विज्ञान को महत्व देता आया है।

# हेलीकॉप्टर ध्रुव एनजी को दिखाई हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

**● नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया देश के लिए अहम उपलब्धि**

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित अगली पीढ़ी के हेलीकॉप्टर ध्रुव एनजी को हरी झंडी दिखाकर पहली उड़ान के लिए रवाना किया। यहां उड़ान भरने से पहले केंद्रीय मंत्री ने हेलीकॉप्टर की उन्नत प्रणालियों और विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए पायलट के साथ कॉकपिट में प्रवेश किया।

ध्रुव एनजी महज 5.5 टन का एक हल्का, दो इंजन वाला और बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर है, जिसे भारतीय भूभाग की विविध और चुनौतीपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हेलीकॉप्टर भारतीय विमानन इतिहास में एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एचएएल के सभी कर्मचारियों, डिजाइनरों और इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों तक को बधाई दी।




नायडू ने कहा कि नागरिक विमानन मंत्री के रूप में यह मेरे लिए विशेष रूप से गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह विकास स्वदेशी एयरोस्पेस विनिर्माण में भारत के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ध्रुव-एनजी महज एक मशीन नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के प्रति भारत की क्षमता, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने स्वदेशी शक्ति इंजन के लिए डीजीसीए द्वारा टाइप सर्टिफिकेट देने को नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए अहम बताया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 1 जनवरी 01.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शिशिर।
**चन्द्रबल**-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-कृत्तिका 1 जनवरी 01.29 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज किसी पुरानी समस्या का समाधान मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन पर आपको काफी ध्यान देना चाहिए। परिवार के सदस्यों की चिंता रहेगी। आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष** – आज धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए दिन काफी शुभ है। किसी बड़े कार्य को लेकर धन की समस्या हल हो सकती है। बच्चों को बड़ी सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** – आज लंबी दूरी की यात्रा न करें। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकारी प्रवृत्ति के लोगों को आलोचना झेलनी पड़ सकती है। रक्तचाप और गठिया रोगियों को परेशानी होने की संभावना है।

**कर्क** – आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें अचानक आपके सामने उभरकर आएंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह** – आज अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे।

**कन्या** – आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखे हुए हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करें।

**तुला** – आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। विद्वान लोगों की संगति आपके लिए लाभकारी होगी।

**धनु** – आज नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन बेहद शुभ है। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में स्थापित होगी।

**मकर** – आज आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपकी कोई बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता के कारण बात बिगड़ सकती है।

**मीन** – आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |






हाईलाइट

### खालिदा जिया के निधन के बाद बीपीएल के मैच स्थगित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के बाद मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए हैं। दोनों मैच अब बुधवार को खेले जाएंगे। बीपीएल के मैच स्थगित करने का फैसला सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सिलहट टाइटन्स और चटगांव रॉयल्स के बीच दिन के पहले मैच के टॉस से दो घंटे पहले लिया गया। बीसीबी ने एक्स पर कहा कि बीपीएल 2026 बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के लिए राष्ट्रीय शोक की अवधि के दौरान सम्मान में एकजुट है। 30 दिसंबर 2025 को होने वाले मैच 31 दिसंबर 2025 को खेले जाएंगे।

### पूरा वेतन न मिलने पर प्रो लीग का बहिष्कार करेंगे पाक खिलाड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय पुरुष टीम के दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

### पीसीबी ने मुख्य कोच महमूद से नाता तोड़ा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले हटा दिया गया है। पाकिस्तान अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है। अजहर का बोर्ड के साथ दो साल का अनुबंध था। उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप होगी नीलाम

**सिडनी।** महान बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी होगी। ब्रैडमैन ने भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह स्वतंत्र भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) के अनुसार यह कैप 75 वर्षों से अधिक समय से एक ही परिवार के पास है। लॉयड्स ऑक्शंस के ली हेम्स ने कहा कि यह क्रिकेट इतिहास की वास्तविक वस्तु है जिसे सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने उपहार में दिया था।

# भारतीय महिलाओं ने किया क्लीन स्वीप

## श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में भी श्रीलंका 15 रनों से परास्त

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के जुझारू अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पांचवें और अंतिम महिला टी-20 मैच में मंगलवार को श्रीलंका को 15 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में स्वदेश में पहली और तीसरी बार 5-0 से किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है। श्रीलंका को पहली बार इस अंतर से हार मिली है।

भारत के 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की हसिनी परेरा (65 रन, 42 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का) और इमेशा दुलानी (50 रन, 39 गेंद, 8 चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट की 79 रन की साझेदारी के बावजूद 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी और अमनजोत कौर ने एक-एक विकेट लिए। हरमनप्रीत ने 43 गेंद में 9 चौकों और 1 छक्के से 68 रन की पारी खेलने के अलावा अमनजोत (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को 7 विकेट पर 175 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति ने अंत में 11 गेंद में 4 चौकों और 1 छक्के से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की कविशा दिलहारी, कप्तान चामरी अटापट्टू और रश्मिका सेवांडी ने दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही कप्तान चामरी (02) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने अरुंधति की गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच थमाया। हसिनी और इमेशा ने पावर प्ले में टीम का स्कोर 1 विकेट पर 48 रनों तक पहुंचाया। इमेशा ने दीप्ति पर लगातार दो चौकों के अलावा अरुंधति और स्नेह की गेंद को भी बाउंड्री भेजा। इमेशा और हसिनी ने पावर प्ले के बाद स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी। दोनों ने खराब गेंदों को सबक सिखाने में भी कोताही नहीं बरती। इमेशा ने वैष्णवी पर लगातार दो चौकों और फिर 1 रन के साथ 38 गेंद में अपना पहला टी-20 अर्धशतक पूरा किया।

हरमनप्रीत ने इसके बाद गेंद अमनजोत को थमाई जिन्होंने पहली ही गेंद पर इमेशा को शेफाली के हाथों कैच कराके भारत को सफलता दिलाई। श्रीलंका के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ, लेकिन इसी ओवर में दीप्ति ने निलाक्षिका सिल्वा को पगबाधा किया। वैष्णवी ने अगले ओवर में कविशा दिलहारी को बोल्ड करके श्रीलंका को चौथा झटका दिया। श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 64 रन की दरकार थी। हसिनी ने अमनजोत की गेंद पर एक रन के साथ अपने 89वें मैच में पहला अर्धशतक पूरा किया। हसिनी ने श्री चरणी की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा, लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गईं। श्रीलंका ने विकेटकीपर बल्लेबाज कौशिनी नुथ्यानग्ना और हर्षिता समरविक्रम के विकेट लगातार गेंद पर गंवाए। टीम को अंतिम दो ओवर में 34 रन की जरूरत थी जो उसके लिए पहाड़ जैसा लक्ष्य साबित हुआ। इससे पहले चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद भारत ने फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा का विकेट दूसरे ओवर में गंवा दिया, जिनका लॉन्ग ऑन पर इमेशा ने कैच लपका। पदार्पण कर रही सलामी बल्लेबाज जी कमालिनी और हरलीन देओल ने माल्की मदारा और निमाशा मीपागे पर चौके जड़े। कविशा ने कमालिनी को पगबाधा करके भारत को दूसरा झटका दिया। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए। रश्मिका ने हरलीन को बोल्ड किया।

हरमनप्रीत ने इनोका रणवीरा पर तीन चौकों के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया, लेकिन ऋचा घोष चामरी की गेंद पर विकेटकीपर कौशिनी नुथ्यानग्ना को कैच दे बैठीं। चामरी ने दीप्ति शर्मा को निमाशा के हाथों कैच कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। हरमनप्रीत ने चामरी के ओवर में अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रन पार पहुंचाया। हरमनप्रीत ने इनोका की गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा। अमनजोत ने रश्मिका पर छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर कविशा को कैच दे बैठीं। कविशा ने अगले ओवर में हरमनप्रीत को बोल्ड करके भारत को बड़ा झटका दिया। अरुंधति ने अंतिम ओवर में मदारा की लगातार गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के के साथ टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया।


मैच के दौरान साथी खिलाड़ियों के साथ भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

**भारत**

**175/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली का दुलानी बो निमाशा | 05 |
| जी कमालिनी पगबाधा को कविशा | 12 |
| हरलीन देओल बो रश्मिका | 13 |
| हरमनप्रीत कौर बो दिलहारी | 68 |
| ऋचा घोष का कौशिनी बो चामरी | 05 |
| दीप्ति शर्मा का निमाशा बो चामरी | 07 |
| अमनजोत का दिलहारी बो रश्मिका | 21 |
| अरुंधति रेड्डी नाबाद | 27 |
| स्नेह राणा नाबाद | 08 |

**गेंदबाजी :** मदारा 4-0-37-0, निमाशा 3-0-25-1, कविशा 2-0-11-2, इनोका 4-0-39-0, रश्मिका 4-0-42-2, चामरी 3-0-21-2

**श्रीलंका**

**160/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| हसिनी परेरा बो चरणी | 65 |
| अटापट्टू का दीप्ति बो अरुंधति | 02 |
| इमेशा का शेफाली बो अमनजोत | 50 |
| निलाक्षिका पगबाधा बो दीप्ति | 03 |
| कविशा दिलहारी बो वैष्णवी | 05 |
| समरविक्रम का हरलीन बो स्नेह | 08 |
| कौशिनी नुथ्यानग्ना रन आउट | 01 |
| रश्मिका सेवांडी नाबाद | 14 |
| माल्की मदारा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** दीप्ति 4-0-28-1, अरुंधति 2-0-16-1, स्नेह 4-0-31-1, वैष्णवी 4-0-33-1, चरणी 4-0-31-1, अमनजोत 2-0-17-1

आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग

# शेफाली-रेणुका ऊपर दीप्ति नंबर 1 पर कायम

दुबई, एजेंसी

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए।

चौथे टी-20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं। अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंची हैं। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढकर 52वें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है। श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### क्रिकेट में आपको ज़ीरो से शुरू करना होता है : स्मृति मंधाना

**त्रिवेंद्रम।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में हर पारी शुरू से शुरू होती है और पिछला प्रदर्शन भविष्य में सफलता की गारंटी नहीं देता, उन्होंने सभी फ़ॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया। बीसीसीआई के शेयर किए वीडियो में मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में आपको जीरो से शुरू करना होता है। स्कोरबोर्ड हमेशा जीरो पर होता है। यह कभी नहीं होता जो आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज में किया हो। अलग-अलग फ़ॉर्मेट में उम्मीदें अलग होती हैं, टी-20 में वनडे और टेस्ट की तुलना में अलग मानसिक नजरिए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टी20 थोड़ा इस तरह का है जहां आप आउट होने के बाद खुद पर बहुत ज्यादा सख़्त नहीं हो सकते क्योंकि आप ऐसी रफ़्तार से खेल रहे होते हैं जहां कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह कामयाब होगा और कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह नहीं होगा। मैं वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को लेकर खुद पर बहुत सख़्त हूं, क्योंकि आपके पास बहुत समय होता है। अगर आप वहां आउट होते हैं, तो यह मेरे लिए पाप जैसा लगता है। जहां कुछ खास दिनों में काबिलियत से मैच जिताए जा सकते हैं, वहीं खिलाड़ियों को बिना सोचे नाकामियों को स्वीकार करना चाहिए।



# विश्व ब्लिट्ज शतरंज : अर्जुन से हार के बाद कार्लसन ने आपा खोया

दोहा, एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना के कौशल का नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त ली। एरिगैसी ने अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी मात देकर तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

एरिगैसी ने कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हराया। एरिगैसी के पास नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था। विश्व ब्लिट्ज 2024 के सह-चैंपियन कार्लसन और इयान नेपोम्नियाची के संभावित 13 में से नौ अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मंगलवार को छह और राउंड खेले जाएंगे, जिसके बाद फाइनल होगा।

### कार्लसन ने गुस्से में मेज पर मारा मुक्का



कार्लसन अपना गुस्सा नहीं छिपा सके और उन्होंने मेज पर मुक्का मारकर उसे बुरी तरह हिला दिया। कार्लसन ने इसी साल नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में डी गुकेश से हारने के बाद मेज पर इसी तरह हाथ पटका था। शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों से ठीक पीछे छह खिलाड़ी हैं जिनके समान 9 .5 अंक हैं।

### महिला वर्ग में हंपी नहीं दोहरा सकीं प्रदर्शन

महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हंपी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं और 10 राउंड के बाद संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसक गईं। उनका दिन पांच अंकों के साथ समाप्त हुआ, जहां उनके साथ चीन की ग्रैंडमास्टर टैन झोंगयी भी हैं। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर हैं जबकि ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली के समान 5 .5 अंक हैं। महिला वर्ग में पांच और राउंड होंगे, जिनमें से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे और उसके बाद फाइनल होगा।

सलाह

अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता वाले कार्यबल ने 170 पन्नों की रिपोर्ट खेल मंत्री को सौंपी

# कार्यबल ने बताईं कमियां, मांडविया बोले- करेंगे सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में खेल मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल ने भारत में खेल प्रशासन की कमियों को रेखांकित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों समेत खेलों के विशेष पेशेवर कैडर को ट्रेनिंग देने के लिए एक स्वायत्त वैधानिक ईकाई के गठन की सिफारिश की है। कार्यबल ने 170 पन्नों की रिपोर्ट खेलमंत्री मनसुख मांडविया को सौंप दी है जिन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत के खेल इकोसिस्टम को पेशेवर बनाने के प्रयास के तहत कार्यबल की सभी सिफारिशों को लागू किया जाएगा।

ओलंपिक 2036 तक भारत को शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करने के लक्ष्य के तहत खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय खेल महासंघों और प्रदेश संघों के मौजूदा प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा करने, कमियों को तलाशने और सुधार के उपायों के लिए कार्यबल का गठन किया था। कार्यबल ने खेल शिक्षा और सामर्थ्य निर्माण राष्ट्रीय परिषद (एनसीएसईसीबी) के गठन की अनुशंसा की है जो खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त ईकाई के रूप में काम करेगी और इसके जिम्मे खेल प्रशासन ट्रेनिंग को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने की जिम्मेदारी होगी। नौ सदस्यीय कार्यबल इस साल अगस्त में बनाया गया था, जिसमे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज बिंद्रा के अलावा आदिले सुमरिवाला और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ कमांडर राजेश राजगोपालन भी थे।





कार्यबल ने रिपोर्ट में कहा है कि खेल प्रशासकों में पेशेवर कैडर का अभाव है और संस्थागत निरंतरता भी कमजोर है। ट्रेनिंग के मौके व्यवस्थित और आधुनिक नहीं है, जिसमे निरंतर पेशेवर विकास पर फोकस सीमित है। इसमें कहा गया कि खिलाड़ियों के रिटायर होने के बाद खेल प्रशासन में आने के रास्ते सीमित हैं चूंकि अधिकांश खिलाड़ियों में इसके लिए जरूरी कौशल का अभाव है।

### एनआईएस पटियाला को अकादमी बनाने का सुझाव खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान को खेल प्रशासकों की ट्रेनिंग के लिए अकादमी बनाने के प्रस्ताव को कार्यबल ने खारिज कर दिया है और इसे प्रतिबंधात्मक और अस्थिर बताया। कार्यबल से समीक्षा के लिए कहा गया था कि पटियाला स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल संस्थान को क्या खेल प्रशासकों के सामर्थ्य निर्माण के लिए अकादमी बनाया जा सकता है। एनआईएस पटियाला में मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा देश में कोचिंग डिप्लोमा देने वाला भी यह प्रमुख संस्थान है। कार्यबल ने कहा कि एक राष्ट्रीय अकादमी का सुझाव अच्छा है।

2025

# खेलों में नारी शक्ति ने दिखाया जलवा

भारतीय खेल प्रतिस्पर्धाएं

## डोपिंग और प्रशासनिक समस्याएं बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, 2025 में महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा। निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें अब तक दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का दबदबा रहा था। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं, बल्कि उन्होंने सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम में भी जगह बनाई।

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। दीपिका टीसी के नेतृत्व में इन महिलाओं ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सफलता हासिल की। मुक्केबाजी में पुरुष खिलाड़ियों को साल भर संघर्ष करना पड़ा लेकिन महिला खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर मनोबल बढ़ाया। फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टीम झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई।




### मीराबाई चानू ने दी चुनौतियों को मात



भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका। तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मणिपुर की यह खिलाड़ी भले ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन इसके बावजूद वह इस खेल में भारत की अग्रणी खिलाड़ी बनी हुई हैं। पीठ की लगातार समस्या से जूझने के बावजूद मीराबाई ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। उनका पसंदीदा 49 किलोग्राम वर्ग अब ओलंपिक सूची का हिस्सा नहीं है। ऐसे में यह देखना बाकी है कि वह 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों के लिए किस तरह से तैयारी करती हैं।



### अंतिम पंघाल ने भी दिखाया दम

कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।

### पुरुष क्रिकेट और हॉकी टीम में मची रही गहमागहमी

भारतीय महिला टीम ने जहां वनडे विश्व कप जीता वहीं पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम हालांकि टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई। ऐसा ही कुछ भाला फेंक के धुरंधर नीरज चोपड़ा के साथ भी देखने को मिला। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर के जादुई आंकड़े को पार किया, लेकिन विश्व चैंपियनशिप में वह अप्रत्याशित रूप से आठवें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में परेशानी की शुरुआत इस साल दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के साथ हुई। भले ही देश को शुभमन गिल के रूप में एक नया कप्तान मिल गया हो, फिर भी ये दोनों खिलाड़ी प्रशंसकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण बने रहे। ऐसा तब हो रहा है जबकि रोहित और कोहली दोनों अब केवल वनडे प्रारूप में खेलते हैं। आलोचनाओं से घिरे मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इन दोनों खिलाड़ियों के 2027 विश्व कप में खेलने की संभावनाओं पर सीधे जवाब देने से परहेज किया। पुरुष हॉकी टीम के लिए भी यह साल काफी अच्छा रहा। सीनियर टीम ने एशिया कप जीतकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और जूनियर टीम ने घरेलू धरती पर खेले गए विश्व कप में कांस्य पदक जीता। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई लेकिन इस साल भी खेल प्रशासन प्रमुख चिंता का विषय बना रहा, जैसा कि एआईएफएफ के वाणिज्यिक साझेदार खोजने के संघर्ष से स्पष्ट होता है।